वर्ष-32, अंक- 04, पृष्ठ-16 | कार्तिक कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
17 अक्टूबर 2025

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 14

**एक नजर**

### गुजरात में सीएम को छोड़कर सभी मंत्रियों का इस्तीफा



**अहमदाबाद।** गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाले गुजरात मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार को होगा। वहीं इससे पहले आज राज्य के सभी मंत्रियों ने अपने पदों से इस्तीफा सौंप दिया है। वहीं कैबिनेट विस्तार को लेकर एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने पहले बताया था कि आगामी मंत्रिमंडल विस्तार में राज्य को लगभग 10 नए मंत्री मिल सकते हैं और लगभग आधे मौजूदा मंत्रियों को बदला जा सकता है। भूपेंद्र पटेल ने 12 दिसंबर, 2022 को दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार सुबह 11:30 बजे होगा। वर्तमान गुजरात मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री पटेल समेत कुल 17 मंत्री हैं। इसमें आठ कैबिनेट स्तर के मंत्री हैं, जबकि इतने ही राज्य मंत्री (एमओएस) हैं। बता दें कि, 182 सदस्यीय विधानसभा वाले गुजरात में 27 मंत्री या सदन की कुल संख्या का 15 प्रतिशत मंत्री हो सकते हैं। इस महीने की शुरुआत में, गुजरात सरकार में राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल की जगह भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के नए अध्यक्ष बने।

**इप्सोवा के तीन दिवसीय दिवाली मेला का सीएम ने किया उद्घाटन, कहा-**

# समाज के हर जरूरतमंद को हम अपने साथ खड़ा कर सकें, इसके लिए करना होगा प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि एवं विधायक कल्पना सोरेन विशिष्ट अतिथि के रूप में गुरुवार को इप्सोवा की ओर से जैप-1 मैदान, डोरंडा में आयोजित तीन दिवसीय दिवाली मेला के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित हुए । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इप्सोवा कोई नया नाम नहीं है। यह संस्था एक लंबा सफर तय कर चुका है।इस दौरान इस संस्था द्वारा समाज के मुख्य धारा से अलग- थलग, दबे -कुचले एवं वंचित लोगों को अलग-अलग माध्यमों से सहायता प्रदान की गई और यह सिलसिला निरंतर जारी है। मैं इप्सोवा को उसके सामाजिक सरोकार के लिए बधाई देता हूं। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, एडीजी प्रिया दुबे और इप्सोवा की अध्यक्ष शिखा गुप्ता समेत अन्य सदस्यगण मौजूद थीं।





**एक नए लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रयासरत**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस महकमा इस राज्य के लोगों की -जान माल की सुरक्षा को समर्पित है। इप्सोवा भी एक ऐसी संस्था है, जो पुलिस पदाधिकारियों के परिजनों द्वारा संचालित किया जा रहा है । यह संस्था सामाजिक कार्यों से जुड़ा हुआ है तथा पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करता आ रहा है । इस तरह के मेलों के माध्यम से आप एक नए लक्ष्य की तरफ बढ़ने के लिए प्रयासरत हैं । मुझे पूरी उम्मीद है इप्सोवा के जो भी लक्ष्य है ,वे निश्चित तौर पर हासिल होंगे। इप्सोवा ऐसी संस्था है जो व्यस्त समय के बीच सामाजिक कार्यों का निर्वहन करती आ रही है। इसके सदस्य जरूरतमंदों की मदद के लिए लगातार काम कर रहे हैं । ऐसे में आज जरूरी है कि समाज के हर जरूरतमंद को हम अपने साथ खड़ा कर सकें, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री ने इप्सोवा दिवाली मेला में हिस्सा लेने पहुंचे सभी लोगों को शुभकामनाएं दी।

**रांची में एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की है**

## सिटी डीएसपी का रीडर रिश्वत लेते गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रांची के सिटी डीएसपी के रीडर को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। दहेज उत्पीड़न के एक मामले को लेकर डीएसपी के रीडर के द्वारा 40 हजार रिश्वत की मांग की जा रही थी।

**25 हजार के साथ गिरफ्तार :** एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा जारी किए गए प्रेस रिलीज में बताया गया है कि मिथुन कुमार नाम के एक व्यक्ति ने एंटी करप्शन ब्यूरो को आवेदन के द्वारा यह सूचना दी थी कि रांची के सिटी डीएसपी के रीडर सुनील पासवान के द्वारा दहेज उत्पीड़न के मामले में 40 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा जब मामले की तफ्तीश की गई तो उसमें मामले को सत्य पाया। रीडर के द्वारा आवेदन कर्ता के द्वारा 25 हजार देने की बात पर सहमति बनी। एंटी करप्शन ब्यूरो के इशारे पर जैसे ही आवेदक के द्वारा रीडर को 25 हजार दिए गए उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

**क्या है पूरा मामला :** एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मिथुन कुमार ने अपने लिखित आवेदन में यह बताया था कि उनके बड़े भाई जितेंद्र कुमार जो वनरक्षी हैं उनके विरुद्ध रांची के चुटिया थाना में दहेज प्रतिषेध अधिनियम दर्ज कर उन्हें आरोपी बनाया गया है।इस कांड में आवेदक के बड़े भाई का नाम केस से हटाने और केस को हल्का करने की एवज में रीडर के द्वारा 40 हजार रुपये की मांग की गई। आवेदक रिश्वत देकर किसी भी तरह से कोई काम करवाना नहीं चाहते थे। इसके बाद उन्होंने एंटी करप्शन ब्यूरो से संपर्क किया और फिर ब्यूरो के द्वारा रीडर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

## अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

- **झारखंड से बिहार ले जाने की थी तैयारी, पुलिस ने बाइक व मोबाइल समेत किया जब्त**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हंटरगंज थाना क्षेत्र की पुलिस ने चतरा-डोभी मुख्य पथ स्थित गोसाईडीह चेकपोस्ट के पास बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 किलो 90 ग्राम अवैध अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सूचना के आलोक में उनके मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में वाहन जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोका गया। तलाशी में राजकुमार गंझू के पास से 1.090 किलोग्राम अफीम बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त प्रमेश्वर कुमार (20) और राजकुमार गंझू (24) दोनों लावालौंग थाना क्षेत्र के जिरौन गांव के निवासी हैं।पुलिस ने मौके से दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन और होंडा साइन मोटरसाइकिल (संख्या JH13K-3724) जब्त की है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में हंटरगंज थाना कांड संख्या 178/2025 के अंतर्गत मामला दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया।एसडीपीओ ने बताया कि गिरोह में शामिल अन्य तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी को लेकर अभियान जारी है। जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। कार्रवाई में एसडीपीओ संदीप सुमन, थाना प्रभारी प्रभात कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अजय कुमार महतो और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## राज्य में दीपावली पर रात 8 से 10 बजे तक ही चलेंगे पटाखे

- **छठ और गुरु पर्व पर भी दो घंटे आतिशबाजी की इजाजत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में दीपावली पर रात के आठ से दस बजे तक ही पटाखे चलाए जाएंगे। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सर्वोच्च न्यायालय एवं नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों का हवाला देते हुए दीपावली सहित अन्य त्योहारों में आतिशबाजी और पटाखे चलाने को लेकर विस्तृत गाइडलाइन जारी की है। बोर्ड की ओर से जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, दीपावली के अलावा छठ और गुरु पर्व पर भी सिर्फ दो-दो घंटे पटाखे चलाने की इजाजत दी जाएगी। क्रिसमस और न्यू ईयर पर पटाखे चलाने के लिए मात्र 35 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। छठ के दिन सुबह छह से आठ बजे तक, गुरुपर्व पर रात्रि आठ से दस बजे तक तथा क्रिसमस एवं नववर्ष पर 31 दिसंबर की रात 11 बजकर 55 मिनट से 12.30 बजे तक पटाखों की अनुमति दी जाएगी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि झारखंड के उन शहरों में जहां वायु गुणवत्ता का स्तर अच्छा या संतोषप्रद है, वहां निर्धारित समय पर ही पटाखे चलाए जा सकेंगे। ऐसे शहरों में 125 डेसिबल से कम क्षमता वाले पटाखों की ही बिक्री की जा सकेगी। उच्च ध्वनि वाले या अवैध पटाखों की बिक्री और प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर आईपीसी की धारा 188 और वायु प्रदूषण निवारण नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसे लेकर राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों को भी पत्र लिखा गया है। राज्य के शहरी इलाकों में पटाखों की दुकानें लगाने के लिए शहरों में खुली जगहों पर क्लस्टर बनाए जा रहे हैं। खुदरा विक्रेता उन्हीं क्लस्टरों में दुकान लगा सकें। झारखंड की राजधानी रांची में चार से पांच क्लस्टर बनाए गए हैं। इनके अलावा पटाखा बिक्री के लिए प्रशासन ने कुछ शर्तें भी निर्धारित की हैं। सभी विक्रेताओं को इसका पालन करना होगा। पटाखों की बिक्री के लिए लाइसेंस लेना होगा।



**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

**आज / कल**




## चाईबासा में नक्सलियों ने पेड़ काटकर आवागमन किया बाधित

- **बैनर लगाकर पुलिस को दी चेतावनी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर प्रखंड में नक्सलियों के उत्पात मचाया है। दरअसल, बीती रात चिड़िया सुंदरी माइंस की ओर जाने वाली सड़क के पास नक्सलियों ने पेड़ काटकर सड़क बाधित कर दी, जिससे आवागमन दोनों ओर से प्रभावित हो गया।घटना की पुष्टि एसपी अमित रेणु ने की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पेड़ काटे जाने के बाद नक्सलियों ने सड़क किनारे बैनर और पोस्टर लगाए हैं। पोस्टरों में लिखा है कि 'सादे पोशाक और निहत्थे हमारे कार्यकर्ता और सैनिकों को पकड़कर मारना बंद करो, वरना उसका बदला उसी तर्ज पर पुलिस और अर्द्धसैनिक बल से लेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय जंगल की ओर से चेन सॉस जैसी आवाजे सुनाई दी। जब सुबह लोग रास्ते पर पहुंचे तो देखा कि दोनों ओर रास्ता अवरुद्ध था और नक्सलियों के पोस्टर लगे हुए थे। जिसकी वजह से माइंस क्षेत्र में जाने वाले मजदूरों और वाहनों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। कई ट्रक और कर्मी कोलबोंगा के उस पार ही फंसे रह गए और जिसके कारण खनन कार्य ठप रहा। घटना की सूचना मिलते ही मनोहरपुर थाना पुलिस और सीआरपीएफ की टुकड़ी घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मार्ग पर पड़े पेड़ों को हटाने का कार्य शुरू हो गया है। इसके साथ ही आसपास के गांवों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इधर एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम पोस्टरों की सामग्री और संदिग्धों की पहचान के लिए जांच कर रहे हैं, अफवाहों से बचें, केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें। शेष पेज 15 पर...




## घाटशिला उपचुनावः झामुमो और भाजपा प्रत्याशी आज दाखिल करेंगे नामांकन

- **सीएम समेत कई दिग्गज नेता रहेंगे मौजूद**

**पूर्वी सिंहभूम।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रमुख प्रतिद्वंदी पार्टियां झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने-अपने प्रत्याशी के नाम की विधिवत घोषणा कर दी है। झामुमो से सोमेश चंद्र सोरेन और भाजपा से बाबूलाल सोरेन उम्मीदवार बनाए गए हैं। दोनों शुक्रवार को नामांकल दाखिल करेंगे। बाबूलाल सोरेन वर्ष 2024 में घाटशिला सीट पर अपनी किस्मत आजमाने उतरे थे। पिछले चुनाव में बाबूलाल सोरेन ने भाजपा के वोटों में लगभग 20 हजार का जबरदस्त इजाफा कराया था और लगभग 76 हजार वोट हासिल करने में सफलता हासिल की थी, लेकिन तत्कालीन विधायक झामुमो प्रत्याशी रामदास सोरेन के पक्ष में लगभग 95 हजार वोट पड़े थे। बेहतर प्रदर्शन के बावजूद बाबूलाल सोरेन को हार का मुंह देखना पड़ा था। अब पार्टी ने फिर से बाबूलाल सोरेन पर भरोसा जताया है। बाबूलाल सोरेन दूसरी बार चुनावी अखाड़े में उतरे हैं। जबकि सोमेश चंद्र सोरेन पहली बार चुनाव मैदान में हैं। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन से खाली हुई इस सीट पर हो रहे उपचुनाव

शेष पेज 15 पर...



सोमेश चंद्र सोरेन



बाबूलाल सोरेन

**इंडिया**

## बदहाल बिहार में जाति और रेवड़ी की होड़ के बीच ईमानदारी का ढोल



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

देश की राजनीति को प्रभावित करने वाले बिहार की राजनीति में फिर चुनाव में जातियों के विभाजनकारी गणित दिख रहा है। 25 वर्ष से कम आयु की सबसे युवा आबादी वाले राज्य में जीडीपी अपनी युवा जनसांख्यिकी से काफी नीचे है। 13 करोड़ से ज्यादा भारत की आबादी का लगभग दसवां हिस्सा और भारत की 331 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था में इसका योगदान लगभग 3.2 प्रतिशत या मौजूदा कीमतों पर 10.97 लाख करोड़ रुपये है। 3.80 लाख रुपये सालाना प्रति व्यक्ति आय के साथ कर्नाटक शीर्ष पर है जबकि राष्ट्रीय औसत 2.35 लाख रुपए है और बिहार का मात्र 66,828 रुपए है । बिहार में भी शिवहर, मधुबनी और अररिया जिलों की स्थिति और भी खराब है, जहां प्रति व्यक्ति आय राज्य के औसत का एक-तिहाई है। बिहार की यह स्थिति कई जटिल कारणों से है। राज्य में कराए गए जाति सर्वेक्षण के अनुसार, मुश्किल से 15 फीसदी लोगों ने दसवीं उत्तीर्ण की है और मात्र छह फीसदी लोग ही स्नातक हैं। स्कूलों तक पहुंच पर संसदीय रिकॉर्ड में इसका एक कारण स्पष्ट है। बिहार के एक-तिहाई गांवों में प्राथमिक विद्यालय नहीं हैं, 40 फीसदी गांवों में उच्च प्राथमिक विद्यालय नहीं हैं, मात्र 8.5 फीसदी गांवों में माध्यमिक स्कूल हैं और मात्र पांच फीसदी गांवों में उच्च माध्यमिक स्कूल हैं। विकास के मामले में नीति आयोग ने बिहार को राज्यों में 28वें स्थान पर रखा है और पांच वर्षों में उसे मात्र 255 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है।बिहार के आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक, मात्र 6.7 % श्रमिक सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में कार्यरत हैं। धूल-गर्मी, शोर-शराबे और बयानबाजी के बीच पार्टियां अपने वायदों का पिटारा खोल रहीं हैं। राजग और राजद के नेतृत्व वाले विपक्षी महागठबंधन के बीच आगामी चुनावी मुकाबला, असल में योजनाओं की होड़ है। नीतीश कुमार ने तीन बड़े वायदे किए हैं अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नए रोजगार, मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत एक करोड़ से ज्यादा महिलाओं को 10,000 रुपये की नकद राशि, जिसके बाद, आगे भी राशि हस्तांतरित की जाएगी, और स्वयं सहायता भत्ता योजना के तहत बेरोजगार स्नातकों को दो साल तक 1,000 रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा, 1.6 करोड़ परिवारों को 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वायदा भी किया गया है।राजद के नेतृत्व वाला महागठबंधन भी इसमें पीछे नहीं है और तेजस्वी यादव ने महिलाओं को 2,500 रुपए, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, रियायती दर पर गैस सिलिंडर देने का वायदा किया है। यह अब चुनावों में आम बात हो गई है। हालांकि तेजस्वी ने राज्य के हर परिवार के लिए एक सरकारी नौकरी सुनिश्चित करने वाला कानून बनाने का वायदा करके अपनी रणनीति और भी तेज कर दी है। वायदा है कि शपथ ग्रहण के 20 दिनों के भीतर ऐसा कानून पारित किया जाएगा और 20 महीनों में नौकरियां दी जाएंगी !ये वायदे हकीकत और कल्पना का मिश्रण हैं। अपने 2025-26 के बजट में, बिहार सरकार ने कुल व्यय 2.94 लाख करोड़ रुपए रखा है। केंद्र सरकार से विभिन्न मदों में 1.5 लाख करोड़ रुपये के हस्तांतरण से केंद्रीय वित्त पोषण पर उसकी निर्भरता स्पष्ट होती है। अनुमान है कि बिहार में लगभग 2.76 करोड़ परिवार हैं। अगर यह मानें कि कम से कम 1.5 करोड़ लोगों को नौकरियां देने के बाद न्यूनतम 20,000 रुपए वेतन दिए जाएंगे, तो रोजगार सृजन बनाम वित्त पोषण का यह गणित हैरान करने वाला है ! बेरोजगारी का उच्च स्तर उतना ही चिंताजनक है, जितना कि राजनीतिक दलों द्वारा किए जा रहे काल्पनिक वायदे।बिहार वाकई राजनीतिक विरोधाभासों की जीवंत प्रयोगशाला है। अब देखना है कि बिहार की जनता जाति को महत्वपूर्ण मानती है,विकास को या ईमानदारी की ढोल को ?




## पटना सिविल कोर्ट उड़ाने की धमकी से मची अफरा-तफरी

- **पुलिस ने शुरू की जांच**

**पटना (आईएएनएस)।** पटना के सिविल कोर्ट को गुरुवार को विस्फोट कर उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। इस सूचना के बाद पुलिस भी कोर्ट परिसर पहुंची और जांच में जुट गई। बताया गया कि सुबह रजिस्ट्रार को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए ईमेल में दावा किया गया कि कोर्ट परिसर में आरडीएक्स और आईईडी विस्फोटक लगाए गए हैं और इसे उड़ाने की धमकी दी गई। इस सूचना के बाद ही पुलिस ने कोर्ट परिसर को खाली कराया। पूरे परिसर की बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड द्वारा जांच की गई। हालांकि अब तक किसी ऐसी वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। अधिवक्ता सुशील रंजन सिन्हा ने कहा कि आखिर सवाल है कि बार-बार धमकी क्यों मिल रही है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि अब तक किसी एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कोर्ट उड़ाने की धमकी दी गई थी। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना चिंताजनक है। यह धमकी क्यों दी जा रही है। उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि कोई बड़ी घटना घट जाएगी तब सरकार चेतेगी? पुलिस प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटी है। आसपास के क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पुलिस की साइबर सेल यह पता करने में जुटी है कि धमकी भरा ईमेल किसने भेजा है। पुलिस भेजने वाले का पता करने में जुटी है। उल्लेखनीय है कि अगस्त महीने में भी कोर्ट में विस्फोट कर उड़ाने की धमकी दी गई थी। हालांकि जांच के बाद यह धमकी झूठी साबित हुई थी। उस समय भी जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी। उस समय कोर्ट परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। अब अधिवक्ता भी ऐसी धमकी को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

## हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र के वार्ड- 9 में लगा कूड़े का अंबार, दुर्गंध से लोगों की परेशानी बढ़ी



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में नियमित सफाई कार्य नहीं होने से गंदगी का अंबार लगा हुआ है, इसके दुर्गंध से रहने वाले लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। बताया जाता है कि कार्यरत सफाई कर्मियों की कमी के कारण शहर में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। दीपावली व छठ पर्व को लेकर नियमित सफाई व्यवस्था होनी चाहिये। लेकिन कई-कई दिनों तक गंदगी यथावत बनी हुई है। शहरी क्षेत्र के इस्लामगंज,लंबी गली, मकबरा रोड खगड़िया मुहल्ला, कुर्मी टोला मोहल्ला में गंदगी के दुर्गंध से लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। सब्जी बाजार इसी मुख्य सड़क पर लगता है। सड़ी- गली सब्जियां भी दुकानदार मुख्य सड़क पर ही फेंक देते हैं। शहर में प्रतिदिन पांच से सात ट्रैक्टर से साफ-सफाई कर कूड़ा फेंका जाता था, लेकिन अभी वह भी नहीं हो रहा है। दीपावली को लेकर घर का गंदगी भी सड़क पर ही फेंक दें रहे है। अभी नगर पंचायत में मात्र 16 वार्ड हैं। आगे 18 गांवों को शामिल किया जाना है। उसके बाद क्या स्थिति होगी, यह सोचकर ही लोगों की रूह कांप जाती है। शहरवासियों का कहना है कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में स्वच्छता अभियान केवल कागजों में ही सिमटकर रह गई है। धरातल पर इसका कोई अनुपालन नहीं किया जा रहा है। सड़कों पर फेंकी गई गंदगी कई-कई दिनों तक सड़कों की शोभा बढ़ा रही है जिस कारण लोग नगर पंचायत को कोस रहे हैं। उधर 15 सूत्री सदस्य नेहाल असगर ने कहा है कि साफ- सफाई को लेकर नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में सभी नगर प्रतिनिधियों के साथ एसडीओ के निर्देश पर बैठक हुई थी, परंतु बैठक के बाद उक्त समस्याओं पर कार्य नहीं किया गया।वह बैठक टांय -टांय फिस हो गया। उन्होंने पलामू डीसी से नगर पंचायत क्षेत्रों में साफ -सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ कराने की मांग की है।

## लगातार बारिश से क्षतिग्रस्त पुलिया की नहीं हुई मरम्मत, कई गांवों का आवागमन प्रभावित



**मोहम्मदगंज।** कादलकर्मी-दंगवार वाया जपला मुख्य पथ से पटखौलिया के प्रजापति टोला को जोड़ने वाली सड़क की पुलिया के लगातार बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हो जाने से कई गांवों का आवागमन प्रभावित हो गया है। पानी के बहाव से इसकी दीवारें पूरी तरह से टूट गई हैं। जिससे इसका आधार कमजोर हो चुका है। ऊपर का स्लैब हवा में टंगा हुआ रह गया है। ऐसी हालत में फिलहाल, ग्रामीण किसी तरह जान जोखिम में डालकर केवल पैदल ही आवागमन कर पाते हैं। ग्रामीणों ने इसके किसी भी समय धराशायी होने से बड़ा हादसा होने की संभावना जताई है। उन्होंने कहा कि इस पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से कुम्हार टोला पटखौलिया, पासवान टोला सबनवा और मस्जिद टोला सबनवा समेत आसपास के कई गांवों का संपर्क मुख्य सड़क से पूरी तरह टूट गया है। खासकर, चारपहिया वाहनों की आवागमन पूरी तरह से बंद है। पैदल भी खेतों की पगडंडियों से लंबा चक्कर लगाकर मुख्य पथ तक आवागमन करना पड़ रहा है। आपात स्थिति में एंबुलेंस या पुलिस वाहन का गांव में पहुंच पाना मुश्किल बन गया है। किसी के बीमार और प्रसव पीड़ा की स्थिति में अस्पताल पहुंचाना बेहद कठिन हो गया है। विद्यार्थियों के प्रतिदिन इस टूटी पुलिया से होकर गुजरने से अभिभावक खतरा को लेकर चिंतित हैं। एक प्रकार से यही पुलिया सैकड़ों लोगों की जीवनरेखा है। जिसके क्षतिग्रस्त होने से आवागमन ही नहीं, व्यापार और खेती-किसानी भी प्रभावित है। ग्रामीण गोपाल प्रजापति, वीरेंद्र प्रजापति, रघुवर प्रजापति, अयोध्या पासवान, दिलीप पासवान, लवकुश पासवान, मुजाहिद खान, इरशाद खान और नौशाद खान समेत अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से इस क्षतिग्रस्त पुलिया का नवनिर्माण कराकर आवागमन सुगम बनाने की मांग की है।

## पंडवा प्रखंड अध्यक्ष ने की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

**पंडवा (पलामू)।** इंडियन मानवाधिकार एसोसिएशन के पंडवा प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र ठाकुर ने पंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी से आग्रह किया है कि आगामी दीपावली एवं छठ महापर्व को देखते हुए क्षेत्र में सड़क, नाली एवं पूजा घाटों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।उन्होंने कहा कि पर्व के समय श्रद्धालु बड़ी संख्या में घाटों और मंदिरों में पहुंचते हैं, ऐसे में स्वच्छता और साफ-सफाई की उचित व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि सफाई कर्मियों की तैनाती कर गाँवों और बाजार क्षेत्रों में समय पर कचरा उठाव एवं नालियों की सफाई सुनिश्चित की जाए।श्री ठाकुर ने यह भी कहा कि स्वच्छता न केवल सुंदरता का प्रतीक है बल्कि जनस्वास्थ्य से भी जुड़ा हुआ मुद्दा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन जल्द कार्रवाई कर लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित माहौल प्रदान करेगा।

### उंटारी रोड थाना पुलिस की बड़ी सफलता

# चोरी कांड का त्वरित खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

नवीन मेल संवाददाता



**उंटारी रोड।** थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा जल्द किया है। वादी श्रवण चौधरी के आवेदन पर दर्ज प्राथमिकी संख्या 49/2025 के तहत 16 अक्टूबर 2025 को हुई इस चोरी मामले में आरोपी लवकुश कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चोरी गया मोबाइल फोन और चांदी की बिछियां बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देशानुसार, पाण्डू अंचल के पुनि रामाशीष पासवान के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था। इस दल में पुअनि संतोष गिरी (थाना प्रभारी, उंटारी रोड), सअनि मुन्ना लाल जामुदा, सअनि महादेव उरांव, हवलदार नरेश राम, आरक्षी नरु सिंह, आरक्षी विजय उरांव और चालक आरक्षी बलिराम सिंह शामिल थे। पूछताछ में आरोपी लवकुश कुमार ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथियों सहेन्द्र यादव उर्फ अवधेश यादव और गोरा चन्द्रवंशी के साथ मिलकर 14 अक्टूबर 2025 की रात ग्राम विरजा में दो घरों में चोरी की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया। चोरी में लाल और नीला रंग के रियलमी मोबाइल फोन और चार चांदी जैसी बिछियाँ शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि बाकी दो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी की घटना का त्वरित खुलासा कर पुलिस ने अपराधियों पर अंकुश लगाने का प्रयास जारी रखा है और फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## देवीधाम मंदिर के समीप मुख्य नहर छठ घाट के विस्तारीकरण की मांग

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत अंतर्गत देवीधाम मंदिर के समीप मुख्य नहर किनारे बना घाट छठ महापर्व के लिहाज से संकीर्ण साबित हुआ है। दरअसल, कोयल नदी के तटबंध निर्माण के बाद से छठ महापर्व मनाना असुविधाजनक होने की स्थिति में देवीधाम मंदिर के समीप ही वैकल्पिक तौर पर अर्घ्यदान किया जाने लगा। जहां मुख्य नहर में बने घाट छठ के सीमित दायरा में होने की वजह से व्रतियों की बड़ी संख्या को जोखिम उठाकर अर्घ्यदान करना पड़ता है। अब जबकि मुख्य नहर की रिमॉडलिंग की जा रही है, ऐसे में लोगों ने इस घाट का विस्तारीकरण करने की जरूरत पर बल दिया है। इसे लेकर उन्होंने इस दिशा में जनप्रतिनिधियों से पहल करते हुए सकारात्मक कदम उठाने की मांग की है।

## कर्मचारी द्वारा मोटेशन के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप

**हुसैनाबाद।** अंचल कार्यालय के हल्का छह एंव नौ के राजस्व उपनिरीक्षक के द्वारा मोटेशन व दाखिल खारिज के नाम पर नाजायज रकम लेने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। बताया जाता है कि हुसैनाबाद अंचल के कर्मचारी द्वारा काम करने के एवज में रिश्वत लेने का मामला पहले भी चर्चा में रहा है।और एसीबी के हत्थे चढ़ा है। उक्त कर्मचारी ने देवरी रोड में स्थित आवासीय परिसर में दो दलालों के द्वारा अवैध वसूली कराने का खेल चल रहा है।ऐसे में लोगों को एक ही कार्य के लिये कई बार चक्कर लगाना पड़ रहा है।और बगैर काम कराये ही वापस लौट जाते हैं। यहां भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है कि बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने शिविर के माध्यम से कार्य कराने व जांच की मांग की है।

## प्रखंड में जुआ का बढ़ता प्रचलन प्रशासन की कार्रवाई आवश्यक




नवीन मेल संवाददाता

**पंडवा (पलामू)।** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पंडवा प्रखंड के कई इलाकों में जुआ का खेल व्यापक स्तर पर गुट बनाकर खेला जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह गतिविधि प्रशासन की नजरों से बचकर हो रही है,जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष व्याप्त है। जुवा खेलने वाले लोग देर रात तक विभिन्न स्थानों पर इकट्ठा होकर इस अवैध गतिविधि को अंजाम दे रहे हैं। इससे न केवल सामाजिक माहौल खराब हो रहा है, बल्कि असामाजिक तत्वों को भी बढ़ावा मिल रहा है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए तथा जुआ खेलने वालों पर नकेल कसी जाए।क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और नियमित गश्त से इस पर रोक लगाई जा सकती है।सूत्रों के मुताबिक,अगर प्रशासन समय रहते कदम नहीं उठाता है, तो आने वाले दिनों में यह जुआ गतिविधि और भी फैल सकती है।

### डॉक्टर की तत्परता से बची आठ वर्षीय बच्ची की जान

# गले में फंसा दो रुपये का सिक्का सफलतापूर्वक निकाला गया

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में डॉक्टर की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से आठ वर्षीय बच्ची की जान बच गई। इस्लामगंज मोहल्ले की स्व. सगीर आलम की पुत्री सबरीन परवीण खेलते समय गलती से दो रुपये का सिक्का निगल गई, जो उसके गले में फंस गया। सांस लेने में दिक्कत होने पर परिजन उसे अस्पताल लाए। आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात डॉ. विकास कुमार ने प्रयास किया, लेकिन सिक्का नहीं निकला। बाद में सूचना मिलने पर डॉ. मंजूर आलम अस्पताल पहुंचे और एक्स-रे कराने के बाद मात्र दो मिनट में सिक्का सफलतापूर्वक निकाल दिया। सिक्का निकलते ही बच्ची की सांस सामान्य हो गई और परिजनों ने राहत की सांस ली। डॉ. मंजूर आलम ने बताया कि मेडिकल प्रशिक्षण के दौरान उन्हें ऐसे मामलों का अनुभव रहा है। उन्होंने बताया कि अगर सिक्का छोटा होता तो वह अंदर चला जाता, जिससे खतरा बढ़ जाता। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि छोटे बच्चों को सिक्के, बटन या छोटी वस्तुओं से दूर रखें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचें।

# पांकी में बालिका उच्च विद्यालय चाहरदीवारी निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता



**पांकी।** प्रखंड के कर्पूरी ठाकुर चौक के समीप परियोजना हरिवंश नारायण बालिका उच्च विद्यालय में चाहरदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरूवार को पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने विधिवत रूप से पूजा पाठ कर एवं नारियल फोड़कर किया। इस दौरान विधायक के आगमन पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रणीत ठाकुर एवं विद्यालय की बच्चियों ने विधायक को उपहार स्वरूप पौधे देकर स्वागत किया, स्वागत कार्यक्रम के पश्चात प्रधानाध्यापक ने विधायक में भवन निर्माण एवं शिक्षकों की कमी दूर करने सहित अन्य मांगों को लेकर विधायक के समक्ष मांग पत्र भी सौंपा। शिलान्यास करने के बाद पांकी विधायक ने कहा कि परियोजना हरिवंश नारायण बालिका उच्च विद्यालय में 892 छात्राएं अध्यनरत हैं, लेकिन इसके अनुपात में ना तो यहां क्लास रूम है और न ही शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। अंग्रेजी, बॉयोलॉजी और कैमेस्ट्री की पढाई मैनेज करके की जाती है। यह व्यवस्था पर्याप्त नहीं और इससे छात्राएं बेहतर नहीं कर पायेंगी।डॉ मेहता ने ये भी कहा कि इस स्कूल में बेहतर शैक्षणिक माहौल बने, इसके लिए भवन निर्माण और शिक्षकों की कमी दूर करने की आवश्यकता है। इसके लिए जरूरी पहल की जायेगी। स्कूल की जरूरतों को सरकार तक पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि यहां की बच्चियां बेहतर करें, ऐसी कोशिश करनी होगी। उन्हें उम्मीद है कि भवन और शिक्षकों की कमी दूर हो जाने से बच्चियों की पढायी का स्तर काफी उच्चा होगा और वे सर्विस में जा सकेंगी। शिलान्यास कार्यक्रम में जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, नीलांबर पीतांबरपुर के विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, तरहसी के विधायक प्रतिनिधि वशिष्ठ सिंह, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, ललन मेहता, डॉ रामचरित्र सिंह, कार्तिक सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अनियंत्रित होकर पलटा टेंपो, पति की मौत, पत्नी समेत दो लोग घायल

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में जपला- छतरपुर मुख्य सड़क के कचरा मोड़ के समीप गुरुवार की दोपहर तीन बजे अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गयी। इस घटना में ऑटो में सवार पति की मौत हो गयी, जबकि पत्नी समेत दो लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी को अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया । लेकिन अस्पताल ले जाने के क्रम में ही रस्ते में दम तोड़ दिया। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद चिकित्सक ने बैरॉव पंचायत के नावाडीह गांव निवासी दिलीप पासवान (37 वर्ष )को मृत घोषित कर दिया। वही गंभीर रूप से घायल डोमनी देवी 60 वर्ष का प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। वही इस घटना में मृतक की पत्नी मानो देवी को मामूली चोट आयी है। जानकारी के अनुसार सभी लोग जपला टेंपो से सवार होकर अपने गांव जा रहे थे, इसी क्रम में तेज रफ्तार होने के कारण टेंपो अनियंत्रित होकर पलटा गयी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया, वही पुलिस टेंपो को जब्त कर थाना ले आई है। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## पंच सरोवर छठ घाट पूजा समिति का पुनर्गठन, श्यामा प्रसाद विश्वकर्मा बने अध्यक्ष, अखिलेश यादव सचिव

**हुसैनाबाद।** पंच मंदिर सरोवर छठ पूजा समिति के सदस्यों व मुहल्लावासियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने की। बैठक में छठ पूजा को शांति पूर्ण संचालन व छठव्रतियों की सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसके लिये सर्वसम्मति से कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें श्यामा प्रसाद विश्वकर्मा को अध्यक्ष, डॉ. निरंजन प्रसाद को उपाध्यक्ष,निवर्तमान वार्ड पार्षद अखिलेश यादव को सचिव,शेखर कुमार सिंह को उपसचिव,वीरेन्द्र कुमार को कोषाध्यक्ष,राजेश कुमार व विजय यादव को उपकोषाध्यक्ष,शैलेश कुमार व राजू यादव को मीडिया प्रभारी,रविंद्र चौधरी, विनय कुमार सिंहअनिल कुमार आदि मौजूद थे।

# पुलिस व जनप्रतिनिधियों ने अफीम की खेती के रोकथाम हेतु लोगों को किया जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आबून,बीरबीर एवं जोबला में पांकी थाना पुलिस एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने गुरुवार की दोपहर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाकर अफीम/पोस्ता एवं गांजा की खेती के रोकथाम हेतु लोगों को जागरूक किया।इस जागरूकता अभियान में ताल पंचायत के आबून,बीरबीर एवं जोबला के महिला एवं पुरुष, युवक युवतियां पंचायत की मुखिया अनीता लोहरा, वार्ड सदस्य, ताल पिकेट के पदाधिकारी स०अ०नि० मुरारी दास,स०अ०नि० सुनील सुभाष भेंगरा एवं ताल पिकेट के जवान उपस्थित थे। इस जागरूकता अभियान में अफीम/ पोस्ता एवं गांजा की खेती के दुष्परिणाम एवं अवैध अफीम की खेती में संलिप्त रहने पर मिलने वाले दंड के प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया गया। अफीम/पोस्ता एवं गांजा की जगह पर वैकल्पिक खेती के तौर पर चावल, गेहूं, चना, सरसों, मसूर, ज्वार,सोयाबीन, मूंगफली, अरंडी, बाजरा एवं कटहल की खेती करने के लिए प्रोत्साहन किया गया।इस जागरूकता अभियान के तहत अफीम की खेती नहीं करने को लेकर सभी ग्रामीणों को शपथ भी दिलाया गया।

**कार्यक्रम** एके सिंह कॉलेज, जपला में विदाई-सह- स्वागत समारोह आयोजित

# छात्र-छात्राओं ने कॉलेज में अपना अनुभव साझा किया

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** गुरुवार को एके. सिंह कॉलेज, जपला में प्राचार्य डॉ. राम सुभग सिंह की अध्यक्षता में विदाई-सह-स्वागत समारोह आयोजित की गई। सत्र 2021-24 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह और सत्र 2025-29 के विद्यार्थियों का स्वागत समारोह हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के सचिव प्रफुल कुमार सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम में लगभग 400 विद्यार्थी उपस्थित थे। मंच संचालन जन्तु विज्ञान के प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने किया। दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कॉलेज में अपने खट्टे-मीठे अनुभव साझा किये। साथ ही गायन, नृत्य और लघु नाटक भी प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि-सह-सचिव प्रफुल कुमार सिंह ने कहा कि स्नातक की पढ़ाई आपके जीवन का एक पड़ाव था। इसके आगे जीवन का संघर्ष शुरू होगा। बेहतर जीवन के लिए आपको आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर तो होना ही होगा, पर यह भी ध्यान रहे कि आपको एक बेहतर इंसान और नागरिक भी बनना है । समाज, राष्ट्र और विश्व मानवता के प्रति भी आपका दायित्व है। प्राचार्य डॉ. राम सुभग सिंह ने कहा कि शिक्षित होने का मतलब है प्रवुद्ध होना । असली शिक्षा वही है जो आपमें आलोचनात्मक चिंतन विकसित करे। आपको हर हाल में तार्किक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के अनुरूप अपना जीवन विकसित करना चाहिए। इस कार्यक्रम में कॉलेज के पदाधिकारी प्रो.अशोक कुमार सिंह, प्रो. सुधीर कुमार सिंह, प्रो. शशि भूषण सिंह, प्रो. राजेश कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे। विद्यार्थियों में शीलू सिंह, बिट्टू, आलोक, रिंकी कुमारी, दिव्या कुमारी, नैन्सी कुमारी, प्रिया कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।जबकि धन्यवाद ज्ञापन पूर्व प्राचार्य प्रो. सूर्य मणि सिंह ने किया।

# झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी युवा मोर्चा की बैठक,कई दलों के कार्यकर्ता हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता



**पंडवा।** पलामू झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी युवा मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक पलामू क्लब, डालटनगंज में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपू कुमार दांगी ने की,जबकि संचालन प्रभात सिन्हा ने किया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष दिलीप मेहता उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।मुख्य रूप से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के युवा मोर्चा पलामू प्रमंडल प्रभारी मनोज पांडे,जिला अध्यक्ष सरताज आलम, युवा नगर अध्यक्ष अकबर शाह, युवा मोर्चा जिला सचिव मजहर साह,साकिब हुसैन,सैयद हुसैन,अमरजीत प्रसाद चौरसिया, रमाकांत यादव, सचिन शर्मा, जीवन सिंह, शंभू प्रजापति, सचिन राय, और सुमित समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी युवा मोर्चा का दामन थामा।कार्यक्रम के दौरान सभी नए सदस्यों का स्वागत माला, पट्टा और सदस्यता पत्र देकर किया गया। इस मौके पर सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।बैठक में जिला सचिव विकास यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शोएब अंसारी, जिला महामंत्री गौतम तिवारी, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पंकज यादव समेत पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।पार्टी नेताओं ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### सड़क सुरक्षा पर उपायुक्त हुईं सख्त, कहा-

# सड़कों पर यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराएं

● सितंबर माह में 18 हादसे, 11 की मौत करीब 13 लाख जुर्माना वसूला गया

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सितंबर माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं का ब्योरा पेश किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि सितंबर माह में कुल 18 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 11 लोगों की मौत और 12 गंभीर रूप से घायल हुए। उपायुक्त ने घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ब्लैक स्पॉट और अतिक्रमण वाले क्षेत्रों में तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। डीटीओ ने बताया कि सितंबर में 406 वाहनों की जांच की गई और 370 वाहनों से 12 लाख 97 हजार 54 रुपये जुर्माना वसूला गया। 257 बाइक सवार बिना हेलमेट पकड़े गए तथा 5 लोगों पर ड्रिंक एंड ड्राइव में कार्रवाई की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जांच अभियान को और व्यापक बनाया जाए तथा राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रमुख सड़कों पर यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए। अप्रैल 2022 से अब तक हिट एंड रन के 162 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 69 मामलों में भुगतान हो चुका है, 28 बीमा कंपनियों और 22 लाभुक स्तर पर लंबित हैं। उपायुक्त ने कहा कि हर स्तर पर पारदर्शिता और त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जाए ताकि पीड़ित परिवारों को जल्द राहत मिल सके। बैठक में डीएमओ, डीटीओ, शिक्षा पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, एसडीपीओ, सांसद प्रतिनिधि सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### अवैध बालू खनन पर प्रशासन की नजर, डीसी ने खनन टास्क फोर्स बैठक में चेताया

## बिना किसी दबाव के करें कार्रवाई : समीरा एस




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पिछले माह की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए डीसी ने कहा कि अवैध बालू खनन और परिवहन पर सख्ती से रोक लगाई जाए।

डीएमओ सुनील कुमार ने बैठक में बताया कि सितंबर माह में खनन विभाग की कार्रवाई के तहत 25 वाहन जब्त किए गए और 15 लाख 6 हजार रुपये जुर्माने के रूप में वसूल किए गए। साथ ही 5 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। वहीं परिवहन विभाग की ओर से 21 वाहन जब्त कर 5 लाख 75 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

उपायुक्त ने यह देखकर असंतोष जताया कि कई अंचलों में कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि अवैध बालू उठाव की शिकायतें निरंतर मिल रही हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी अधिकारी या थाना प्रभारी पर दबाव का असर नहीं होना चाहिए और पूरे जिले में समान रूप से सख्त नियंत्रण रखा जाए।

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, तीनों एसडीओ, सभी सीओ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और थाना प्रभारी उपस्थित थे। डीसी ने कहा कि आने वाले दिनों में सतत निगरानी अभियान चलाकर अवैध खनन पर रोक लगानी होगी।

### त्योहारों से पहले खाद्य दुकानों का निरीक्षण

## खराब मिठाई जब्त, सात दुकानों पर लगा जुर्माना, सैंपल भी लिए गए

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने चैनपुर बाजार और सदीक चौक क्षेत्र के विभिन्न मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पिंटू होटल, स्वीट पैलेस, डोमन होटल, सुबंती मिठाई दुकान, राज स्वीट्स, मुन्ना स्वीट्स, राज होटल, सुहाना मिष्ठान भंडार और हिमांशु स्वीट्स समेत कई प्रतिष्ठानों की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान कई दुकानों में साफ-सफाई और रखरखाव की स्थिति खराब मिलने पर जुर्माना लगाया गया। स्वीट पैलेस में करीब 5 किलो नकली खोआ, सुबंती दुकान में तीन किलो खराब लड्डू तथा पिंटू होटल में लगभग तीन किलो खराब सोनपापड़ी नष्ट की गई।

निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता जांच के लिए स्वीट पैलेस से रसगुल्ला, हिमांशु स्वीट्स से पनीर और मुन्ना स्वीट्स से रसगुल्ला के सैंपल लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने और खाद्य लाइसेंस प्रदर्शन सुनिश्चित करने की चेतावनी दी।

### राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का समापन

## स्वस्थ खान-पान है जीवन का आधार : डीसी

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** के.जी. स्कूल परिसर में गुरुवार को राष्ट्रीय पोषण माह का समापन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि सही खान-पान अपनाना ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है।

कार्यक्रम में जिले के 14 बाल विकास परियोजनाओं की सेविकाओं और सहायिकाओं ने पोषण स्टॉल लगाकर लोगों को पोषक आहार के बारे में जानकारी दी। सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली सेविकाओं, सहायिकाओं और महिला पर्यवेक्षिकाओं को समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को पोषण संबंधी जानकारी दी गई। उपायुक्त ने कहा कि समाज के हर वर्ग को पोषण जागरूकता की दिशा में आगे आना चाहिए ताकि जिले में कुपोषण की समस्या खत्म की जा सके।

### मनरेगा परीक्षा पर निषेधाज्ञा लागू

## 17 और 18 अक्टूबर को परीक्षा केंद्र के 100 मीटर क्षेत्र में रहेगा प्रतिबंध

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आगामी 17 और 18 अक्टूबर को शहर के गिरिवर +2 हाई स्कूल में मनरेगा के विभिन्न पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मेदिनीनगर सदर एसडीओ सुलोचना मीणा ने परीक्षा केंद्र के 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश दिया है।

एसडीओ ने बताया कि परीक्षा केंद्र के 100 मीटर क्षेत्र में किसी भी अभिभावक या अन्य व्यक्ति को रुकने की अनुमति नहीं होगी। पांच या पांच से अधिक लोगों के समूह में घूमना प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा बिना अनुमति लाउडस्पीकर का उपयोग या अन्य कोई शोर मचाने की गतिविधि नहीं की जा सकेगी।

परीक्षा के दौरान प्रतिनियुक्त अधिकारी, पर्यवेक्षक, परीक्षार्थी और सुरक्षा बलों को ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति रहेगी। केंद्रों के पास स्थित सभी फोटोकॉपी दुकानों को आदेशानुसार बंद रखना होगा। एसडीओ ने बताया कि यह कदम परीक्षा में कदाचार रोकने और सुरक्षा बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

## छठ पूजा समिति गठित, मुंशी साहनी पुनः बने अध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा/पांडेयपुरा।** हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा छठ पूजा समिति की अहम बैठक लालकी मट्टी छठ घाट के समीप हुई। जिसकी अध्यक्षता अशोक राजक ने की। बैठक में पुराने समिति को भंग कर नए समिति का चुनाव करते हुए सर्वसम्मति से समिति का नेतृत्व तय किया गया। मुंशी साहनी को फिर से अध्यक्ष चुना गया, जबकी सचिव बिरेंद्र प्रजापति को, कोषाध्यक्ष विनय प्रजापती, उपाध्यक्ष मिथलेश प्रजापति, उप सचिव पिंटू प्रजापति, उपकोषाध्यक्ष विकाश, कुमार (विक्की) को बनाया गया। वहीं सक्रीय सदस्य के रूप में रंजित ठाकुर, रोहित रजक, राहुल रंगीला, उदय प्रतापति, गणेश कुमार, शशि कुमार, रवि कुमार, राहुल राजक, दीपक पासवान, उचित सिंह व आशीष यादव बने। बैठक में आगामी छठ पूजा के आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बार भी कृत्रिम घाट बनाने का निर्णय लिया गसा, ताकि पूजा स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा हो। साथ ही आसपास के लोगों को पूजा में कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। महिलाओं के लिए विशेष रूप से चेंजिंग रूम का निर्माण किया जाएगा। साफ-सफाई और लाइटिंग की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। अध्यक्ष मुंशी साहनी ने बताया कि इस बार पूजा में भव्य पंडाल का निर्माण कर उसमें चलायमान प्रतिमाओं को स्थापित करने के साथ ही सुंदर व आकर्षक सजावट तथा रोशनी की एवं श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है।

## आंगनबाड़ी सेविका चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड अंतर्गत ईचाक पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र बोंगादाग केंद्र संख्या 03 में सेविका चयन हेतु ग्राम सभा का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने की। यह बैठक पूर्व आंगनबाड़ी सेविका की सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त पद को भरने के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 07 आवेदिकाओं ने आवेदन प्रस्तुत किए। जमा किए गए आवेदनों की समीक्षा के बाद, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के आधार पर उपलब्ध अंकों के योग के अनुसार, कबूतरी कुमारी पति राजेंद्र भोक्ता का चयन सेविका के पद पर किया गया।

## छेड़खानी व ब्लैकमेल के आरोप में गढ़वा के युवक के खिलाफ एफआईआर

● कॉलेज से जान-पहचान, विरोध पर धमकी देने का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र की एक युवती ने गढ़वा के मेराल निवासी गोविंदा कुमार (27 वर्ष) के खिलाफ छेड़खानी, उत्पीड़न और ब्लैकमेल का आरोप लगाया है। युवती ने अपने लिखित आवेदन पर शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

युवती ने बताया कि 2017 में कॉलेज में उनकी गोविंदा से जान-पहचान हुई थी। कोरोना काल में भी दोनों की बातचीत होती रही, लेकिन बाद में युवक का व्यवहार बदल गया। युवती ने आरोप लगाया कि गोविंदा ने गलत हरकतें शुरू कीं, जिससे परेशान होकर उसने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया। बावजूद इसके आरोपी ने उत्पीड़न बंद नहीं किया।

पीड़िता ने यह भी कहा कि आरोपी ने उसके भाई का नंबर एक अश्लील ग्रुप में डाल दिया और अपमानजनक वीडियो भेजे। विरोध करने पर युवक ने धमकी दी कि वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। एक बार कॉलेज में युवती से जबरदस्ती छेड़खानी भी की गई और शादी के लिए दबाव बनाया गया। युवती ने लगातार हो रहे उत्पीड़न से परेशान होकर थाना में आवेदन दिया है।

शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## धान की फसल अच्छी होने की उम्मीद, किसानों के चेहरे खिले



● मानसून के अनुकूल बारिश से उत्पादन में बढ़ोतरी के आसार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इस वर्ष मानसून की अनुकूल स्थिति और समय पर बुआई के कारण धान की फसल अच्छी होने की उम्मीद है। खेतों की हरियाली से किसानों का मनोबल बढ़ा है। कृषि विभाग भी जिले में रिकॉर्ड उत्पादन की संभावना जता रहा है।

पिछले साल की तुलना में इस बार बारिश संतुलित रही। जून से सितंबर के बीच हुई वर्षा ने धान के विकास में मदद की। किसानों ने बताया कि समय पर पानी मिलने से पौधे मजबूत हुए और कीट या रोग कम प्रभावित हुए, जिससे लागत कम हुई। किसान अंतिम समय में उर्वरक और दवा सही मात्रा में लगाने में लगे हैं।

पलामू, गढ़वा और लातेहार के किसान इस फसल पर निर्भर हैं। पलामू के किसान महिमा तिवारी कहती हैं कि यदि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीदे तो आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मधु तिवारी ने बताया कि इस बार बारिश अच्छी होने की वजह से धान की फसल पहले से बेहतर होगी।

### नगर निगम क्षेत्र की सड़कों पर उड़ती धूल से लोग बेहाल

# निगम व जिला प्रशासन की चुप्पी से बढ़ रही परेशानी

● धूल से दम घुटता शहर, नगर निगम और जिला प्रशासन उदासीन

● मुख्य सड़कों पर धूल, सांस लेने में तकलीफ, सफाई व्यवस्था ठप






नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के नगर निगम क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर महीनों से उड़ती धूल ने आम जन का जीना मुश्किल कर दिया है। वाहनों के गुजरने से सड़कों पर जमा मिट्टी, गिट्टी और रेत हवा में उड़कर एक घना गुबार बनाते हैं, जिससे राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बाईपास रोड, सुदना मुख्य सड़क, बैरिया पाटन मार्ग, रेड़मा छः मुहान रोड, शाहपुर से सादिक चौक और बेलवाटिका रोड सहित कई मुख्य सड़कों पर धूल का कहर देखा जा रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कई महीनों से न तो सड़क की नियमित सफाई हो रही है और न ही पानी का छिड़काव। गड्ढों, टूटे-फूटे सड़कों पर जमा मिट्टी और रेत धूल के वास्तविक कारण हैं। सुबह से लेकर देर रात तक हर गुजरती गाड़ी के साथ धूल का गुबार उठता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और एलर्जी तथा अस्थमा से पीड़ितों को विशेष कठिनाइयां हो रही हैं।

डॉक्टरों का कहना है कि लगातार धूल से सांस की बीमारियां बढ़ रही हैं, जिनमें अस्थमा और एलर्जी मक्खियों की प्रमुखता है। दुकानदारों की शिकायत है कि धूल के कारण ग्राहकों की संख्या में कमी आई है और दुकान के सामान पर मोटी धूल की परत जम जाती है। कई लोग बाहर निकलते समय नाक और मुंह कपड़े से ढकने को मजबूर हैं।

प्रमिला देवी, पार्षद (वार्ड 31) ने कहा कि नगर निगम की स्थिति बहुत खराब है। बोर्ड भंग होने के कारण जनहित के कार्य बंद हैं। सफाई और धूल नियंत्रण पर विशेष ध्यान देना होगा।

मनोज सिंह ने आरोप लगाया कि नगर निगम क्षेत्र में चुनाव न होने से सफाई व्यवस्था लचर हो गई है। उन्होंने दिवाली एवं छठ पर्व को लेकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही।

शिक्षक कमलेश पांडे और व्यापारी रोहित पाठक ने भी सड़कों पर उड़ती धूल की वजह से सांस लेने में परेशानी और दुर्घटनाओं के खतरे की बात कही।

सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने कहा कि दिवाली और छठ पर्व के दौरान सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जाएगा और धूल नियंत्रण के लिए नई रणनीति बनाई जा रही है। बहरहाल, शहर की सड़कों पर उड़ती धूल ने स्थानीय जनजीवन और स्वास्थ्य दोनों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इस समस्या के समाधान के लिए नगर निगम और जिला प्रशासन को तत्काल प्रभावी कदम उठाने होंगे। नियमित सफाई, टूटी सड़कों की मरम्मत, पानी का छिड़काव और अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने से इस समस्या पर काबू पाया जा सकता है।

## 12 शिक्षकों के सहारे 1400 विद्यार्थियों की पढ़ाई राजकीयकृत ब्राह्मण +2 उच्च विद्यालय की दुर्दशा




● विभाग को पांच बार लिखित सूचना के बावजूद नहीं हुई कोई कार्रवाई, फिजिक्स-केमिस्ट्री में एक भी शिक्षक नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले का राजकीयकृत ब्राह्मण +2 उच्च विद्यालय इस समय संसाधनों की भारी कमी से जूझ रहा है। यहां करीब 1400 विद्यार्थियों की पढ़ाई का जिम्मा मात्र 12 शिक्षकों पर टिका हुआ है। विद्यालय में न तो विद्यार्थियों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था है और न ही खेलकूद के लिए मैदान उपलब्ध है।विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सतीश दुबे ने बताया कि इस गंभीर समस्या की जानकारी विभाग को पांच बार लिखित रूप में भेजी गई है, परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थिति यह है कि फिजिक्स और केमिस्ट्री जैसे अहम विषयों में एक भी शिक्षक उपलब्ध नहीं है। गणित जैसे महत्वपूर्ण विषय को केवल एक शिक्षक के भरोसे पढ़ाया जा रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।वाणिज्य संकाय में 21 विद्यार्थी नामांकित हैं, लेकिन इस संकाय का एक भी शिक्षक विद्यालय में नहीं है। नियमानुसार +2 विद्यालय में प्रत्येक विषय के लिए एक शिक्षक का पद स्वीकृत होता है, पर यहां विषयवार शिक्षक नियुक्त नहीं किए गए हैं और न ही प्रतिनियोजन पर रखे गए हैं। दूसरी ओर जिला स्कूल में +2 गणित विषय के लिए एक पद स्वीकृत होने के बावजूद दो शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति पर रखा गया है, जो नियमों के विपरीत है। एक ओर जहां शिक्षकों की भारी कमी है, वहीं दूसरी ओर कुछ विद्यालयों में अतिरिक्त शिक्षकों की मौजूदगी शिक्षा विभाग की लापरवाही और उपेक्षा को उजागर करती है।

# भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** बुधवार देर शाम बंशीधर नगर-भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर तुलसीदामर गांव के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान भवनाथपुर थाना क्षेत्र के चपरी गांव निवासी बलभद्र कुमार के पुत्र अभय कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अभय कुमार बंशीधर नगर से अपने घर लौट रहे थे। घर पहुंचने के बाद उन्हें अपनी मां के साथ खरीदारी के लिए भवनाथपुर जाना था। तभी, विपरीत दिशा से आ रही एक तेज़ पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायल अभय को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल बंशीधर नगर पहुंचाया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना से परिजनों में मातम पसरा हुआ है, और पूरे गांव में शोक की लहर छाई है।

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, तीन युवक गंभीर रूप से घायल



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-श्रीबंशीधर नगर मुख्य मार्ग स्थित कड़ियांधाम मोड़ पर गुरुवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में रमना थाना क्षेत्र के टंडवा निवासी विवेक सिंह और धर्मात्मा सिंह, तथा भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कैलान गांव के धर्मेंद्र भूइंया शामिल हैं। स्थानीय ड्राइवर संघ के सदस्यों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को सीएचसी भवनाथपुर पहुँचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद विवेक सिंह और धर्मेंद्र भूइंया को गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवेक और धर्मात्मा सिंह बाईक से केतार परती गांव से रमना लौट रहे थे, जबकि धर्मेंद्र सिंह अपनी पत्नी के साथ विंढहमगंज से भवनाथपुर आ रहे थे। इसी दौरान कड़ियांधाम मोड़ पर दोनों बाइकों की टक्कर हो गई।

## ओलमा मोड़ के पास बाइक दुर्घटना में युवक और महिला घायल

**कांडी।** थाना क्षेत्र के कांडी-मझिआंव मुख्य सड़क स्थित ओलमा मोड़ के पास बुधवार शाम लगभग 7 बजे एक मोटरसाइकिल के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक युवक और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, श्रीनगर निवासी बबलू चंद्रवंशी अपनी मोटरसाइकिल से कांडी से मझिआंव की ओर जा रहे थे। सड़क किनारे अपने घर के सामने बैठी शबनम खातून (पति अजीज अंसारी) को बाईक सवार ने धक्का मार दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल सूचना थाना को दी। थाना प्रभारी रौशन राम और एएसआई मनोज राम त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचे तथा घायल दोनों व्यक्तियों को 108 एम्बुलेंस से रेफरल अस्पताल मझिआंव भिजवाया। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दीपावली पर्व पर गायत्री शक्तिपीठ में 1100 दीपों से होगा प्रकाश उत्सव



**मझिआंव।** चन्द्री स्थित माता गायत्री शक्तिपीठ में दीपावली पर्व के अवसर पर गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें हरिद्वार के अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज के निर्देशन में 1100 दीप जलाने का निर्णय लिया गया। गायत्री परिवार और श्रद्धालु दीपावली की शाम आठ बजे इस आयोजन में शामिल होंगे। समय दान में विभिन्न सदस्यों ने हरिद्वार जाकर ज्योति को बनाए रखने की जिम्मेदारी ली है। इस अवसर पर क्षेत्रीय श्रद्धालु और समितियों के सदस्य मौजूद थे।

## बीडीओ ने मेरौनी व गुरूड़ स्कूल का किया औचक निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने गुरुवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेरौनी और प्राथमिक विद्यालय गुरूड़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वर्गवार शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान बीडीओ ने चौथी और पांचवीं कक्षा के बच्चों से गणित व हिंदी विषय के सवाल पूछे, लेकिन बच्चों के उत्तर न दे पाने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित शिक्षकों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि छात्र व्यवहारिक ज्ञान और विषय पर पकड़ विकसित करें, इसके लिए शिक्षकों को संवादात्मक शिक्षण को बढ़ावा देना चाहिए। बीडीओ प्रशांत कुमार ने शिक्षकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक बच्चे से नियमित रूप से मौखिक प्रश्न पूछें और यह सुनिश्चित करें कि बच्चों को विषय समझ में आ रहा है या नहीं। निरीक्षण में उच्च विद्यालय मेरौनी के कंप्यूटर शिक्षक सतीश विश्वकर्मा बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इस पर बीडीओ ने उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। इधर, आंगनबाड़ी केंद्र मेरौनी-1 भी निरीक्षण के दौरान बंद पाया गया। बीडीओ ने संबंधित सेविका से जवाब मांगा है और चेतावनी दी कि संतोषजनक उत्तर न मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### आठ माह बाद चिनिया में स्टेडियम निर्माण कार्य फिर शुरू

## पुलिस की मौजूदगी में हुआ सीमांकन अवैध अतिक्रमण हटाया गया

नवीन मेल संवाददाता



**चिनिया।** रंका अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को चिनिया प्रखंड मुख्यालय स्थित चिरका आईटीआई कॉलेज के पास प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण भूमि का सीमांकन कार्य कराया गया। लंबे समय से विवादित यह निर्माण गुरुवार को पुलिस सुरक्षा के बीच पुनः आरंभ हुआ। सीमांकन का कार्य प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं अंचल निरीक्षक विनय कुमार गुप्ता की देखरेख में हुआ। संबंधित भूमि खाता संख्या 132, प्लॉट संख्या 844 और 838 कुल 2 एकड़ 26 डिसमिल गैरमजरुआ भूमि है। बताया गया कि इस भूखंड पर चिरका गांव के सिराज अहमद द्वारा अवैध अतिक्रमण कर लिया गया था, जिससे निर्माण कार्य पिछले आठ माह से रुका हुआ था। रंका एसडीओ के निर्देश पर पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाकर सीमांकन पूरा किया गया, जिसके बाद जेसीबी मशीन से भूमि की लाइनिंग कर कार्य आरंभ किया गया। स्टेडियम निर्माण फिर शुरू होने से स्थानीय ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई। मौके पर एएसआई नवीन कुमार राणा, सुखराम उरांव, ओमप्रकाश, राजस्व कर्मचारी विनोद कुमार दूबे, अमीन अयोध्या साह, अगस्त कुमार यादव, महिला पुलिस बल तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मुख्य बाजार में मुस्कान इंटरप्राइजेज मोबाइल दुकान का उद्घाटन

**मझिआंव।** नगर पंचायत के मुख्य बाजार में मुस्कान इंटरप्राइजेज मोबाइल दुकान का भव्य उद्घाटन हुआ। विधायक नरेश प्रसाद सिंह, निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी, महंत बाबा केशव नारायण दास व व्यावसायिक संघ अध्यक्ष नीरज कमलापुरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर समारोह का शुभारंभ किया। विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि मझिआंव जैसे विकसित होते नगर में इस प्रकार की दुकान की जरूरत थी, जो हर वर्ग की जरूरतों को पूरा करेगी। प्रोपराइटर रमेश कुमार ने बताया कि यहाँ ग्राहकों को प्रमुख कंपनियों के मोबाइल और एक्सेसरीज़ सस्ते दामों पर मिलेंगे और लोन सुविधा भी उपलब्ध है।

### आईसीटी विषय पर पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ

## स्कूलों में स्मार्ट क्लास संचालन व लैब प्रबंधन की दी जा रही जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**श्रीबंशीधर नगर।** आईसीटी (इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी) विषय पर आधारित पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का दूसरा चरण प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मर्चवार में आरंभ हुआ। यह प्रशिक्षण जिला समन्वयक मुकेश कुमार की निगरानी में संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला समन्वयक मुकेश कुमार ने कहा कि आज के दौर में कंप्यूटर ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। झारखंड सरकार की ज्ञानोदय योजना के तहत यह प्रशिक्षण शिक्षकों को आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास की अधिष्ठापन प्रक्रिया, संचालन एवं रखरखाव की जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को कंप्यूटर संचालन, इंटरनेट उपयोग, सामान्य रखरखाव, और विद्यालय में शिक्षा को तकनीकी रूप से मजबूत करने की विधि सिखाई जा रही है। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, गढ़वा के निर्देशानुसार एवं एक्स्ट्रामार्क्स एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर आनंद सिंह के सहयोग से आयोजित किया गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार चौबे ने बताया कि प्रशिक्षक ओस्ताज द्वारा शिक्षकों को कंप्यूटर संचालन एवं स्मार्ट क्लास से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सहभागी शिक्षकों में भरत प्रसाद साहू, कुमारी पुष्पा, अंजू कुमारी, चंद्रकांत सिंह, मनोज पांडेय, दीनदयाल पांडेय, उदय कुमार सिन्हा एवं आशा कुमारी शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान सभी शिक्षकों को कंप्यूटर उपकरणों से संबंधित पुस्तकें वितरित की गईं।

## लोहे के लगे बोर्ड जंग खा रहे वर्षों से नहीं लगे बैनर- पोस्टर




- **ग्रामीण ने कहा- लाखों की लागत से बना बोर्ड विभाग की लापरवाही का प्रतीक**

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षा से जुड़ी योजनाओं, कार्यक्रमों और जागरूकता संबंधी जानकारी प्रदर्शित करने के उद्देश्य से बीआरसी कार्यालय परिसर में लोहे के दो बड़े बोर्ड लगाए गए थे। परंतु वर्षों गुजर जाने के बाद भी इन बोर्डों पर एक भी बैनर या पोस्टर नहीं चिपकाया गया है। स्थानीय लोगों ने विभाग की इस लापरवाही पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि जिन लाखों रुपये की लागत से ये बोर्ड लगाए गए थे, अब वे जंग खाकर बेकार साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बैनर और पोस्टर लोगों में जागरूकता फैलाने का प्रभावी माध्यम होते हैं, जिन पर सरकारी योजनाओं और शिक्षा संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी जा सकती है। लंबे समय से इन बोर्डों का उपयोग न किया जाना शिक्षा विभाग की उदासीनता को दर्शाता है। ग्रामीणों ने बीआरसी पदाधिकारियों से बोर्डों का सदुपयोग करते हुए शिक्षा से संबंधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### विवादित भूमि पर पौधरोपण रोकने की मांग

## मुखिया सरिता देवी ने झगड़े की संभावना को देखते हुए बीपीओ को लिखा पत्र

नवीन मेल संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत मकरी पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने विवादित भूमि पर अशांति की संभावना को देखते हुए मनरेगा बीपीओ को पत्र लिखकर स्वीकृत वृक्षारोपण कार्य रोकने की मांग की है।मुखिया सरिता देवी ने बताया कि ग्राम सिंधीताली निवासी राजकुमार मेहता, नंदू मेहता, गुलाबचंद मेहता और मुंद्रिका मेहता ने लिखित और मौखिक रूप से शिकायत की है कि श्यामसुंदर मेहता द्वारा मकरी गांव स्थित सार्वजनिक भूमि पर अपनी पत्नी पानपति देवी के खेत में मनरेगा के अंतर्गत पौधरोपण कार्य कराया जा रहा है।आवेदकों का कहना है कि उक्त भूमि खेती कार्य में उनके संयुक्त उपयोग में रही है, जिसका उल्लेख पंजी-2 में है। स्थल निरीक्षण में पाया गया कि श्यामसुंदर मेहता झगड़ालू प्रवृत्ति का व्यक्ति है और भूमि पर एकतरफा कार्य कराने के कारण दोनों पक्षों के बीच तनाव व्याप्त है। पंचायत स्तर पर समझौते का प्रयास असफल रहा, क्योंकि श्यामसुंदर मेहता बैठक में शामिल होने से इंकार कर दिया। मुखिया ने कहा कि स्थिति गंभीर है, ऐसे में समय रहते कार्य नहीं रोका गया तो दोनों पक्षों के बीच किसी अप्रिय घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** पीएम पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता चितविश्राम के संसाधन केंद्र में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में आठ विद्यालयों की रसोईया सहायिकाओं ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। निर्णायक मंडल ने नव प्राथमिक विद्यालय सोनपुरा की गायत्री देवी को प्रथम पुरस्कार दिया, जबकि प्राथमिक विद्यालय सरहसताल को द्वितीय पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता में बाल संसद के धीरज कुमार, स्वच्छता मंत्री पलक कुमारी, शिक्षक तनवीर आलम सहित पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सहायिकाओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। सीआरपी संजय कुमार सिंह ने प्रतिभागियों की प्रशंसा की।

## आवास योजना का लाभ लेने वालों का भौतिक सत्यापन, वंचित रहने वालों को मिलेगा लाभ

**केतार।** गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने लोहरगाडा. पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने विभिन्न गांवों में जाकर लाभुकों के घर-घर जाकर सत्यापन किया और यह सुनिश्चित किया कि योजना का लाभ उचित लाभुकों को ही मिले। प्रभासी अधिकारी ने कहा कि 2024-25 के लिए तीस लाभुकों का सत्यापन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जो लाभुक अबूआ आवास योजना की तीसरी किश्त का पैसा मिलने के बाद भी घर बनवाने में असमर्थ हैं, उन्हें एक माह के भीतर मकान पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने अनुमंडल पदाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा



- **केंद्र-राज्य की भूमि हड़पने की नीति से किसान बेहाल, कई न्यायसंगत मांगें शामिल**

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा के एक प्रतिनिधि मंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी को महामहिम राष्ट्रपति के नाम लिखित 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में केंद्र एवं विभिन्न राज्यों की पूंजीपतिपरक नीतियों के कारण किसानों, खेतिहर मजदूरों और आम जनता की जिंदगियों पर खतरा बताया गया है। किसान अपनी आजीविका बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और उनके सामने आत्महत्या जैसी गंभीर स्थितियां भी आई हैं। मांगपत्र में झारखंड भूमि बैंक को खारिज करने, सर्वे को रद्द करने, वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत वनपट्टा व सामुदायिक पट्टा जारी करने, किसान विरोधी चार काले श्रम कोड बिलों को रद्द कराने, किसानों को सस्ते खाद व बीज उपलब्ध कराने आदि मांगें शामिल हैं। प्रतिनिधि मंडल में राम विनय विश्वकर्मा, राजेश कुमार, श्रीराम, कामेश्वर विश्वकर्मा, अजय कुमार सिंह और रामप्रसाद सिंह शामिल थे।

**अभियान** नशा को लेकर जागरूकता, युवाओं को रहना चाहिए सतर्क

## जामा उच्च विद्यालय में पुलिस ने नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया

नवीन मेल संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** गुरुवार को जामा उच्च विद्यालय छाताकुड़ में पुलिस ने नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान सब इंस्पेक्टर चंदन कुमार ने छात्र-छात्राओं को नशा न करने की सलाह दी और इसके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नशा स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार और समाज के लिए भी भारी खतरा है। यह कैंसर, पीलिया जैसी भयंकर बीमारियों का कारण बन सकता है। उन्होंने छात्रों को अपने गांव के लोगों और सगे संबंधियों को भी जागरूक बनाने का आवाहन किया। साथ ही, साइबर अपराध, दहेज प्रथा, महिला सुरक्षा, बालविवाह, सड़क सुरक्षा आदि सामाजिक कुरीतियों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। छात्र-छात्राओं को समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### कांडी में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन संपन्न

## अध्यक्ष पद पर पंकज कुमार विजयी संयोजिका मीना देवी निर्विरोध चयनित

नवीन मेल संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड संसाधन केंद्र कांडी अंतर्गत राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय कांडी में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति (वीएमसी) के पुनर्गठन को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई। तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद कई कारणों से बैठक स्थगित होती रही थी, जिसे अब सफलतापूर्वक पूरा किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया विजय राम ने की। पुनर्गठन प्रक्रिया में विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी रही। पर्यवेक्षक जयप्रकाश लाल, अरुण कुमार और धर्मेंद्र कुमार दुबे की उपस्थिति में पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। चयन में पंकज कुमार को अध्यक्ष पद पर दुगने मतों से विजयी घोषित किया गया, जबकि मीना देवी संयोजिका और ज्ञाती देवी उपाध्यक्ष निर्विरोध चुनी गईं। बैठक में जिला परिषद सदस्या (उत्तरी) सुषमा कुमारी, पंचायत समिति सदस्या ममता देवी, अनूप राम, कांडी थाना के एसआई मनोज कुमार, जिप सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार और अशोक कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पंसस की बैठक में क्रियान्वति योजनाओं की गयी समीक्षा



नवीन मेल संवाददाता

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह गुरुवार को प्रखंड सभागार में प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल, बीपीओ दिलशाद अंसारी और विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक की शुरुआत में पूर्व के बैठक में हुई समीक्षा पर कार्रवाई का इसके बाद विभागवार क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा हुई। बैठक में खाद्य आपूर्ति विभाग, मनरेगा, स्वास्थ्य शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग समेत कई विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति पर गहनता से चर्चा हुई। मौके पर प्रमुख सुशीला देवी ने प्रखंड अंतर्गत लात पंचायत के ग्राम बेरे आंगनबाड़ी सेविका चयन प्रक्रिया में सवाल खड़ा करते हुए कहा कि फर्जी ग्राम सभा के माध्यम से आंगनबाड़ी सेविका का चयन हुआ है। बताया कि ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों का फर्जी हस्ताक्षर हुए हैं जैसे पंचायत के मुखिया ईश्वरी देवी का फर्जी हस्ताक्षर, पोषक क्षेत्र के बाहर के लोगों का हस्ताक्षर, जगदीश सिंह जिसका हस्ताक्षर क्रम संख्या 36 पर दर्ज है जो कि मृत व्यक्ति है। उन्होंने सदन के माध्यम से प्रास्ताव लाया है कि चयनित सेविका को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए।

## पलामू आईजी पहुंचे लातेहार, पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक , कहा-

# थानों में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने गुरुवार को लातेहार पहुंचे। जहां पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने एसपी कार्यालय परिसर में उन्हें बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। आईजी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जिले में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों की समीक्षा, जन समस्याओं के समाधान, नक्सलवाद और संगठित अपराध के विरुद्ध कार्रवाई की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि थानों में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए और उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता का पुलिस पर विश्वास बना रहे। आईजी ने थानों में लंबित मामलों और विशेष रूप से नक्सलवाद से जुड़े आपराधिक मामले को निष्पादन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय लोगों को सुरक्षा प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। उसे पूरा करें। बैठक एसपी कुमार गौरव, मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा, पुलिस निरीक्षक दुलड़ चौड़े, रणधीर सिंह, रामाकांत गुप्ता, पारस मणि, अमरेंद्र कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# एसएसबी 32वीं कैंप कार्यालय सभागार में 21 दिवसीय मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** सशस्त्र सीमा बल की 32वीं वाहिनी ने कैंप कार्यालय सभागार में गुरुवार को समारोह आयोजित कर मानव संसाधन विकास कार्यक्रम अंतर्गत 21 दिवसीय ₹मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण₹ प्राप्त करने वाले सात युवाओं को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस सौंपा। कमांडेंट राजेश सिंह ने मौके पर कहा कि इस 21 दिवसीय प्रशिक्षण में सात युवाओं का चयन किया गया था। युवाओं को 23 सितंबर से 16 अक्टूबर तक प्रशिक्षण दिया गया। उनमें लातेहार के डुरुआ ग्राम के अनुराग कुमार, जितेंद्र राम व अंकित कुमार, पांडेयपुरा के शिलदेव उरांव, बाजकुम ग्राम के देवजीत कुमार सिंह समेत अन्य युवा शामिल थे। उन्होंने बताया कि लातेहार मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट ने प्रशिक्षुओं को वाहन की सामान्य जानकारी, वाहनों की उचित देखभाल, यातायात एवं ट्रैफिक नियमों व मोटर वाहन अधिनियम 1988 के सामान्य नियमों, सैद्धांतिक प्रावधानों एवं वाहन चलाने का प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षित युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की और बताया कि आगे आने वाले दिनों में हमारी वाहिनी सामाजिक विकास के लिए और कार्यक्रम चलाएगी। मौके प्रशिक्षित युवाओं ने भी अपना अनुभव साझा किया। मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी विनय कुमार ओझा, उप कमांडेंट दीपक कुमार मीणा समेत वाहिनी के कई अधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

## कई दलों के नेताओं ने थमा जेएमएम का दामन

**गिद्धौर (चतरा)।** जिले के गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बलबल स्थित मां बागेश्वरी मंदिर परिसर में झारखंड मुक्ती मोर्चा की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष निलेश गयासेन, सचिव चंद्रदेव साव, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष देवनारायण दांगी, कोषाध्यक्ष परमेश्वर दांगी, युवा जिला अध्यक्षक्ष राहुल यादव मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष समेत अन्य का अंगवस्त्र दे सम्मानित किया। बैठक में भाजपा पार्टी से 50 कार्यकर्ता, जेबीकेसेस से 30 कार्यकर्ता तथा कांग्रेस से 20 कार्यकर्ता जेएमएम में शामिल हुए। सभी कार्यकर्ताओं को जिलाध्यक्ष ने पट्टा दे स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला।

# टीवीएनएल कंपनी विस्थापितों को अंधेरे में रखकर काम ना करे : प्रतुल शाहदेव

- स्थानीय ग्रामीणों को बिना विश्वास में लिए काम करने का विरोध होगा

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड (टीवीएनएल) की प्रस्तावित रजवार कोल ब्लॉक से विस्थापित होने वाले रैयतों ने गुरुवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव से चंदवा में मुलाकात कर अपनी समस्या रखा। बताया कि उक्त कंपनी को रजवार कोल ब्लॉक आवंटित हुआ है। इसके अंतर्गत चंदवा के तीन गांव विस्थापित होंगे। इसमें रेंची गांव भी शामिल है। लोगों ने बताया कि लगातार कंपनी के अधिकारियों द्वारा एनओसी को लेकर बैठक की जा रही है लेकिन ग्रामीणों को अब तक यह नहीं पता है कि उनकी जमीन के एवज में उन्हें क्या मिलेगा। प्रतुल ने कहा कि कंपनी को अपनी विस्थापन नीति तुरंत स्पष्ट करनी चाहिए। पूरे जिले में हाल में हुए सर्वे में बड़े पैमाने पर त्रुटि हुई है। ऑफलाइन रसीद में जमीन कुछ और ऑनलाइन में जमीन किसी और के नाम से दिख रहा है। अधिकतर भूमि अनाबाद बिहार सरकार में दर्ज कर दी गई है। व्यक्तिगत वन पट्टा का आवेदन पर भी निष्पादन नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने शाहदेव से इस पूरे मामले में हस्तक्षेप कर जिला प्रशासन के सहयोग के साथ रैयतों की मदद करने की अपील की। इससे मूल रैयतों को विस्थापन संबंधी जानकारी स्पष्ट हो सके। लोगों की बात सुनकर श्री शाहदेव ने कहा कि एक भी रैयतों के साथ अन्याय नहीं होगा।

# युवा भारत के नाइट शो में शालिनी दुबे के गीतों ने बांधा समा

- विधायक प्रकाश राम ने युवा भारत के प्रयास को सराहा

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** युवा भारत के बैनर तले बुधवार की रात हाई स्कूल खेल स्टेडियम में आयोजित भव्य नाइट शो ने लोगों का दिल जीत लिया। संगीत, नृत्य और रोशनी का अनोखा संगम दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। सारेगामापा और सुर संग्राम फेम गायिका शालिनी दुबे की शानदार प्रस्तुतियों पर पूरा मैदान झूम उठा। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक प्रकाश राम एवं अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कमिटी के द्वारा अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रकाश राम ने कहा कि युवा भारत ने चंदवा की संस्कृति,एकता और भाईचारे को नई ऊंचाई दी है। उन्होंने आदर्श रविराज और उनकी टीम की अनुशासित व समर्पित कार्यशैली की प्रशंसा की। विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मकता और सामंजस्य का संदेश देता है। कार्यक्रम में नंदनी द्वारा गायिका शालिनी दुबे को भेंट की गई पेंसिल स्केच पेंटिंग लोगों को खूब पसंद आई। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन आज की व्यस्त जिंदगी में सुकून और सामाजिक मेलजोल का माध्यम बना है। कार्यक्रम में महिलाओं और युवाओं की बड़ी भागीदारी रही और पूरा मैदान देर रात तक गीत-संगीत और उत्साह से गूंजता रहा। वहीं कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों को भी मंच में अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान चंदवा पुलिस पुरी तरह से मुश्तैद दिखी। मौके पर महेन्द्र साहू, राजेश चंद्र पाण्डेय, राजकुमार साहू, संतोष साहू, राजकुमार पाठक, नीलम देवी, रंजीत उरांव, बबलू खान समेत अंकित, गोलू, आशीष, सौरभ बिट्टू, कुणाल खत्री, अरुण प्रिंस समेत समिति के कई लोग मौजूद रहे।

## 125 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ बाइक बरामद

**प्रतापपुर (चतरा)।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड-बिहार सीमा पर शराब तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई प्रतापपुर थाना क्षेत्र में लगातार जारी है। इस बार जिले के इंटर स्टेट चेकपोस्ट गजवा पुलिस पिकेट के पास से पुलिस ने 125 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया है। शराब तस्कर एक मोटरसाइकिल पर यह शराब बिहार की ओर ले जा रहा था। हालांकि, अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर मोटरसाइकिल छोड़कर भागने में सफल रहा। प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने इस संबंध में बताया कि तस्कर ने अंधेरे का फायदा उठाकर पुलिस टीम को चकमा दिया। गजवा पुलिस पिकेट की टीम फरार तस्कर की पहचान और गिरफ्तारी के लिए तफ्तीश में जुटी हुई है। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व ही पुलिस ने एक अन्य शराब तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जिसके बावजूद तस्कर सीमा पार तस्करी की कोशिश कर रहे हैं।

## उपायुक्त ने किया योजनाओं का व्यापक स्तर पर स्थल निरीक्षण

# पारदर्शिता व गति पर दिया विशेष बल संबंधितों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** जिला प्रशासन की विकास योजनाओं को जमीनी स्तर पर साकार रूप देने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा के उद्देश्य से उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने गुरुवार को हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और प्रखंड प्रशासन की टीम शामिल रही। उपायुक्त ने प्रखंड के अलग-अलग पंचायतों में चल रही योजनाओं का क्रमवार स्थल निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारियों को सख्त व स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव और देरी के लाभुकों तक पहुंचे। दौरे की शुरुआत करैली बार पंचायत से हुई, जहां उपायुक्त ने की झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी के दीदियों द्वारा आईएफसी (इंट्रीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर) योजना के तहत 35 एकड़ भूमि में की जा रही टमाटर की खेती का निरीक्षण किया। उन्होंने खेतों में जाकर पौधों की स्थिति को बारीकी से देखा और खेती कर रही महिलाओं से बातचीत की। उपायुक्त ने इस पहल की सराहना करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि खेती में सिंचाई की सुविधा सुदृढ़ करने के लिए प्रधानमंत्री कुसुम योजना और टपक सिंचाई प्रणाली को जोड़ा जाए। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों को भी फसल की उपज और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नियमित तकनीकी मार्गदर्शन देने को कहा, ताकि इस पहल को बड़े पैमाने पर विकसित किया जा सके। इसके बाद उपायुक्त चकला पंचायत स्थित तुलसीपुर डैम पहुंचीं। यहां उन्होंने जलाशय की स्थिति, जल प्रबंधन और सिंचाई नेटवर्क का गहन निरीक्षण किया और अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर चिकित्सकों की उपस्थिति, मरीजों को दी जा रही सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई और प्रसव कक्षों की व्यवस्था की बारीकी से जांच की। इसके बाद कस्तूरबा बालिका विद्यालय का उपायुक्त ने निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली और छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर विशेष बल दिया। इसी दौरान विद्यालय प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण कर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। दौरे के क्रम में उपायुक्त हटवारिया स्थित आरोग्य वन पार्क भी पहुंचीं। यहां वन विभाग द्वारा विकसित औषधीय पौधों और हरित क्षेत्र की सराहना करते हुए उन्होंने इसे ग्रामीण स्वास्थ्य और पर्यावरण जागरूकता के लिए एक सशक्त माध्यम बताया। करमा पंचायत में मनरेगा के तहत तैयार किए गए आम बागवानी परियोजना का भी निरीक्षण किया। अंत में उपायुक्त ने रामनारायण डिग्री कॉलेज में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से निर्मित नए भवन का निरीक्षण किया।

## दीपावली व छठ महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**बारियातू।** बारियातु थाना परिसर में दीपावली व लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा मनाने को लेकर अंचलाधिकारी कोकिला कुमारी, बीडीओ अमित कुमार पासवान, थाना प्रभारी रंजन पासवान, पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य लोगों की उपस्थित में शान्ति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी कोकिला कुमारी व संचालन थाना प्रभारी रंजन पासवान ने किया। बैठक में दीपोत्सव (दीपावली) व छठ महापर्व को लेकर छठ घाटो की साफ सफाई, लाईटिंग की व्यवस्था आदि की जानकारी लेते हुए कई आवश्यक निर्देश दिए गए । थाना प्रभारी रंजन पासवान ने कहा कि त्यौहार को लेकर अगर परिवार सहित खरिददारी करने जाना हो तो प्रशासन को सुचित करे, प्रशासन का गस्ती दल उस क्षेत्र में विशेष निगरानी करेगी। पर्व को लेकर पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं पुलिस गश्ती दल अलग से काम करता रहेगा। समय समय पर वरीय अधिकारी क्षेत्र का जायजा लेते रहेंगे। असामाजिक तत्वों पर शख्त पहरा रहेगा। असामाजिक तत्वों से प्रशासन शख्ती के साथ निपटेगी।वही वीडियो अमित कुमार पासवन ने तेज आवाज वाले पटाखे के प्रयोग नहीं करने की बात कही गई। थाना प्रभारी ने असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने की बात कही, साथ ही किसी प्रकार के असमाजिक गतिविधिओं व तत्वों के संबंध में प्रशासन को सुचित करने की अपील की।

# सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में परंपरा व संस्कृति दर्शन कार्यक्रम का आयोजन

- पारंपरिक माटी कला से अवगत हुए शिशु वाटिका के नन्हे बच्चे

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ में गुरुवार को शिशु वाटिका के कक्षा अरुण के बच्चों को परंपरा एवं संस्कृति दर्शन कार्यक्रम अंतर्गत माटी कला से बोध कराया गया। इसके लिए नन्हे बच्चों को अंबा कोठी के निकट स्थित पारंपरिक मिट्टी कला कार्य से जुड़े कुम्हार अखिलेश प्रजापति सहित अन्य कलाकारों के घर ले जाया गया। प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी के दिशा निर्देश पर कक्षा अरुण की शिक्षिका शिल्पा कुमारी एवं आचार्य विकास कुमार गुप्ता की देखरेख में बच्चों ने पारंपरिक मिट्टी कला से ना सिर्फ परिचय किया बल्कि मिट्टी के खिलौने, दीप एवं कलश निर्माण की प्रक्रिया को भी निकटता से देखा। बच्चों में मिट्टी कला के रचनात्मक को जानने समझने को लेकर बहुत उत्साह रहा। छोटे-छोटे बच्चों ने मिट्टी कला के महत्व को समझा और दीपावली में मिट्टी के दीप से घर को रोशन करने का माता-पिता से आग्रह का संकल्प शिक्षकों के माध्यम से लिया।

# दीपावली में दीया और बाती का मिलन होगा घर-आंगन मिट्टी के दीये से होगे रोशन

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़।** दीपावली को अब चार दिन शेष रह गए हैं। गांवों में मिट्टी का बर्तन बनाने वाले कुम्हारों को उम्मीद है इस दीपावली पर लोगों के घर आंगन इनके बनाये मिट्टी दीये से रोशन होंगे। आधुनिकता के इस दौर में मिट्टी के दीये की पहचान बरकरार रखने के कारण कुम्हारों के कमाई की उम्मीद बन जाती है। कुम्हारों का कहना है। कि हमे उम्मीद है, इस दीपावली में फिर दीया और बाती का मिलन होगा और लोगों के घर-आंगन मिट्टी के दीये से रोशन होंगे। कुम्हारों के चेहरे खिल गए है।
बाजार में भी मिट्टी के दीये बिकने लगे हैं। पांच प्रकार के दिये बिक रहे है, सबसे बड़ा दिया 20 रू. तीन, उससे छोटा, 20 रू मे चार, तीसरा 10 मे चार, चौथा, 200 रू सैकड़ा, और पांचवा दीया 150 रू सैकड़ा बेचा जा रहा है।लोग ने दीये खरीद रहे है।आधुनिकता के इस दौर मे चाइनीज झालरों व मोमबत्तियों की चकाचौंध मिट्टी के दीयों के प्रकाश को गुमनामी के अंधेरे में धकेल दिया था।मगर पिछले दो वर्षों से लोगों की सोच में खासा बदलाव आया और एक बार फिर गांव की लुप्त होती इस कुम्हारी कला के पटरी पर लौटने के संकेत मिलने लगे हैं, मांग बढ़ी तो कुम्हारों के चेहरे खिल गए है।
ईश्वर प्रजापति, गनेश कुम्हार, रंजन प्रजापति कहते है, कि दरअसल पिछले वर्ष चीन के साथ तनाव को देखते हुए सोशल मीडिया पर जमकर चीनी उत्पादों के खिलाफ अभियान चला था। जिसमें दिवाली के मौके पर चाइनीज झालरों के बहिष्कार की भी बात थी।
वही पिछ्ले साल पीएम मोदी के 'वोकल फार लोकल' की अपील का भी लोगों पर जबरदस्त असर पड़ा और दिवाली के मौके पर हमारे बनाये दीयों की बिक्री भी और साल के अपेक्षा जमकर हुई थी।ऐसा लग रहा है कि 'वोकल फॉर लोकल' की अपील का असर इस बार भी लोगों के बीच दिखेगा।लोग चायनीज झालरों के बजाय हमारे मिट्टी के दीयों को प्राथमिकता देगे।

# न्यूज बॉक्स

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-39 के हिसरी गांव के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में 21 वर्षीय विशाल कुमार पिता स्व सिनोद लोहरा (बोरसीदाग़, चंदवा निवासी) की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक बाइक पर सड़क किनारे खड़ा था तभी एक पिकअप वाहन उसे टक्कर मारकर भागने लगा। घटना के बाद ग्रामीणों ने तुरंत गाड़ी का पीछा किया और सेरक के पास पिकअप को दौड़ाकर पकड़ने का प्रयास किया। घायल विशाल को पहले चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया था। लेकिन रास्ते में ही कुडू के समीप उसने दम तोड़ दिया। मृतक के परिजन हादसे से गहरे सदमे में हैं। उनका कहना है कि लापरवाह वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क सुरक्षा और नियमों के पालन की आवश्यकता पर जोर दिया। पुलिस ने मौके पर पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है। लेकिन चालक अभी तक फरार है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश जारी है। हिसरी और आसपास के इलाके में यह हादसा सड़क सुरक्षा की ओर गंभीर चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है।

## अनुमंडल वनाधिकार समिति की बैठक में आठ वन पट्टा वापस

**महुआडांड़।** अनुमंडल कार्यालय सभागार में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे की अध्यक्षता में अनुमंडल वनाधिकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ग्राम सभाओं द्वारा प्रस्तुत सामुदायिक वन पट्टा से संबंधित प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान कुल आठ वन पट्टा प्रस्तावों में त्रुटियां पाए जाने पर उन्हें सुधार हेतु संबंधित ग्राम सभाओं को वापस भेज दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी श्री दुबे ने ग्राम सभाओं को निर्देश दिया कि वे आवश्यक अभिलेखों और सीमांकन से संबंधित दस्तावेजों को सही कर पुनः समिति के समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि पात्र लाभुकों को शीघ्र लाभ मिल सके। बैठक में प्रभारी सीआई रघुवीर गंझू, वनपाल कुंवर गंझू, फादर जॉर्ज मौनोपोली समेत समिति के अन्य सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध बालू खनन परिवहन मामले में प्राथमिकी दर्ज

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र के बड़ाकर नदी से अवैध बालू खनन परिवहन मामले में पकड़े गए दो ट्रेक्टर पर प्रभारी अंचल अधिकारी मनीष कुमार के लिखित आदेश के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई।बीते रात्री थाना प्रभारी आशीष प्रसाद के नेतृत्व में मालिया मोड़ के समीप अवैध बालू लदा दो ट्रेक्टर जब्त कर थाना लाया गया और अंचल अधिकारी को अग्रसर कार्रवाई के लिए भेजा था।अंचल अधिकारी के लिखित आवेदन पर मयूरहंड थाना कांड संख्या 56/2025 दर्ज किया गया।जानकारी अनुसार दोनों पकड़े गए ट्रेक्टरो में से एक ट्रेक्टर उप प्रमुख पति पेटादेरी का बताया जा रहा है।पेटादेरी घाट से अवैध बालू खनन एवं परिवहन बड़े पैमाने पर नित्य दिन होता है।मयूरहंड थाना क्षेत्र के अलावा हजारीबाग जिले के चौपारण,बरही समेत विभिन्न थाना से पहुंचे सैकड़ों ट्रेक्टर अवैध बालू निकाल कर धड़ल्ले से ले जाते हैं।परंतु प्रखंड प्रशासन के पकड़ में महज एक दो ट्रेक्टर बाकी सब बेखौफ अवैध खनन परिवहन में लिप्त हैं।हालांकि इस कार्रवाई से ट्रेक्टर संचालकों में दहशत का माहौल ब्यापत है।

## वॉक फॉर डिस्लेक्सिया के बैनर लेकर छात्रों ने निकाली मौन रैली

**चतरा।** रामनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय हंटरगंज के छात्रों द्वारा गुरुवार को मौन धारण कर रैली निकाली गई। स्कूली बच्चे वॉक फॉर डिस्लेक्सिया का बैनर लेकर रैली में मौन धारण करके घूम रहे थे। यह रैली विद्यालय परिसर से हंटरगंज मुख्य बाजार में निकल गई। इस कार्यक्रम से बच्चों द्वारा यह संदेश देने का प्रयास कर रहे थे, कि डिस्लेक्सिया एक बीमारी है जिस पर अगर हम समुचित रूप से जागरूक हो तो इस पर विजय प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार ने बताया की डिस्लेक्सिया को हिंदी में अपपठन या वर्ण अक्षमता कहा जाता है। यह सीखने संबंधी विकार है, जो पढ़ने या समझने और भाषा संबंधी कार्यों को प्रभावित करता है। जिसमें अक्षरों और शब्दों को पहचानने में कठिनाई होती है यह बहुत सामान्य स्थिति है और बच्चों में विशेष रूप से देखने को मिलती है। लेकिन यह व्यक्ति की बुद्धिमत्ता को प्रभावित नहीं करता। उन्होंने बताया कि यह मुख्य रूप से इस बात पर निर्भर करता है कि दिमाग शब्दों या अक्षरों को कैसे संसाधित करता है। इसमें ध्वनियां की पहचान ध्वनि संबंध और वर्तनी में कठिनाई हो सकती है, बच्चे अक्सर उल्टे अक्षर लिख सकते हैं या पढ़ते समय शब्दों को उलट पलट कर सकते हैं। इसकी शुरुआती पहचान और सहायता से बच्चों की पढ़ाई और भाषा कौशल में सुधार किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में उच्च विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## डाक जीवन बीमा में हजारीबाग प्रमंडल देश स्तर पर रहा अव्वल

**सिमरिया (चतरा)।** पूरे भारतवर्ष में डाक व्यवसाय में ग्रामीण डाक जीवन बीमा एवं डाक जीवन बीमा में हजारीबाग प्रमंडल प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके पूर्व में भी पांच करोड़ प्रीमियम करके प्रथम स्थान प्राप्त किया था। एक बार फिर 11 अक्टूबर को एक ही दिन में 8 करोड़ 28 लाख प्रीमियम जमा कर भारत वर्ष में हजारीबाग प्रमंडल प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रचा है। इस उपलक्ष में उप डाक पाल सिमरिया विनोद कुमार के द्वारा सिमरिया उप डाक घर में स्वागत अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें आशुतोष कुमार सिंहा डाक अधीक्षक हजारीबाग, सहायक डाक अधीक्षक विश्वजीत राय, शिकायत निरीक्षक समीर मंडल, चतरा डाक निरीक्षक ऋषिकांत कुमार सिंह, डाक सहायक ललन कुमार, सत्येंद्र सोनी, मेल ओवरसियर शिव प्रकाश यादव, सहदेव राम, अलख कुमार, अफजल हुसैन, कोमल तिवारी, अपूर्वा सिंहा, शान्ति कुमारी, दिती कुमारी, सरस्वती बेक आदि शामिल हुए।

## पंसस ने चलाया सत्याग्रह अभियान

**चंदवा।** झारखंड को 15वें वित्त आयोग की राशि केंद्र सरकार द्वारा अब तक निर्गत नहीं किए जाने के विरोध में कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान के द्वारा कामता पंचायत में सत्याग्रह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए केंद्र से राशि नहीं मिलने के कारण पंचायती राज संस्थाओं के विकास कार्य ठप हो गए हैं। चापानल, जालमीनार, नाली मरम्मत, पीसीसी पथ, शौचालय निर्माण जैसी योजनाएं बंद पड़ी हैं। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से उन्हें कोई वित्तीय सहायता नहीं मिली, जिससे जन आकांक्षाएं अधूरी रह गई हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से झारखंड की 15वें वित्त आयोग की राशि शीघ्र जारी करने की मांग की है। अभियान में मुखिया नरेश भगत,पूर्व मुखिया रामधनी भगत,द्वारीका गंझु,उमा देवी,सावित्री देवी,महेंद्र गंझु,मनोज गंझु,बबुआ गंझु, जगमोहन गंझु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## शिक्षकों के लिए कार्यशाला का आयोजन

**महुआडांड़।** आकांक्षी प्रखण्ड महुआडांड़ में पिरामल फाउंडेशन संस्था द्वारा आदिम जनजाति संप्रदाय के बच्चों के बेहतर शिक्षा पर काम किया जा रहा हैं।इसके तहत 15 अक्टूबर को प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय महुआडांड़ में 44 शिक्षकों के साथ जिला प्रशासन और पिरामल फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आदिम जनजाति संप्रदाय के बच्चों का शिक्षण प्रणाली को जनभागीदारी से बेहतर कैसे बेहतर बनाए जाए इस पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। साथ ही समूह गतिविधियों के माध्यम से पंचायत स्तर पर शिक्षा सुधार की उत्कृष्ट पहलें साझा की गई। प्रतिभागियों को टीआईपीपीएस एवं एएलपी जैसे शिक्षण उपकरणों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यशाला में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी श कामेश्वर सिंह, प्रखण्ड साधन सेवी नाहिद अंसारी, सभी संकुल साधन सेवी, विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं पिरामल फाउंडेशन संस्था से आकाश घोडमारे, ऋषिकेश बारब्दे, तनिमा घोष, अमरेन्द्र कुमार, नवीन रूंड्रा प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे।

# भाजपा के पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनी वर्मा व दर्जनभर युवा कांग्रेस में शामिल

## विधायक भूषण बाड़ा ने किया गर्मजोशी से स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले की राजनीति में कांग्रेस पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार को भाजपा के पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सह ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सोनी वर्मा ने दर्जनों युवाओं के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सभी कार्यकर्ता सिमडेगा विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूषण बाड़ा की कार्यशैली से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए।कांग्रेस में शामिल होने वालों में अभाविप के पूर्व जिला संयोजक शशिकांत शाह, विकास पासवान, पंकज साहू, अरविंद दास, रामनरेश केवट, कुणाल केशरी, गोल्डन डे, उज्वल केशरी, कैलाश कुमार सिंह, पवन बड़ाईक, संजू कुमार, सुधीर यादव, बिट्टू कुमार, आकाश चिक बड़ाईक, रोहित साहू, सूरज गोप सहित कई युवा शामिल थे। सभी का स्वागत विधायक सह जिलाध्यक्ष भूषण बाड़ा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा एवं प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय शाहदेव ने पुष्पमाला और पार्टी का पट्टा पहनाकर किया।मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही वह विचार है, जो हर वर्ग को साथ लेकर चलती है। आज के युवा जाति-धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर विकास और समानता की राजनीति को अपना रहे हैं। उन्होंने नए साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन हर कदम पर उनके सपनों को साकार करने में साथ देगा।महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जोसिमा खाखा ने कहा कि कांग्रेस में युवाओं और महिलाओं की बढ़ती भागीदारी संगठन को और मज़बूत बनाएगी। वहीं, डॉ. अजय शाहदेव ने कहा कि भाजपा छोड़कर युवाओं का कांग्रेस में आना जनता के मन में उठ रही बदलाव की लहर का प्रतीक है।

# वृद्धों के लिए संतुलित और सुरक्षित आहार अत्यंत आवश्यक : एफएसओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विश्व खाद्य दिवस 2025 के अवसर पर उपायुक्त सिमडेगा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को स्थानीय वृद्धाश्रम में फल एवं मिठाई वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने उपस्थित लोगों को संतुलित आहार और पोषण के महत्व की जानकारी दी।एफएसओ गुग्गी ने कहा कि वृद्धावस्था में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, ऐसे में संतुलित और सुरक्षित आहार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वृद्धजन के भोजन में प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स और फाइबर की उचित मात्रा शामिल होनी चाहिए ताकि वे स्वस्थ और सक्रिय रह सकें। उन्होंने कहा कि भोजन सिर्फ पेट भरने के लिए नहीं, बल्कि शरीर को पोषित रखने का माध्यम है। इस अवसर पर विश्व खाद्य दिवस 2025 की थीम"बेहतर भोजन और बेहतर भविष्य के लिए हाथ मिलाना"को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि यह दिन इस बात का संदेश देता है कि सभी देश मिलकर पोषण, खाद्य सुरक्षा और बेहतर भविष्य के लिए कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने भोजन की सही मात्रा लेने, बासी या असुरक्षित खाद्य से परहेज करने और खाद्य बर्बादी से बचने के सुझाव भी दिए।एफएसओ प्रकाश गुग्गी ने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों का हाल-चाल जाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल, सचिव रिंकू, कोषाध्यक्ष पप्पू चौधरी, विनोद बंसल, राकेश, प्रभात, राकेश सिंह, संजय गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

### (सर्वसाधारण के लिए सूचना)

हरिहरगंज थाना कांड सं0–165/21, दि0–18.12.2021 धारा–457/380 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त अनिल पासवान उम्र– 37 वर्ष पे0–परीक्षा पासवान, सा0–उपरी डुमरी, थाना–अम्बा, जिला–औरंगाबाद (बिहार) पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, छतरपुर पलामू :– 9431706241
थाना प्रभारी, हरिहरगंज :– 9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 364239 Police (25-26)_D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।

### (सर्वसाधारण के लिए सूचना)

तरहसी थाना कांड सं0-60/21, दि0-13.08.2021 धारा-379 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त देव मेहता पिता-भिखारी मेहता, ग्राम-बरेवा, थाना-हैदरनगर, जिला-पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक, पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज, पलामू :- 9264196949
थाना प्रभारी, तरहसी, पलामू :- 9430774070

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR 364236 (Police) 25-26 (D)


## समाहरणालय, लातेहार (भू-अर्जन शाखा) समाहर्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन) संख्या– /भू0 अ0 दिनांक–

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–जडेयांग चादर–II थाना नं0–351 राजस्व, थाना–लातेहार पुलिस स्टेशन–लातेहार जिला लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौपा गया। S.I.A. प्रतिवेदन को भू–अर्जन अधिनियम 2013 के धारा–07 (2) उपधारा (1) के तहत् आक्कलन हेतु विशेषज्ञ समूह गठित किया गया एवं समूह के प्रतिवेदनानुसार भूमि अधिग्रहण करने की सहमति दी गई है। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार–संक्षेप यथा–निम्न है। कोल ब्लॉक निर्माण के दौरान ज्यादातर लोगों की जमीन अधिग्रहित किया जायेगा। परियोजना हेतु भू–अर्जन किये जाने की सहमति दी जाती है"। भू–अर्जन के कारण परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1)(ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी को प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–जडेयांग चादर–II थाना नं0–351 राजस्व, थाना–लातेहार पुलिस स्टेशन–लातेहार जिला लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–121.00 एकड़ मानक माप का भूखंड, प्रारंभिक अधिसूचना किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

| क्र० सं० | ग्राम का नाम | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | भूमि का वर्गीकरण | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | भू–अर्जन की जाने वाली भूमि का चौहदी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 125 | जडेयांग चादर–II | 51 | 1011 | टांड दो | 0.13 | 0.13 | पंडरा उरांव वो धलवा उरांव, पिता–ढुपा उरांव छव अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व धनेश्वर उरांव, पिता–चमू उरांव दो अंश, जाति–उरांव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व रामेश्वर उरांव वो भुनेश्वर उरांव, पिता–लेदा उरांव दो अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व हरि उरांव, पिता– चुन्दा उरांव दो अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मंगरू उरांव, पिता– सकुरा उरांव छव अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व कैला उरांव वो सुकू उरांव, पिता–नारा उरांव छव अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व सोमा उरांव, पिता–मंगरा उरांव छव अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व वन्धु उरांव, पिता–दूर्गा उरांव तीन अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व वावूलाल उरांव, पिता–वुधु उरांव तीन अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | पंडरा उरांव वो धलवा उरांव, पिता–ढुपा उरांव छव अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व धनेश्वर उरांव, पिता–चमू उरांव दो अंश, जाति–उरांव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व रामेश्वर उरांव वो भुनेश्वर उरांव, पिता–लेदा उरांव दो अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व हरि उरांव, पिता– चुन्दा उरांव दो अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मंगरू उरांव, पिता– सकुरा उरांव छव अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व कैला उरांव वो सुकू उरांव, पिता–नारा उरांव छव अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व सोमा उरांव, पिता–मंगरा उरांव छव अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व वन्धु उरांव, पिता–दूर्गा उरांव तीन अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व वावूलाल उरांव, पिता–वुधु उरांव तीन अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–बंधु उरांव दक्षिण–भुनेश्वर पूरब–रास्ता पश्चिम–1040 |
| 126 | जडेयांग चादर–II | 51 | 1012 | टांड दो | 0.22 | 0.22 | पंडरा उरांव वो धलवा उरांव, पिता–ढुपा उरांव छव अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व धनेश्वर उरांव, पिता–चमू उरांव दो अंश, जाति–उरांव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व रामेश्वर उरांव वो भुनेश्वर उरांव, पिता–लेदा उरांव दो अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व हरि उरांव, पिता– चुन्दा उरांव दो अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मंगरू उरांव, पिता– सकुरा उरांव छव अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व कैला उरांव वो सुकू उरांव, पिता–नारा उरांव छव अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व सोमा उरांव, पिता–मंगरा उरांव छव अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व वन्धु उरांव, पिता–दूर्गा उरांव तीन अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व वावूलाल उरांव, पिता–वुधु उरांव तीन अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | पंडरा उरांव वो धलवा उरांव, पिता–ढुपा उरांव छव अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व धनेश्वर उरांव, पिता–चमू उरांव दो अंश, जाति–उरांव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व रामेश्वर उरांव वो भुनेश्वर उरांव, पिता–लेदा उरांव दो अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व हरि उरांव, पिता– चुन्दा उरांव दो अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मंगरू उरांव, पिता– सकुरा उरांव छव अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व कैला उरांव वो सुकू उरांव, पिता–नारा उरांव छव अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व सोमा उरांव, पिता–मंगरा उरांव छव अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व वन्धु उरांव, पिता–दूर्गा उरांव तीन अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व वावूलाल उरांव, पिता–वुधु उरांव तीन अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–निज दक्षिण–निज पूरब–रास्ता पश्चिम–1040 |
| 127 | जडेयांग चादर–II | 51 | 1013 | टांड दो | 1.18 | 1.18 | पंडरा उरांव वो धलवा उरांव, पिता–ढुपा उरांव छव अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व धनेश्वर उरांव, पिता–चमू उरांव दो अंश, जाति–उरांव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व रामेश्वर उरांव वो भुनेश्वर उरांव, पिता–लेदा उरांव दो अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व हरि उरांव, पिता– चुन्दा उरांव दो अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मंगरू उरांव, पिता– सकुरा उरांव छव अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व कैला उरांव वो सुकू उरांव, पिता–नारा उरांव छव अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व सोमा उरांव, पिता–मंगरा उरांव छव अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व वन्धु उरांव, पिता–दूर्गा उरांव तीन अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व वावूलाल उरांव, पिता–वुधु उरांव तीन अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | पंडरा उरांव वो धलवा उरांव, पिता–ढुपा उरांव छव अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व धनेश्वर उरांव, पिता–चमू उरांव दो अंश, जाति–उरांव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व रामेश्वर उरांव वो भुनेश्वर उरांव, पिता–लेदा उरांव दो अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व हरि उरांव, पिता– चुन्दा उरांव दो अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मंगरू उरांव, पिता– सकुरा उरांव छव अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व कैला उरांव वो सुकू उरांव, पिता–नारा उरांव छव अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व सोमा उरांव, पिता–मंगरा उरांव छव अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व वन्धु उरांव, पिता–दूर्गा उरांव तीन अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व वावूलाल उरांव, पिता–वुधु उरांव तीन अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–बैजु उरांव दक्षिण–बंधु उरांव पूरब–रास्ता पश्चिम–1037 |
| 128 | जडेयांग चादर–II | 53 | 949 | टांड दो नई परती | 1.55 | 1.55 | फूलसहाय गंझू, पिता–मेघू गंझू, जाति–गन्झु, निवासी–सेमरीया पत्रालय मुरूप | फूलसहाय गंझू, पिता–मेघू गंझू, जाति–गन्झु, निवासी–सेमरीया पत्रालय मुरूप | उत्तर–मधवा भुईया दक्षिण–रास्ता पूरब–965 पश्चिम–नहर |
| 129 | जडेयांग चादर–II | 55 | 894 | धान दो | 3.46 | 3.46 | वन्धू उरांव, पिता–दूर्गा उरांव, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वन्धू उरांव, पिता–दूर्गा उरांव, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–पुरानी परति दक्षिण–पंचु उरांव पूरब–975 पश्चिम–902 |
| 130 | जडेयांग चादर–II | 55 | 900 | धान दो | 0.03 | 0.03 | वन्धू उरांव, पिता–दूर्गा उरांव, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वन्धू उरांव, पिता–दूर्गा उरांव, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–दुर्गा उरांव दक्षिण–कैलेश्वर पूरब–895 पश्चिम–899 |
| 131 | जडेयांग चादर–II | 55 | 973 | धान दो | 1.86 | 1.86 | वन्धू उरांव, पिता–दूर्गा उरांव, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वन्धू उरांव, पिता–दूर्गा उरांव, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–सोना उरांव दक्षिण–अहरा पूरब–1018 पश्चिम–मोटीआर |
| 132 | जडेयांग चादर–II | 55 | 974 | बांध | 0.17 | 0.17 | वन्धू उरांव, पिता–दूर्गा उरांव, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वन्धू उरांव, पिता–दूर्गा उरांव, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–975 दक्षिण–972 पूरब–973 पश्चिम–994 |
| 133 | जडेयांग चादर–II | 59 | 1086 | टांड दो | 1.64 | 1.64 | वालो चमार पिता–गोपाल चमार, जाति–चमार, निवासी–पकड़ार पत्रालय मुरूप | वालो चमार पिता–गोपाल चमार, जाति–चमार, निवासी–पकड़ार पत्रालय मुरूप | उत्तर–धनशिया दक्षिण–सुराम ठाकुर पूरब–1085 पश्चिम–रास्ता |
| 134 | जडेयांग चादर–II | 60 | 549 | टांड दो | 2.06 | 2.06 | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–पंडरा उरांव दक्षिण–निज पूरब–574 पश्चिम–547 |
| 135 | जडेयांग चादर–II | 60 | 899 | धान दो | 0.21 | 0.21 | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–दुर्गा उरांव दक्षिण–निज पूरब–911 पश्चिम–922 |
| | | | | | | | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर | |
| 136 | जडेयांग चादर–II | 60 | 902 | धान दो | 0.21 | 0.21 | कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–कलेश्वर उरांव दक्षिण–निज पूरब–894 पश्चिम–922 |
| 137 | जडेयांग चादर–II | 60 | 905 | धान दो | 0.01 | 0.01 | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–निज दक्षिण–पंचु उरांव पूरब–904 पश्चिम–906 |
| 138 | जडेयांग चादर–II | 60 | 922 | धान दो | 0.39 | 0.39 | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–निज दक्षिण–पंचु उरांव पूरब–902 पश्चिम–923 |
| 139 | जडेयांग चादर–II | 60 | 990 (P) | धान दो | 1.00 | 0.73 | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–सुखलाल दक्षिण–चंपु उरांव पूरब–990 अंष पश्चिम–1000 |
| 140 | जडेयांग चादर–II | 60 | 1023 | धान दो | 0.06 | 0.06 | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–गंदुरा उरांव दक्षिण–निज पूरब–1022 पश्चिम–970 |
| 141 | जडेयांग चादर–II | 60 | 1024 | धान दो | 0.59 | 0.59 | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–निज दक्षिण–पंचु उरांव पूरब–1022 पश्चिम–1047 |
| 142 | जडेयांग चादर–II | 60 | 1025 | धान दो | 0.04 | 0.04 | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–गंदुरा उरांव दक्षिण–निज पूरब–1022 पश्चिम–1024 |
| 143 | जडेयांग चादर–II | 60 | 1047 | धान दो | 0.88 | 0.88 | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–वामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–निज दक्षिण–रति उरांव पूरब–1030 पश्चिम–1050 |
| 144 | जडेयांग चादर–II | 60 | 1052 | धान दो | 0.34 | 0.34 | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वीजल उरांव, पिता–मंगल उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व गन्दरू उरांव वो कैलेश्वर उरांव वो धनलाल उरांव, पिता–विफई उरांव एक अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व मुस्मात फागो देवी, पति–चामा उरांव एक अंश, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–कामेश्वर दक्षिण–बांध पूरब–1047 पश्चिम–965 |
| 145 | जडेयांग चादर–II | 61 | 1061 | टांड दो नई परती | 2.27 | 2.27 | विना तुरी, पति–मुखा तुरी, जाति– तुरी, निवासी–सेमरीया पत्रालय मुरूप | विना तुरी, पति–मुखा तुरी, जाति– तुरी, निवासी–सेमरीया पत्रालय मुरूप | उत्तर–रास्ता दक्षिण–पुरानी परति पूरब–1065 पश्चिम–1060 |
| 146 | जडेयांग चादर–II | 62 | 476 | टांड दो | 0.60 | 0.60 | विसुन देवी, पति–कुवंर उरांव, जाति–उरॉंव, निवासी–पतरातू पत्रालय लातेहार | विसुन देवी, पति–कुवंर उरांव, जाति–उरॉंव, निवासी–पतरातू पत्रालय लातेहार | उत्तर–पुरानी परति दक्षिण–चंदरा उरांव पूरब–475 पश्चिम–477 |
| 147 | जडेयांग चादर–II | 63 | 986 | टांड दो | 0.51 | 0.51 | वीगू उरांव वो दसू उरांव, पिता–वुधु उरांव अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | वीगू उरांव वो दसू उरांव, पिता–वुधु उरांव अंश समान, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–पुरानी परति दक्षिण–सुखलाल उरांव पूरब–985 पश्चिम–987 |
| 148 | जडेयांग चादर–II | 65 | 1005 | धान दो | 0.48 | 0.48 | वुधू उरांव, पिता–फागू उरांव, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | वुधू उरांव, पिता–फागू उरांव, जाति–उरॉंव, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही पत्रालय मुरूप | उत्तर–सुखलाल उरांव दक्षिण–निज पूरब–मोटीआर पश्चिम–रास्ता |
| 149 | जडेयांग चादर–II | 66 | 876 | धान दो | 0.34 | 0.34 | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तीतरा पाहन, पिता–भूखल पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तीतरा पाहन, पिता–भूखल पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–निज दक्षिण–लादेरिया भुईया पूरब–877 पश्चिम–424 |
| 150 | जडेयांग चादर–II | 66 | 877 | धान दो | 0.07 | 0.07 | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तीतरा पाहन, पिता–भूखल पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तीतरा पाहन, पिता–भूखल पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–निज दक्षिण–लेदरिया भुईया पूरब–878 पश्चिम–876 |
| 151 | जडेयांग चादर–II | 66 | 878 | धान दो | 0.25 | 0.25 | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तीतरा पाहन, पिता–भूखल पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तीतरा पाहन, पिता–भूखल पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–रास्ता दक्षिण–लेदिया भुईया पूरब–879 पश्चिम–877 |
| 152 | जडेयांग चादर–II | 66 | 879 | धान दो | 0.21 | 0.21 | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तीतरा पाहन, पिता–भूखल पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तीतरा पाहन, पिता–भूखल पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–रास्ता दक्षिण–निज पूरब–रास्ता पश्चिम–878 |
| 153 | जडेयांग चादर–II | 66 | 880 | धान दो | 0.09 | 0.09 | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तीतरा पाहन, पिता–भूखल पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तीतरा पाहन, पिता–भूखल पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–निज दक्षिण–नंदु ठाकुर पूरब–रास्ता पश्चिम–881 |
| 154 | जडेयांग चादर–II | 66 | 881 | धान दो | 0.08 | 0.08 | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तीतरा पाहन, पिता–भूखल पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | वुधु पाहन वो सुधु पाहन वो गनौरी पाहन, पिता–वुटन पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही व लूरक पाहन वो तीतरा पाहन, पिता–भूखल पाहन, जाति–भोगता, निवासी–निज ग्राम टोला टेकही | उत्तर–निज दक्षिण–निज पूरब–880 पश्चिम–883 |

PR 364319 Water Resource (25-26)_D

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार

# सामाजिक संस्थाओं ने संयुक्त रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बालिकाओं के साथ मनाई दीपावली

● दीपावली केवल घरों में रोशनी जलाने का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों में उम्मीद जगाने का भी संदेश हैं देती

नवीन मेल संवाददाता




**धनबाद** । दीपावली के अवसर पर गुरुवार को रोटी बैंक यूथ क्लब धनबाद, थैलेसीमिया सोसाइटी और खुशियों की उड़ान द्वारा एसएनएमएमसीएच अस्पताल में एक संवेदनशील और मानवीय पहल की गई। इन सामाजिक संस्थाओं ने संयुक्त रूप से थैलेसीमिया से पीड़ित बालिकाओं के साथ दीपावली मनाकर समाज को मानवता और संवेदनशीलता का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य इन बच्चियों के अंदर खुशियों और आत्मविश्वास की रोशनी जगाना था। जिस प्रकार नवरात्र में कन्याओं को देवी दुर्गा का स्वरूप मानकर पूजन किया जाता है, उसी प्रकार दीपावली पर थैलेसीमिया पीड़ित इन बच्चियों को देवी लक्ष्मी का स्वरूप मानकर सम्मानित और पूजित किया गया। इस अवसर पर आयोजक संस्थाओं की ओर से बच्चियों को नए कपड़े, मिठाइयाँ और उपहार प्रदान किए गए। संगठनों ने यह संदेश दिया कि बीमारी कभी हिम्मत कम नहीं कर सकती हैं।सच्चा साहस इन बच्चियों जैसा होता है,जो हर दिन जीवन के लिए संघर्ष करते हुए भी मुस्कुराना नहीं भूलतीं हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अस्पताल के अधीक्षक डॉ. दिनेश गिंडोरिया, अस्पताल के प्रिंसिपल डॉ. संजय चौरसिया, बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश कुमार, ब्लड बैंक के डॉ. अजय कुमार,नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कुमार एवं अन्य उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। जिसमें अस्पताल के प्रिंसिपल डॉ. संजय चौरसिया को उनके उत्कृष्ट योगदान और प्रेरणादायक कार्यकाल के लिए सम्मानित किया गया। वे 31 दिसंबर को अपने पद से सेवानिवृत्त होंगे। रोटी बैंक यूथ क्लब धनबाद और सहयोगी संस्थाओं ने उनके सामाजिक सरोकारों के प्रति योगदान की सराहना की। रोटी बैंक यूथ क्लब धनबाद, थैलेसीमिया सोसाइटी और खुशियों की उड़ान के सदस्यों ने कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ समाज को यह याद दिलाती हैं कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है और दीपावली केवल घरों में रोशनी जलाने का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों में उम्मीद जगाने का भी संदेश देती है।

## आई लव मोहम्मद लिखना है तो अपने दिल में लिखो : मौलाना

**धनबाद**। झरिया झरिया के भागा बाजार कोलफील्ड एकता कमेटी की ओर से भागा में मौसीने आजम कॉन्फ्रेंस का आयोजन गुरुवार की रात किया गया।।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बाबा झारखंडी के नाम से मशहूर मौलाना सिद्दीक हसन ने भागा वासियों को अपने तकरीरों से मन मोहन लिया। अपने तकरीर के जरिए झारखंड सरकार की मइया सम्मान योजना को लेकर चुटकुले सुनाए। कहा कि मइया सम्मान योजना के तहत 7500 अकाउंट में आते ही महिलाएं धनबाद के बाजारों में जाकर खरीदारी करना शुरू कर दी हैं। झारखंडी बाबा ने बताया कि इन दिनों आई लव मोहम्मद को लेकर पूरे देश में आक्रोश है। हिंदुस्तान के कई जगहों पर आई लव मोहम्मद को लेकर जुलूस निकाला जा रहा है।

# छठ घाट पर गंदगी का अंबार, साफ-सफाई और सुरक्षा को लेकर एसपी ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़**। स्वच्छता के महापर्व छठ का पहला अर्घ्य 27 अक्टूबर को है. इसके बावजूद कई घाट कूड़े से भरे पड़े हैं. रामगढ़ शहर में दामोदर नदी के तटों पर भी कूड़े के ढेर लगे हैं. दामोदर नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है. सुरक्षा और व्यवस्था के लिए रामगढ़ एसपी ने छठ घाट का निरीक्षण किया और साफ-सफाई के साथ-साथ सुरक्षा का भी जायजा लिया. दिवाली सोमवार को है और छठ ठीक 6 दिन बाद है. छठ महापर्व के दौरान नदी घाटों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने और छठ व्रतियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए छठ महासमितियां दामोदर नदी के तटों की सफाई करवा रही हैं. साथ ही, वे जिला प्रशासन और छावनी परिषद से भी अपील कर रहे हैं कि सफाई बड़े पैमाने पर की जाए और वे भी इसमें अपनी भागीदारी निभाएं ताकि स्वच्छता का यह महापर्व छठ हर साल की तरह इस साल भी हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा सके. थाना चौक छठ महासभा के अध्यक्ष सतीश गुप्ता ने बताया कि इस बार हुई बारिश के कारण दामोदर नदी के स्वरूप में बदलाव आया है. दामोदर नदी में पानी काफी गहरा है. इस साल हर साल की तुलना में ज़्यादा पानी है. साथ ही, नदी के स्वरूप में बदलाव के कारण लोगों के आने-जाने की जगह कम हो गई है. इसके लिए आस-पास के बड़े-बड़े पत्थरों को हटाना होगा, वरना छठ के दौरान नदी घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. स्थानीय अमरेश गणक ने बताया कि इस बार नदी में काफी पानी है. नदी का जलस्तर लगातार तीन बार बढ़ा है और पूरा इलाका जलमग्न हो गया है. इस वजह से पूरे इलाके में बड़े-बड़े पत्थर दिखाई दे रहे हैं. इसके साथ ही नदी कई जगहों पर कटाव भी कर रही है. इस समय गंदगी भी काफी ज्यादा है.

## डीजीजीआइ की टीम को स्वर्णकार ने कराया इंतजार

**जमशेदपुर**। छापेमारी के दौरान जब डीजीजीआइ की टीम जाती है, तो वह किसी का इंतजार नहीं करती है, लेकिन बुधवार को साकची कार्यालय में टीम के पदाधिकारियों को एक स्वर्णकार का एक घंटे से भी अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा. डीजीजीआइ की टीम चास से प्रतीक कलबलिया को गिरफ्तार कर जमशेदपुर ले आयी थी. जब उसे जेल भेजे जाने की तैयारी हो रही थी, तो अधिकारियों ने देखा कि प्रतीक के हाथ में सोने का एक बड़ा कड़ा है. उसे पहले खोलने का प्रयास किया गया, लेकिन जब वह नहीं खुला तो फिर उसे काटने के लिए स्वर्णकार की मदद लेने का फैसला किया गया. धनतेरस-दीपावली का बाजार होने के कारण कोई भी स्वर्णकार समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा था. एक घंटा इंतजार करने के बाद प्रतीक के हाथ का कड़ा काटने के लिए एक स्वर्णकार वहां पहुंचा.

### चौपारण पुलिस ने महज दो घंटे में तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार

# लूटी गई गाड़ी व नगदी बरामद

नवीन मेल संवाददाता

● अज्ञात अपराधियों ने मारपीट कर उनसे गाड़ी, 21,300 रुपये नकद और मोबाइल फोन लूट लिया था



**बरही/चौपारण**। हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना का पुलिस ने त्वरित उद्भेदन कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चौपारण पुलिस ने महज दो घंटे के भीतर लूटकांड का पर्दाफाश करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी रूपेश कुमार उम्र 22 वर्ष पिता राम सजीवन राय, निवासी दरवा, थाना ताजपुर, जिला समस्तीपुर बिहार ने आवेदन दिया था कि वह अपने पिकअप वैन संख्या बीआर 01जीएल 8677 से पटना ट्रांसपोर्ट नगर से मेडिकल की दवा लोड कर रांची जा रहे थे। 15 अक्टूबर की रात करीब 1 बजे चौपारण घाटी पार करने के बाद सिंह एम होटल के पास एक काले रंग की ब्रेजा कार जेएच 02 बीटी 7723 ने उन्हें ओवरटेक कर रोका। अज्ञात अपराधियों ने मारपीट कर उनसे गाड़ी, 21,300 रुपये नकद और मोबाइल फोन लूट लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक हजारीबाग ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही अजित कुमार बिमल के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया। तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने सिर्फ दो घंटे के भीतर सरदारपुर जीटी रोड से लूट में प्रयुक्त Brezza गाड़ी को बरामद किया और दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। बाद में उनकी निशानदेही पर लूटी गई पिकअप वैन और तीसरे अपराधी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों में शिवम कुमार उम्र 20 वर्ष पिता मिथिलेश चौरसिया, निवासी बराई केंदुआ थाना चौपारण, जिला हजारीबाग, राहुल सिंह उम्र 30 वर्ष पिता बाबूलाल सिंह, निवासी गणपति होटल के सामने थाना इटखोरी, जिला चतरा, अरविंद चौरसिया उम्र 33 वर्ष, पिता परगेश्वर चौरसिया, निवासी इटखोरी जिला चतरा शामिल हैं। बरामदगी में राहुल सिंह से काले रंग की ब्रेजा कार जेएच 02 बीटी 7723 मोबाइल फोन और 21,300 नकद, अरविंद चौरसिया से लूटा गया ओप्पो एफ 25 प्रो 5जी मोबाइल फोन, शिवम कुमार से लूटी गई पिकअप वैन बीआर 01 जीएल 8677 और मोबाइल फोन शामिल है।

# कांस्य पदक विजेता आशा कुमारी को उपायुक्त ने दी शुभकामनाएं



धनबाद । धनबाद की प्रतिभाशाली एथलीट आशा कुमारी को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। आशा कुमारी ने 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप, जो 10 से 14 अक्टूबर तक भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित हुई थी, में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि से आशा कुमारी ने न केवल धनबाद जिले बल्कि पूरे झारखंड राज्य का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर उनके कोच जयराम भगत भी उपस्थित रहे, जिन्होंने उनके प्रशिक्षण एवं सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उपायुक्त ने दोनों को जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एनसीसी इंचार्ज को शूटिंग में मिला देश में प्रथम स्थान

# अनुशासन व देशभक्ति का जुनून पैदा करता है एनसीसी : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता



**बरही** । बीते करीब ढाई माह से डीएवी के एनसीसी इंचार्ज सह कम्प्यूटर शिक्षक डॉ दीपक शरण नागपुर के कैम्टी में एनसीसी के विशेष प्रशिक्षण में हिस्सा ले रहे थे. जहां उन्होंने एनसीसी के विभिन्न प्रशिक्षण में उम्दा प्रदर्शन किया. 22- झारखंड बटालियन हजारीबाग का प्रतिनिधित्व करते हुए पासिंग आउट परेड में शामिल होकर विद्यालय सहित पूरे जिले का मान बढ़ाया. शूटिंग कला में इन्होंने भारत में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है. जिन्हे विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ और वरिष्ठ शिक्षक नरसिंह शर्मा ने स्टार लगाकर सम्मानित किया. एनसीसी कैडेट्स ने प्रार्थना सभा में अनुशासन, क्षमता और देशभक्ति की भावना को सबके सामने प्रस्तुत किया.

प्राचार्य डॉ मैढ़ ने कहा कि एनसीसी अनुशासन और देशभक्ति का जुनून पैदा करता है. पूर्ण विश्वास है कि उनके एनसीसी अधिकारी डॉ शरण की अगुवाई में उनके बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रौशन करेंगे. इस सम्मान के लिए उन्होंने एनसीसी अधिकारी को बधाई और शुभकामनाएं दी. डॉ शरण ने कहा कि यह प्राचार्य के उचित मार्गदर्शन, सहयोगियों के समर्थन तथा बच्चों के प्यार का परिणाम है. वह एनसीसी के क्षेत्र में अपना सम्पूर्ण योगदान देंगे. कार्यक्रम में विद्यालय के सभी एनसीसी कैडेट्स व कर्मी मौजूद थे.

### गतका चैंपियनशिप में श्रीदस के खिलाड़ियों ने पदक पर किया कब्जा

# नेहा टोप्पो को रजत और अंशु कुमारी को मिला कांस्य पदक, बधाई

नवीन मेल संवाददाता




**बरही** । 10 से 12 अक्तूबर को दुर्ग में संपन्न हुए 13वें राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप प्रतियोगिता में श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल देवचंदा मोड़ के दो खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त कर विद्यालय सहित झारखंड प्रदेश का नाम रौशन किया है. इस प्रतियोगिता में अंडर-17 के लिए नेहा टोप्पो को रजत और अंडर-14 में अंशु कुमारी को कांस्य पदक मिला है. इस महत्पूर्ण उपलब्धि के लिए संरक्षक रंजीत चंद्रवंशी, प्राचार्य के कुमार, प्रबंधक विकास कुमार सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए भविष्य में और भी बेहतर करने की शुभकामनाएं दी है.प्राचार्य के कुमार ने बताया कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ स्थित गुरुनानक सेकेंडरी स्कूल भिलाई में आयोजित की गई थी. जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के कई विद्यालयों से सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था. उनके विद्यालय के लिए यह एक गौरव का पल है, जहां विद्यालय के बच्चों ने श्रीदस स्कूल का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौनक किया है. इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए टीम के सभी खिलाड़ी और कोच हर्ष कुमार विशेष रूप से प्रशंसा के पात्र हैं. उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग से उनके विद्यालय के कुल सात खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था. अन्य पांच खिलाड़ियों का भी प्रदर्शन काफी प्रभावशाली रहा. विद्यालय प्रबंधन अपने बच्चों की शिक्षा के साथ चहुंमुखी विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे है. इस परिणाम के पीछे अभिभावकों के विश्वास, शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों का निष्ठित समर्पण और बच्चों का मेहनत ने प्रबंधन को आगे बढ़ने का ताकत दिया है.

# उत्क्रमित मवि में प्रबंधन समिति के प्रशिक्षण का हुआ समापन



**रामगढ़**। झारखंड सरकार के गाइडलाइन के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में दो दिवसीय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप की अध्यक्षता में और प्रशिक्षक सीआरपी सत्येंद्र कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ. इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में वैसे अभिभावक शामिल हुए जिनका चयन चुनाव के माध्यम से किया गया था उन्हें झारखंड सरकार के गाइडलाइन के अनुसार विद्यालय के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कैसे विद्यालय अच्छा से अच्छा प्रदर्शन कर सके इसके लिए छात्र-छात्राओं को ही नहीं अपितु अभिभावकों को भी समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है. उसी के तहत 15 और 16 अक्टूबर को दो दिवसीय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण सीआरपी सत्येंद्र कुमार ने बहुत ही रोचक और मनमोहन ढंग से दिया. इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में अभिभावक का महत्वपूर्ण भूमिका और खास कर प्रबंधन समिति का विशेष भूमिका रहता है इसके लिए यह प्रशिक्षण आयोजन किया गया था. प्रशिक्षण प्राप्त कर अभिभावक काफी प्रसन्न हुए और अभिभावकों ने ऐसे प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि अगर इस तरह का प्रशिक्षण सरकारी विद्यालयों में औयोजित कर हम अभिभावकों को विद्यालय से संबंधित विशेष जानकारी दी जाती है तो हम सभी अभिभावक भी जानकारी के अभाव में सरकार द्वारा संसाधन जो सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध कराया जाता है हम सभी अभिभावक सचमुच में नहीं जानते हैं.

## गोला में जागरुकता रैली में शामिल बच्चों ने स्वच्छता अभियान चलाया

**गोला**। गोला के सोसोकलां स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के शिक्षकों व बच्चों ने मंगलवार को सर्व शिक्षा अभियान की सब पढ़ें, सब बढ़ें जागरूकता रैली में शामिल बच्चों ने स्वच्छता अभियान अभियान चलाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाने के साथ शिक्षा जागरूकता रैली निकालकर साफ सुथरा वातावरण बनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। साथ ही सड़क किनारे की गंदगी की साफ सफाई की गई। बच्चों ने विद्यालय से सर्व शिक्षा अभियान के बैनर के साथ जागरूकता रैली निकालते हुए लोगों को स्वच्छता अभियान कभी ना थमने देने का आग्रह किया गया।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**
(Email ID – eemidlat-cemr-jhr@nic.in)

पत्रांक :– 745 लातेहार / दिनांक :– 15.10.2025

**निविदा रद्द संबंधित सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0–निविदा सूचना सं0– WRD/MID/Latehar/F2-16/25-26 यथा सेडे नदी पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–महुआड़ाड़, जिला–लातेहार विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, जिसका PR No-360802 (Water Resource) 25-26*D है, को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,
लातेहार

PR 364247 Water Resource (25-26)_D


# धनबाद में चलता ट्रक बना आग का गोला चालक की सूझबूझ से टला हादसा



**धनबाद**। जिलें में एक बड़ा हादसा टल गया. कोयला से लदे चलते ट्रक में अचानक आग लग गई. जिसके बाद ट्रक धूं-धूं कर जलने लगा. सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. घटना गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर-साहिबगंज रोड की है. राजगंज से कोयला लोड कर जा रहे एक ट्रक में अचानक आग लग गई. आग लगने की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है. ट्रक में जब आग लगी उस वक्त आग कम थी और वो भीड़-भाड़ वाले इलाके में था. आग को बढ़ता देखर ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए एक किलोमीटर दूर वाहन को खाली जगह पर ले जाकर छोड़ दिया.

# दिवाली पर धनबाद में सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम



**धनबाद** । दिवाली के मद्देनज़र धनबाद के बाजारों, शॉपिंग मॉल और प्रमुख वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में लोगों की भीड़ तेजी से बढ़ रही है। इसी को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश जारी किए हैं। एसएसपी के निर्देशानुसार बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख बाजारों, ज्वेलरी शॉप, बैंक, इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम और बड़े मॉल के आसपास पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने इन सभी संवेदनशील स्थानों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा वहां लगे CCTV कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि त्योहारों के दौरान अपराधियों की गतिविधियाँ बढ़ने की संभावना बनी रहती है, ऐसे में पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे बड़ी रकम एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते समय विशेष सतर्कता बरतें। अधिक राशि ले जाने की स्थिति में वे स्थानीय थाना को सूचित कर पुलिस सुरक्षा अवश्य लें। इसके साथ ही सड़क जाम की समस्या उत्पन्न न हो लिहाजा उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही लगाएं और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क रहें। एसएसपी ने कहा कि पटाखों के प्रयोग के समय सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगाएं। यदि कहीं कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखाई दे, तो तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि त्योहार के मद्देनज़र धनबाद से कहीं बाहर जा रहे हैं तो इसकी सूचना स्थानीय थाना को जरूर दें ताकि खाली पड़े घर पर निगरानी रखी जा सके।

### 23 वाहनों पर 1.5 लाख रुपए का चालान किया गया

# तीन स्कूलों में वाहनों की जांच व छह पेट्रोल पंपों का किया गया सर्वे

नवीन मेल संवाददाता



**धनबाद** । उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी,मोटर यान निरीक्षक अभय कुमार ,मोटर यान निरीक्षक शुभम कुमार तथा मोटर यान निरीक्षक हरीश कुमार के नेतृत्व में तीन स्कूलों धनबाद पब्लिक स्कूल,कमल कटेसरिया हीरक ब्रांच, मोंटफोर्ड एकेडमी, आमाघाटा तथा जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल,पारुकी के 44 वाहनों की जांच की गयी ।जिसमें वाहनों के कागजात सही नहीं पाए जाने पर 23 वाहनो पर 1.5 लाख रु. का चालान किया गया। स्कूली वाहनों में सुप्रीम कोर्ट कमिटी ऑन रोड सेफ्टी के मानकों के अनुसार वाहनों की जांच की गई तथा मोटर यान अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत चालान किया गया ।तत्पश्चात छः पेट्रोल पंपों का सर्वे भी किया गया ।ज्ञात हो कि पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं के अनुसार मार्किंग करते हुए स्टार रेटिंग प्रदान करना है।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू**
**समाहरणालय भवन ब्लॉक–सी, कमरा नं0–09, मेदिनीनगर**
ई–मेल– jepcpalamau1@gmail.com & jepcpalamau@rediffmail.com

**Corrigendum**
**(शुद्धि–पत्र)**

पत्रांक .................. दिनांक ....................

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञप्ति संख्या PR. No.362492 District (25-26):D के द्वारा जिले में संचालित कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय मे खाद्य एवं अखाद्य सामग्रियों की निविदा प्रकाशित की गई है। कुछ संवेदक/एजेन्सियों द्वारा निविदा प्रपत्र में कतिपय स्पष्टता हेतु आपत्ति दर्ज की गई है।

इस संबंध में आपत्ति का निराकरण निम्नवत है –

| क्र0 सं0 | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | क्र.सं. (V), (VI) एवं (VII) में अंकित है कि 3 वर्षो में टर्नओवर की बात की गई है जो स्पष्ट नहीं हो रहा है कि तीनों वर्ष का मिलाकर या किसी एक वर्ष का टर्नओवर काउंट किया जाएगा। | तीन वित्तीय वर्ष (2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) को मिलाकर टर्नओवर की गणना की जाएगी। |
| 2 | क्र.सं. (XIV) में अंकित है कि स्थानीय की गणना GST Number के आधार पर की जाएगी। | GST निबंधन प्रमाण पत्र में अंकित पता ही स्थानीयता का आधार होगा। |
| 3 | क्र.सं. (XV) ट्रेड लाईसेंस सभी पैकेज के लिए निविदादाता को जमा करना होगा। | शहरी क्षेत्र के लिए ही ट्रेड लाईसेंस की आवष्यकता है। ग्रामीण क्षेत्र के लिए ट्रेड लाईसेंस की आवश्यकता नहीं है। |

अतः विज्ञप्ति संख्या PR. No. 362492 District (25-26):D में दिये गये निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि को 30.10.2025 के अपराह्न 03.00 बजे तक एवं जमा करने की तिथि को 31.10.2025 के अपराह्न 03:00 बजे तक विस्तारित किया गया है। निविदा खोलने की तिथि 03.11.2025 तक विस्तारित किया जाता है। इसे इस हदतक संशोधित समझा जाय।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

PR 364271 District(25-26).D

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

गर्व अंधा करने वाला है, यह महान आत्माओं की विशालता की दृष्टि से हमें वंचित रखता है। विनम्रता वह खुला द्वार है जिससे होकर ईश्वर की दया एवं शक्ति की दिव्य बाढ़, ग्रहणशील आत्माओं में प्रेमपूर्वक प्रवाहित होती है। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

## दिखावटी प्रयासों से दूर नहीं होगा प्रदूषण

जलवायु परिवर्तन समाधानों के बारे में एक भ्रामक प्रयास 'सिल्वर बुलेट' या रामबाण के रूप में बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। कार्बन कैप्चर एंड स्टोरेज का मतलब-बिजलीघर, फैक्टरी या किसी भी बड़े प्लांट से निकलने वाली कार्बन डाइऑक्साइड को कैद करके उसे हवा में घुलने से रोक लेना और जमीन के नीचे दबा देना है। यह सुनने में भले ही सुहावना लगे, लेकिन अब तक बड़े पैमाने पर यह सफल होता हुआ नहीं दिखा है। यह वास्तव में जीवाश्म ईंधन जलाने की असली समस्या को रोकने के बजाय उससे निकलने वाले धुएं को छिपाने की कोशिश है।ग्लोबल रिसर्च संगठन क्लाइमेट एनालिटिक्स की रिपोर्ट कहती है कि अगर चीन, भारत, जापान, कोरिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलयेशिया, सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश पूरी तरह सीसीएस को अपनाते हैं, तो 2050 तक अतिरिक्त 25 अरब टन ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन हो सकता है। ये न सिर्फ पेरिस समझौते को पटरी से उतार देगा, बल्कि इनकी अपनी अर्थव्यवस्थाओं को भी भारी नुकसान पहुंचा सकता है। अगर घर में आग लगी हो और हम धुएं को खिड़की से बाहर निकालने की मशीन खरीद लें, और आग बुझाने की कोशिश ही न करें, तो क्या घर बचेगा? यही हाल कार्बन कैप्चर एंड स्टोरेज (सीसीएस) तकनीक का है। क्लाइमेट एनालिटिक्स के सीईओ बिल हेयर का कहना है, 'यह रणनीति बहुत जोखिम भरी है। न सिर्फ जलवायु के लिए, बल्कि उन अर्थव्यवस्थाओं के लिए भी, जो सीसीएस को अपनाकर फंस सकती हैं।' कार्बन कैप्चर एंड स्टोरेज तकनीक संभावित रूप से विशिष्ट क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बावजूद यह रिपोर्ट इसकी मदद से नेट जीरो लक्ष्यों को कमजोर करने और तेल, जीवाश्म गैस और अन्य प्रदूषणकारी ईंधन में चल रहे निवेश को उचित ठहराने के लिए इसके दुरुपयोग को भी सामने लाती है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी और जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) जैसे संगठनों की वैज्ञानिक सिफारिशों के सापेक्ष इस गलत विचारधारा का प्रसार चिंताजनक है, खासकर जब तमाम देश 2025 के लिए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के अगले दौर के लिए तैयार हो रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि जापान और कोरिया अपने देश में और बाहर भी सीसीएस को बढ़ावा दे रहे हैं, ताकि वे इस तकनीक के बाजार में आगे रह सकें। वास्तव में, तेल-गैस की कमाई बचाने के लिए ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण-पूर्व एशियाई देश खुद को कार्बन स्टोरेज और ट्रांजिट हब बनाने की कोशिश में हैं। चीन और भारत इस पर अभी साफ योजना नहीं दर्शा रहे हैं, लेकिन अगर ये दोनों देश भी सीसीएस की राह पकड़ते हैं, तो बड़ा झटका लग सकता है, क्योंकि इनके लिए पुनर्नवीकरणी (रिन्यूएबिल) विकल्प कहीं सस्ते और सुरक्षित हैं। जीवाश्म ईंधन लॉबी अपनी रणनीति का इस स्थिति के अनुरूप अनुकूलन कर रही है। और इस प्रयास के तहत जलवायु परिवर्तन से इन्कार करने के बजाय, यह लॉबी संकट को हल करने में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में खुद को फिर से स्थापित करने का प्रयास कर रही है। इसलिए सीसीएस को 'सिल्वर-बुलेट' समाधान के रूप में सामने रखा गया है। सीसीएस की क्षमताओं को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की फॉसिल फ्यूल लॉबी की ये कोशिशें अब एक पारदर्शी और सूचित सार्वजनिक चर्चा के महत्व को सामने रखती हैं।

**कार्बन कैप्चर एंड स्टोरेज का मतलब-बिजलीघर, फैक्टरी या किसी भी बड़े प्लांट से निकलने वाली कार्बन डाइऑक्साइड को कैद करके उसे हवा में घुलने से रोक लेना और जमीन के नीचे दबा देना है।**

17 अक्टूबर : अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस

## गरीबी है मानवता के भाल पर बड़ा कलंक



आज की बात



ललित गर्ग

विश्व समुदाय हर वर्ष 17 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस के रूप में मनाता है। यह दिन केवल एक स्मरण नहीं, बल्कि मानवता के समक्ष खड़ी सबसे बड़ी चुनौती पर मंथन का अवसर है। सभ्यता के विकास, तकनीकी प्रगति, आर्थिक विस्तार और वैश्विक व्यापार के बावजूद आज भी करोड़ों लोग रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित हैं। गरीबी एक आर्थिक स्थिति मात्र नहीं है, यह मनुष्य की गरिमा पर सबसे बड़ा आघात है-यह उसके सपनों, आत्मविश्वास और अस्तित्व को कुचलने वाला सामाजिक अभिशाप है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1992 में गरीबी को खत्म करने के प्रयासों और संवाद को बढ़ावा देने के लिए इस दिन की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य गरीबी में जी रहे लोगों के संघर्ष को स्वीकार करना और गरीबी के विभिन्न आयामों, जैसे कि आय की कमी, स्वास्थ्य और शिक्षा तक पहुँच की कमी आदि को संबोधित करना है। 2025 की थीम 'परिवारों के लिए सम्मान और प्रभावी समर्थन सुनिश्चित करके सामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार को समाप्त करना' है। इस दिवस का उद्देश्य गरीबी और इसके कारणों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, तथा गरीबी से जूझ रहे लोगों की समस्याओं को उजागर करना है। आज दुनिया में लगभग सत्तर करोड़ लोग अत्यंत गरीबी में जीवन बिता रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र का लक्ष्य है कि 2030 तक अत्यंत गरीबी का अंत किया जाए, परंतु यह लक्ष्य अभी भी दूर प्रतीत होता है। युद्ध, जलवायु परिवर्तन, असमान आर्थिक नीतियाँ, जनसंख्या वृद्धि और बेरोज़गारी ने गरीबी को नया रूप दिया है। अब गरीबी केवल रोटी की कमी नहीं, बल्कि अवसरों की असमानता और सामाजिक अन्याय का भी प्रतीक बन चुकी है। अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन कहते हैं-"गरीबी केवल आय का प्रश्न नहीं है, यह स्वतंत्रता की कमी है।" अर्थात जब किसी व्यक्ति के पास अपने जीवन को अपनी इच्छा के अनुसार ढालने के अवसर नहीं होते, तभी वास्तविक गरीबी जन्म लेती है। भारत ने पिछले कुछ दशकों में गरीबी घटाने के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। नीति आयोग के अनुसार, 2013-14 में जहाँ देश की 29 प्रतिशत आबादी बहुआयामी गरीबी में थी, वहीं 2019-21 तक यह घटकर लगभग 11 प्रतिशत रह गई। परंतु यह सफलता पूर्ण नहीं कही जा सकती, क्योंकि गरीबी का असर ग्रामीण इलाकों, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं पर अभी भी अधिक है। गरीबी का सबसे बड़ा प्रभाव शिक्षा और स्वास्थ्य पर पड़ता है-जहाँ गरीब बच्चे स्कूल छोड़ने पर मजबूर होते हैं, वहीं परिवार बीमारी का खर्च नहीं उठा पाते। यह चक्र दर चक्र उन्हें फिर गरीबी में धकेल देता है।आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबी उन्मूलन के लिये उल्लेखनीय एवं सफलतम उपक्रम किये हैं, उन्होंने गरीबी को राष्ट्र निर्माण की केंद्र बिंदु नीति के रूप में प्रस्तुत किया। उनके नेतृत्व में सरकार ने गरीबी के खिलाफ लड़ाई को केवल कल्याण योजनाओं तक सीमित न रखकर आत्मनिर्भरता के आंदोलन में बदल दिया। जनधन-आधार-मोबाइल ट्रिनिटी ने गरीबों को औपचारिक बैंकिंग से जोड़ा, जिससे पारदर्शिता बढ़ी और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से करोड़ों परिवारों को सीधा लाभ मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों के सिर पर छत का सपना साकार किया और अब तक चार करोड़ से अधिक घरों का निर्माण हुआ है। उज्ज्वला योजना ने गरीब महिलाओं को धुएं से मुक्त जीवन दिया और यह योजना केवल गैस सिलेंडर नहीं, बल्कि समानता और सम्मान का प्रतीक बनी। आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने महामारी के कठिन दौर में गरीबों को सुरक्षा कवच दिया, वहीं आत्मनिर्भर भारत अभियान ने गरीबी उन्मूलन का दीर्घकालिक रास्ता रोज़गार, कौशल और स्वाभिमान के माध्यम से खोला। प्रधानमंत्री का यह कथन इस दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है-"गरीबी को खत्म करने के लिए सरकार नहीं, समाज को भी संवेदनशील बनना होगा। जब हर गरीब का सपना हमारा सपना बनेगा, तभी समृद्ध भारत बनेगा।" गरीबी केवल सरकारी योजनाओं से नहीं मिटेगी; इसके लिए एक व्यापक मानव-केंद्रित सोच की आवश्यकता है। शिक्षा को अधिकार नहीं, अवसर बनाना होगा, हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण मिलना चाहिए। समान आर्थिक अवसरों की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि शहरी और ग्रामीण भारत के बीच की खाई घटे। पूंजी का उद्देश्य केवल मुनाफा नहीं, बल्कि सामाजिक कल्याण भी होना चाहिए। साथ ही, महात्मा गांधी के शब्दों में, "गरीबी सबसे बड़ी हिंसा है''-यह भावना हमारे सामाजिक चरित्र में उतरनी चाहिए। जब तक समाज करुणा और साझेदारी की भावना नहीं अपनाएगा, तब तक गरीबी का अंत संभव नहीं। भारत आज गरीबी उन्मूलन का एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत कर रहा है-जहाँ विकास का अर्थ केवल जीडीपी नहीं, बल्कि गरीब का उत्थान है। यह संदेश दुनिया के लिए भी प्रेरणा है कि यदि सबसे बड़ा लोकतंत्र करोड़ों लोगों को गरीबी से ऊपर उठा सकता है, गरीब मुक्त भारत के सपने को आकार दे सकता है तो वैश्विक समुदाय भी एकजुट होकर यह कर सकता है। गरीबी केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं, यह मानवता की परीक्षा है। जब तक दुनिया के किसी कोने में कोई व्यक्ति भूखा सोएगा, तब तक सभ्यता का विकास अधूरा रहेगा। अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि "सच्ची प्रगति वही है, जिसमें समाज के सबसे आखिरी व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान हो।" आज आवश्यकता है एक वैश्विक संकल्प की-'गरीबी नहीं, समानता हमारा धर्म बने।' जब हर राष्ट्र, हर समाज और हर व्यक्ति इस दिशा में जिम्मेदारी निभाएगा, तभी वह दिन आएगा जब गरीबी इतिहास का विषय होगी, वर्तमान का नहीं। गरीबी व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने में अक्षम बनाता है। गरीबी के कारण व्यक्ति को जीवन में शक्तिहीनता और आजादी की कमी महसूस होती है। गरीबी उस स्थिति की तरह है, जो व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार कुछ भी करने में अक्षम बनानी है। गरीबी ऐसी त्रासदी एवं दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति है जिसका कोई भी अनुभव नहीं करना चाहता। एक बार महात्मा गांधी ने कहा था कि गरीबी कोई दैवीय अभिशाप नहीं है बल्कि यह मानवजाति द्वारा रचित सबसे बड़ी समस्या है। भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए। यहां प्रश्न है कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? जो शिष्य को अच्छे-बुरे का भेद न बता सके, वह गुरु कैसा? गांधी, विनोबा एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सबके उदय एवं गरीबी उन्मूलन के लिए 'अन्त्योदय' एवं 'सर्वोदय' की बात की। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## अहंकार त्याग दीजिए वक्त एक जैसा नहीं रहता

अलग बात



नरेंद्र भारती

वक्त एक जैसा नहीं रहता राज क्रो रंक बनने में एक पल नहीं लगता अहंकार त्याग देना चाहिए। आदमी ताउम्र साम, दाम, दंड, भेद, जैसे हथकंडे अपनाकर पैसा इकट्ठा कर रहा हैं। आज लोग संवेदनहिन् हो गया हैं कौन जी रहा कौन मर रहा कोई सरोकार नहीं है। संवेदना मृतप्राय हो चुकी हैं। आधुनिक मानव स्वार्थ व मतलब तक सीमीत हो गया है। यह बहुत ही त्रासदी है। संस्कारों का अंतिम संस्कार होता जा रहा है। नैतिक मूल्यों का पतन हो चूका है नैतिकता नाम की कोई चीज नहीं है लोग नैतिकता की अदालत में हार् रहे हैं। समाज के बुद्धिजीवी लोगों क्रो मंथन करना होगा नैतिक मूल्य क्रो बरकरार रखना होगा तभी समाज में नैतिकता बनी रहेगी। मंज़िल सबकी मौत है फिर यह नफ़रत, भेदभाव क्यों यह मोह माया क्यों जब पता है की एक दिन इस नशवर संसार से रुख़सत होना है तो यह गिले शिकवे क्यों। मानव ताउम्र भटकता रहता है धनलीपसा में मशगुल रहता हैं उल्टा सीधा काम करके माया क्रो इक्क्ठा कर रहा है आदमी क्रो पता है की यहाँ क्रोई अमर नहीं है। अच्छे कर्म कीजिये यही असली कमाई है। मौत का एक दिन मुकरर है मौत सबको आएगी अमर कोई नहीं रहा। आधुनिक मानव जर, जोरू, जमीन के लिए अपनों का खून कर रहा है रिश्तों का कत्लेआम कर रहा हैं। खुनी रिश्ते खत्म होते जा रहे हैं। इंसान क्रो कोई नहीं गिरा सकता इंसान ही इंसान क्रो गिरा रहा है। खुनी रिश्ते दरक रहे हैं इन रिश्तों क्रो बचाना चाहिए। अपने ही काम आते हैं दूसरे तमाशा देखते हैं। आज हालात बहुत ही खराब होते जा रहे हैं लोग सोशल मीडिया व व्हाट्सप्प पर व्यस्त रहते हैं चौबीस घंटे भी कम पड़ते जा रहे हैं अपनों के लिए समय ही नहीं हैं समय का अभाव होता जा रहा हैं अपने ही काम आएंगे गैर तमाशा देखेंगे। अपनों से मनमुटाव हैं मगर सात समंदर पार अजनवी के लिए समय ही समय हैं अपनों का कभी हाल नहीं पूछते लेकिन अजनबी लोगों की पल पल की खबर ली जाती हैं अपना आस पड़ोस ही काम आएगा विदेशी नहीं काम आएगा। आज लोग एक दूसरे से बेबजह ही दुश्मनी रखते है। किसी का आदर सम्मान नहीं करते उल्टा अपमान करते है। आदमी क्रो अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए क्यूंकि अतीत की परछाईयां मरते दम तक पीछा करती हैं। गरीबों का हक छिना जा रहा हैं लेकिन जब गरीब की बद्दुआ लगती है तो लोहा भी भस्म हो जाता हैं इसलिए गरीब को मत सताओ। ईश्वर सजा जरूर देता हैं। आज मानव दिन रात अकूत धन कमा रहा हैं लेकिन पल भर की खबर नहीं है। आज लोग दूसरों के रास्ते में कांटे बिछाते हैं लेकिन एक दिन ऐसे लोगों क्रो उनके कर्मो की सजा जरूर मिलती हैं कर्म अनिश्चित हैं लेकिन फल निश्चित हैं। मानव को ऐसे कर्म करने चाहिए की समाज याद कर सके। ऐसे लोगों की सहायता कीजिये जो जरूरत मंद हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## निम्न होती चिकित्सा व्यवस्था

आपकी बात



हिमांशु कुमार

आज भारत की चिकित्सा व्यवस्था अत्यंत ही निम्न स्तर पर पहुंच गई है। पहले जमाने में चिकित्सक को इस धरती पर भगवान का प्रतिरूप माना जाता था पर आज के परिपेक्ष्य में देखा जाए तो यह अब सिर्फ किदवंती ही बन कर रह गई है। आज एक साधारण चिकित्सक की जांच शुल्क 500 से 1000 तक पहुंच गई है। पहले के जमाने में कोई भी साधारण सर्दी - खांसी और बुखार में चिकित्सक बहुत ही कम मूल्य में चिकित्सा कर रोगी को अत्यंत ही साधारण दवाओं से इलाज कर यथाशीघ्र ही स्वास्थ्य कर देते थें पर आज यही साधारण रोगों के लिए रोगी को हजारों रुपए खर्च करने पड़ते हैं फिर भी बहुत दिनों के बाद रोगी ठीक हो पाता है इन साधारण बीमारियों में चिकित्सक के द्वारा विभिन्न किस्म की जांच लिख दिया जाता है जांच और दवा के नाम पर रोगी को अघोषित रूप से लुट लिया जाता है। इस निम्न स्तर पर पहुंची चिकित्सा व्यवस्था में रोगी अगर पैसे वाला है तो उसके लिए यह कोई बड़ी बात नहीं है पर अगर रोगी गरीब है तो उसका सिर्फ भगवान ही मालिक है। अत्यंत गंभीर बीमारियों में ये चिकित्सक आपरेशन के नाम पर और दवा के नाम पर लाखों रुपए वसूल कर लेते हैं। एक गरीब मरीज अगर किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो जाता है तो इलाज महज 25000 से 30000 के जगह लगभग 5 लाख से 10 लाख रुपए तक खर्च होता है तो उसके लिए यह आत्महत्या करने की अवस्था हो जाती है क्योंकि अगर वह अपना सबकुछ बेच दे या गिरवी भी रख दे तो इतनी बड़ी रकम की व्यवस्था में वह निश्चित रूप से असमर्थ होगा। केंद्र सरकार ने आयुष्मान कार्ड योजना बनाकर रोगी को संजीवनी बूटी के रूप में स्वास्थ्य का वरदान दिया परंतु लचर स्वास्थ्य व्यवस्था ने इस अत्यंत महत्वकांक्षी योजना को अपनी काली कमाई का जरिया बना कर रोगियों के जीवन में एक तुषाराघात किया है। आज चिकित्सा के नाम पर लुट की छूट मची हुई है। प्रायः सभी चिकित्सक जांच घर के संचालकों और दवा विक्रेताओं से मिले होते हैं जो इनसे रोगी भेजने के नाम पर मोटी कमीशन खाते हैं। जहां तक दवाओं की बात की जाए तो दवा कंपनियां कोई भी दवा के पत्ते पर अपना वास्तविक मूल्य न प्रिंट कर 50 से 75 प्रतिशत अधिक मूल्य प्रिंट कर देती हैं जिसका कारण यह होता है कि ये कंपनियां डॉक्टरों और उपभोक्ताओं को लक्षित करते हुए विज्ञापनों में अरबों डॉलर खर्च करती हैं जिससे दवा विक्रेता भी अत्यंत ही मुनाफे में दवा को बेच कर रोगियों से मोटे रकम वसूलते हैं। उदाहरण के लिए अगर एक दवा का पत्ता का वास्तविक मूल्य 100 है तो दवा कंपनियां उसमें 175 प्रिंट करती है जिससे दवा विक्रेता को एक पत्ता दवा में 50 से 75 का शुद्ध मुनाफा हुआ। इससे यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि किस प्रकार से भारत के जनता को चिकित्सा के नाम पर लुटा जा रहा है। इस आधार पर देखा जाए तो सही तरीके से अगर रोगी ठीक होता है तो महज 200 में रोगी ठीक हो सकता है उसके जगह ये चिकित्सक और दवा विक्रेता उसे ठीक करने में 5000 तक पहुंचा देते हैं। एक अध्ययन के मुताबिक एक रोगी के इलाज में चिकित्सक का शुल्क और कमीशन मिलाकर 90% रुपया तथा दवा विक्रेता का मुनाफा 80% का खर्च आता है जो भारत जैसे देश के लिए एक दुर्लभतम उदाहरण है। लोहरदगा में एक बार मैं अपने एक परिचित को लेकर पावरगंज चौंक स्थित एक चिकित्सक के निजी क्लिनिक में गया। उनका कलाई पर बहुत ही माइनर फ्रैक्चर हो गया था। पहले तो उन्हें 1 घंटे तक बैठाया गया फिर डॉक्टर की फीस 300 पहले जमा करने को कहा गया फिर साधारण तरीके से हड्डी बैठाकर प्लास्टर किया गया और 3500 ले लिया गया। इसके अलावा और भी जितने रोगी थे उनसे से हड्डी बैठाकर प्लास्टर के नाम पर 3500 लिया गया इसके बाद 10 दिनों की दवा में 2000 का खर्च आया कुल खर्च 5800 पहले ही दिन में। अब रही सरकारी अस्पताल की बात तो आज सरकारी अस्पताल सीधे नर्क की द्वार खोलते हैं। चिकित्सक अपने निजी प्रैक्टिस में व्यस्त रहते हैं और चिकित्सा व्यवस्था अप्रत्यक्ष तौर पर नर्सों और कर्मचारियों के जिम्मे होता है। सरकारी अस्पताल में सुविधाओं के नाम पर आए पैसों और दवाओं के अधिकांश हिस्से को चिकित्सक, कर्मचारी और संवेदक मिलकर खा जाते हैं। इस प्रकार एक आंकलन किया जाता है तो आज के चिकित्सक जांच शुल्क, जांच घर की कमीशन, आपरेशन शुल्क, दवा विक्रेता से कमीशन, अस्पताल से काली कमाई, अस्पताल की वेतन,अपने निजी अस्पताल से अवैध कमाई से एक दिन में लाखों रुपए कमा रहे हैं। अधिआंश चिकित्सक की संपत्ति अरबों रुपए की है। जो रोगी को एक जोंक के समान चूस रहे हैं। इनका व्यवहार भी रोगियों के प्रति प्रेम और आत्मीयता के आभाव में अत्यंत ही घटिया और निम्न स्तर की होती है। पर आज तक न तो केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकारें इस पर गंभीर हैं। स्वतंत्रता के बाद भारत की कोई भी सरकार चाहे वह राज्य हो या केंद्र सरकार इस संदर्भ में कोई भी सशक्त,कठोर और प्रभावी नियम और कानून बनाने में विफल रही है जो इसपर नियंत्रण कर सके जो भारत जैसे एक महान राष्ट्र के लिए विडंबना ही है। आज अगर कोई रोगी गरीब है तो वह भगवान से बस यही प्रार्थना करता है कि -" हे भगवान!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

दिल धक् धक् करने लगा, चढ़ने लागे श्वांस।
नंगी होकर जिंदगी, जिस दिन आयी पास।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## मन के मलबे तले दबे लोग : एक अदृश्य महामारी की सच्चाई

17 अक्टूबर : विश्व आघात दिवस

देश की बात



प्रो. आरके जैन

जब एक सामान्य सुबह अचानक खून और चीखों में डूब जाती है, जब हँसी की गूँज दहशत में बदल जाती है, और दुनिया का हर कोना युद्धक्षेत्र सा प्रतीत होता है, तब आघात अपना विकराल रूप प्रकट करता है। यह केवल शारीरिक चोट नहीं, बल्कि एक ऐसी आंधी है जो आत्मा को चीरती हुई मन की गहराइयों में उतर जाती है, जहाँ से निकलना लगभग असंभव सा लगता है। हर साल 17 अक्टूबर को विश्व आघात दिवस हमें इस कठोर सत्य से रूबरू कराता है कि आघात सिर्फ दुर्घटनाओं या हिंसा का परिणाम नहीं, बल्कि एक ऐसी अदृश्य महामारी है जो चुपके-चुपके लाखों ज़िंदगियों को निगल लेती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल लगभग 50 लाख लोग सड़क हादसों, युद्धों, प्राकृतिक आपदाओं और हिंसा की भेंट चढ़ते हैं। जो बच जाते हैं, वे अक्सर जीवित लाश बनकर रह जाते हैं-पोस्ट-ट्रॉमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी) की चपेट में, जहाँ हर रात पुराने ज़ख्म ताज़ा होकर तड़पाते हैं। आघात की यह दुनिया इतनी गहन और जटिल है कि हम अक्सर इसके सतही रूपों—जैसे भारत में हर घंटे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं या युद्ध के मैदानों से लौटे सैनिकों के मन में बसी बमों की गूँज—तक ही सीमित रह जाते हैं। मगर गहराई में झाँकें तो एक और अनदेखा सच सामने आता है: अंतर-पीढ़ीगत आघात, जो पीढ़ियों तक चुपचाप फैलता रहता है। विज्ञान बताता है कि आघात डीएनए स्तर पर भी असर डाल सकता है-एपिजेनेटिक बदलावों के ज़रिए, जहाँ माता-पिता के दर्दनाक अनुभव बच्चों के जीन एक्सप्रेशन को प्रभावित करते हैं, बिना किसी प्रत्यक्ष घटना के। यह वह अनसुनी सच्चाई है जो आघात को निजी पीड़ा से सामूहिक विरासत में बदल देती है। विश्व आघात दिवस हमें यही याद दिलाता है कि हमारा दर्द अकेला नहीं, बल्कि इतिहास की गहरी जड़ों से जुड़ा है, जो हमें न केवल समझने, बल्कि सामूहिक रूप से इससे उबरने की प्रेरणा देता है। भारत में आघात की चुनौतियाँ न केवल गहरी, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जटिलताओं से घिरी हैं, जो इसे और भी विकराल बनाती हैं। सांस्कृतिक कलंक और मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों की भयावह कमी मिलकर एक घातक संकट पैदा करते हैं। सड़क हादसों की मार से लेकर घरेलू हिंसा और दहेज हत्याओं तक, ये घटनाएँ सिर्फ़ शरीर को ही नहीं चोटिल करतीं, बल्कि मन को भी खंड-खंड कर देती हैं। एक अध्ययन के अनुसार, भारत में लगभग 30% महिलाएँ घरेलू हिंसा का शिकार होती हैं। बच्चों पर पड़ने वाला आघात—स्कूलों में धमकियाँ, यौन शोषण या माता-पिता की अनुपस्थिति—एक ऐसा अनछुआ क्षेत्र है, जिसके दीर्घकालिक प्रभाव विनाशकारी हैं। बाल मनोविज्ञान विशेषज्ञ बताते हैं कि बचपन का ट्रॉमा वयस्कता में हृदय रोग, मधुमेह, और यहाँ तक कि कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम बढ़ाता है, क्योंकि तनाव हार्मोन कोर्टिसोल का अत्यधिक स्राव प्रतिरक्षा प्रणाली को कमज़ोर कर देता है। चिकित्सा विज्ञान में आघात का उपचार अब सर्जरी तक सीमित नहीं है। न्यूरोसाइंस ने खुलासा किया है कि ट्रॉमा मस्तिष्क के अमिग्डाला (भय केंद्र) को अतिसक्रिय बनाता है और हिप्पोकैंपस (स्मृति केंद्र) को सिकोड़ देता है, जिससे पीड़ित बार-बार फ्लैशबैक और दर्दनाक यादों के चक्र में फँस जाते हैं। कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी) जैसे पारंपरिक उपचारों के साथ-साथ, अब एमडीएमए-असिस्टेड साइकोथेरेपी जैसी नवाचारपूर्ण विधियाँ उभर रही हैं, जो नियंत्रित वातावरण में ट्रॉमा को फिर से प्रोसेस करने में मदद करती हैं। लेकिन भारत जैसे देश में ऐसी उन्नत सुविधाएँ गिने-चुने लोगों तक ही सीमित हैं। दूसरी ओर, हमारी सांस्कृतिक विरासत में योग और ध्यान जैसे प्राचीन उपाय आघात से उबरने में चमत्कारी सिद्ध हो रहे हैं। शोध बताते हैं कि प्राणायाम तनाव हार्मोन को कम करता है और मस्तिष्क की न्यूरोप्लास्टिसिटी को बढ़ाता है, जिससे दिमाग खुद को ठीक करने में सक्षम होता है। साथ ही, पशु-सहायता चिकित्सा—जैसे कुत्तों या घोड़ों के साथ इंटरैक्शन-ट्रॉमा सर्वाइवर्स में ऑक्सीटोसिन (बॉन्डिंग हार्मोन) का स्तर बढ़ाकर विश्वास और भावनात्मक स्थिरता को पुनर्जनन करती है, जैसा कि युद्धग्रस्त क्षेत्रों में देखा गया है। समाज आघात रिकवरी में एक मूक लेकिन शक्तिशाली भूमिका निभाता है, जो अक्सर अनदेखी रह जाती है। ट्रॉमा-इन्फॉर्म्ड केयर का वैश्विक सिद्धांत सिखाता है कि शिक्षक, पुलिस, या पड़ोसी—हर सहायक को ट्रॉमा के संकेत पहचानने और बिना आलोचना के समर्थन देने की कला सिखानी होगी। भारत में, केरल की बाढ़ या उत्तराखंड के भूकंप जैसी आपदाओं के बाद, सामुदायिक पुनर्वास ने साबित किया कि समूह कला चिकित्सा—जैसे चित्रकारी, नृत्य या कथाकथन-शब्दों के बिना दर्द को व्यक्त करने का मार्ग खोलती है। मगर एक कटु सत्य यह भी है कि लैंगिक असमानता आघात को और गहरा करती है। पुरुषों में ट्रॉमा आक्रामकता बनकर उभरता है, जबकि महिलाएँ अवसाद में डूब जाती हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

पुलिस ने किया बड़ा खुलासा,

# चर्च परिसर लूटकांड का हुआ उद्भेदन, आठ लुटेरे गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तुमडेगी चर्च परिसर में धर्मगुरुओं पर हुए हमले और लूटकांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। घटना में शामिल आठ लुटेरों को पुलिस ने हथियारों और लूट के पैसे के साथ गिरफ्तार किया है। सिमडेगा पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में इस सनसनीखेज मामले का खुलासा किया।एसपी ने बताया कि 1 अक्टूबर 2025 को अपराधियों ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तुमडेगी चर्च परिसर में घुसकर धर्मगुरुओं के साथ मारपीट की थी और लगभग 3 लाख 50 हजार रुपए की डकैती की थी। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मुफस्सिल थाना कांड संख्या 26/2025 के तहत मामला दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सिमडेगा के निर्देश पर एसडीपीओ बैजू उरांव और डीएसपी हेडक्वार्टर रणवीर सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें इंस्पेक्टर भिखारी राम सहित कई थाना प्रभारी शामिल थे।पुलिस टीम ने वैज्ञानिक तरीकों से अनुसंधान करते हुए घटनास्थल से प्राप्त सुरागों, तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर इस गिरोह के आठ सदस्यों को धर दबोचा। गिरफ्तार अपराधियों में सदानंद साहू, संचित साहू, शिवम कुमार, धनेश्वर राम, सहेंद्र ग्वाला, मुकेश किड़ो, दिलीप साहू और एक नाबालिग शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक 9 एमएम देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, एक तलवार, लूट के 35,359, घटना में प्रयुक्त दो बाइक और पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं।एसपी एम. अर्शी ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और पहले भी कई मामलों में जेल जा चुके हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने चर्च परिसर में कई दिनों तक रेकी की थी और योजनाबद्ध तरीके से लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, यह घटना सिर्फ लूट की नियत से की गई थी, इसमें कोई धार्मिक या साम्प्रदायिक कोण नहीं है।एसपी ने बताया कि गिरोह का एक सदस्य अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा पुलिस अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है और जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए टीम लगातार काम कर रही है। घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए एसपी ने उन्हें 25,000 का इनाम देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पुलिस की सतर्कता और तकनीकी जांच के कारण यह जटिल मामला शीघ्र सुलझ सका।इस सफल कार्रवाई से सिमडेगा पुलिस ने एक बार फिर अपराधियों को स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून के दायरे से कोई भी बच नहीं सकता। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र में शांति बहाली की दिशा में अहम कदम बताया है।

# रन फॉर गर्ल चाइल्ड" मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन




**मांडर।** ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर में खेल प्रतियोगिताओं के अवसर पर "रन फॉर गर्ल चाइल्ड" मैराथन का आयोजन बुधवार को किया गया। इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य किशोरी विकास और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम रेशमी, शेख भिखारी स्टेडियम से शुरू हुई इस दौड़ में प्रत्येक वर्ग के बच्चों एवं शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मैराथन को 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की श्रेणियों में रखा गया। विद्यालय प्राचार्या मिस ईवोन ई. एक्का ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता प्रारंभ की एवं कहा - यह मैराथन केवल दौड़ नहीं सोच में बदलाव की दिशा में एक साकारात्मक कदम है। हम चाहते हैं हर बच्चा समझे कि क्षमता का कोई लिंग नहीं होता, लड़कियां भी आगे बढ़ कर नेतृत्व करते हुए अपने सपनों को साकार कर सकती है। छात्रा वर्ग में शिखा तिर्की (एवरेस्ट हाउस), छात्र वर्ग में देवव्रत (एवरेस्ट हाउस), शिक्षक वर्ग में मिस अस्मिता कुजूर एवं विवेकानंद प्रसाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# बोलबा में 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान विधायक हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**




**बोलबा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोलबा प्रखण्ड के बागडेगा में गुरुवार को विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के नेतृत्व में "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल हुए।कार्यक्रम में विधायक कोनगाड़ी ने कहा कि यह अभियान जनता के मताधिकार, संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था की सुरक्षा की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। देशभर में यह अभियान राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है और इसे सफल बनाना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।उन्होंने आगे कहा कि आज देश में मनुवादी ताकतें भारत को विखंडित करने में लगी हैं। महंगाई चरम पर है, मीडिया गुलाम बना दी गई है, और उद्योगपति लगातार मालामाल हो रहे हैं जबकि आम जनता भय और असुरक्षा में जी रही है। जब दलित, शोषित, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग अपने वोट के अधिकार से वंचित होंगे, तब लोकतंत्र कमजोर होगा और देश कुछ उद्योगपतियों के हाथों में सिमट जाएगा।कार्यक्रम में जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष रावेल लकड़ा, प्रखण्ड उपाध्यक्ष ज्वलंत बेक, मंडल अध्यक्ष त्योफिल बाखला, नवीन तिर्की, सांसद प्रतिनिधि सुनिल टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि संजय कुजुर, पंचायत अध्यक्ष रोशन बरला, अंथोनी केरकेट्टा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

(Email ID – eemidlat-cemr-jhr@nic.in)

पत्रांकः–744लातेहार / दिनांकः–15.10.2025

निविदा रद्द संबंधित सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0–निविदा सूचना सं0– WRD/MID/Latehar/F2-13/25-26 यथा बंझाबहेर नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–हेरहंज, जिला–लातेहार विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, जिसका

PR No-359909 Water Resource (25-26)-D है, को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 364246 Water Resource(25-26)D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

चैनपुर थाना कांड सं0–107/21, दि0–29.05.2021 धारा–392 भा0द0वि0 के अप्राथमिकी अभियुक्त 1.प्रेमनाथ यादव पिता–सीताराम यादव, वर्तमान पता–अकड़ाही रोड, दिपू सिंघानिया के गोदाम के सामने, थाना–चैनपुर, जिला–पलामू 2.सफीक अंसारी पिता–स्व0 इदरीश अंसारी, सा0–बेलवादामार, थाना–चैनपुर, जिला–पलामू 3.आरीफ अंसारी उर्फ गुड्डू पिता–स्व0 फजिल मोहम्मद उर्फ खलील अंसारी सा0–बेलवादामर, थाना–चैनपुर, जिला–पलामू एवं 4.ओमप्रकाश चंद्रवंशी पिता–रतन चंद्रवंशी, सा0–बुढ़ीबीर, थाना–चैनपुर, जिला–पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक, पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, पलामू :– 9431706240
थाना प्रभारी, चैनपुर, पलामू :– 9431706252

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 364240 (Police)25-26*D

## समाहरणालय, लातेहार (भू-अर्जन शाखा) समाहर्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या– /भू0 अ0दिनांक–

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–जडेयांग चादर–II थाना नं0–351 राजस्व, थाना–लातेहार पुलिस स्टेशन–लातेहार जिला लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–**राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक** अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौपा गया। S.I.A. प्रतिवेदन को भू–अर्जन अधिनियम 2013 के धारा–07 (2) उपधारा (1) के तहत् आक्कलन हेतु विशेषज्ञ समूह गठित किया गया एवं समूह के प्रतिवेदनानुसार भूमि अधिग्रहण करने की सहमति दी गई है। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार–संक्षेप यथा–निम्न है। कोल ब्लॉक निर्माण के दौरान ज्यादातर लोगों की जमीन अधिग्रहित किया जायेगा। परियोजना हेतु भू–अर्जन किये जाने की सहमति दी जाती है''। भू–अर्जन के कारण परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1)(ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी को प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

**लोहरदगा।** विधुत उपभोक्ताओं को विधुत संबंधी कानूनी जानकारी देने के उद्देश्य से शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025 को कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर आर्यावर्त भवन ब्लॉक परिसर, लोहरदगा में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आयोजित होगा। इस शिविर में उपभोक्ताओं को विपत्र (बिल) संबंधित मामलों, एफआईआर की प्रक्रिया, तथा अन्य विधुत से जुड़े कानूनी पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में विधुत विभाग के सहायक अभियंता अज्जू कच्छप ने बताया कि "इस जागरूकता शिविर का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को विधुत कानूनों की सही जानकारी देना और विवादों से बचाव के उपाय बताना है। उपभोक्ताओं को बिजली चोरी, बकाया बिल और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में स्पष्ट जानकारी दी जाएगी, ताकि वे विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सकें।" उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस कानूनी जागरूकता शिविर को सफल बनाएं।

## 'ऑनलाइन शॉपिंग' ने दिवाली में दुकानदारों का निकाला दिवाला

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** वैसे तो दिवाली के मौके पर हर तरफ बाजार गुलजार रहते हैं, लेकिन इस साल की दिवाली ने दुकानदारों का दिवाला निकाल दिया है। ऑनलाइन शॉपिंग में इस फेस्टिव सीजन ऑफर्स और डिस्काउंट की वजह से कस्टमर्स बाजार का रुख कर रहे हैं और न ही दुकानदारों के चेहरे पर रौनक देखने को मिल रही है। ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ता बाजार और उसपर मिल रही भारी भरकम डिस्काउंट से दुकानों पर कस्टमर कम देखने को मिल रहे हैं। दरअसल, जिस बेस प्राइस पर दुकानदार प्रोडक्ट खरीदकर ग्राहकों को बेचते हैं, अमूमन उसी या फिर उससे भी कम कीमत पर वही समान ऑनलाइन प्लेटफार्म पर आसानी से उपलब्ध है। लिहाजा ऑनलाइन के बढ़ते चलन का मार बाजार में साफ दिख रहा है. एक आंकड़े के मुताबिक शहरों में तकरीबन 30 फीसदी कस्टमर ऑनलाइन खरीदारी करते हैं, लेकिन फेस्टिव सीजन में इनकी संख्या बढ़ जाती है। इतना ही नहीं ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफार्म पर मिल रहे ऑफर के साथ ही कलेक्शन की भी भरमार है। ऐसे में स्थानीय दुकानदार न सिर्फ परेशान हैं बल्कि मायूस भी है. बहरहाल, फेस्टिव सीजन में दुकानों में उम्मीद के मुताबिक बिक्री नहीं होने और ऑनलाइन शॉपिंग की तरफ ग्राहकों के बढ़ते रुझान ने लोकल मार्केट के व्यापारियों का दिवाला तो निकाल ही दिया है।

### हाथी व जंगली जानवरों से प्रभावित लोगों के बीच मुआवजा वितरण

# मानव-वन्यजीव संघर्ष के प्रबंधन के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे : विधायक

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** कुडु प्रखंड स्थित फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में गुरुवार को वन विभाग के तत्वावधान में हाथी एवं अन्य जंगली जानवरों से प्रभावित लोगों के बीच मुआवजा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू उपस्थित रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने प्रभावित परिवारों के बीच कुल 11,05,697 (ग्यारह लाख पांच हजार छह सौ सत्तानवे) रुपये का मुआवजा चेक के माध्यम से वितरित किया। विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि हाल के दिनों में लोहरदगा जिला अंतर्गत कई क्षेत्रों में हाथियों और अन्य वन्य जीवों के हमलों से जनहानि एवं संपत्ति की क्षति हुई थी। अनेक लोगों के घर, फसलें और अनाज नष्ट हुए, जिससे ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। उन्होंने कहा कि प्रभावितों के आवेदन पर सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वन विभाग के माध्यम से मुआवजा प्रदान किया है ताकि लोगों को राहत मिल सके। हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जल्द ही बिजली व प्रकाश व्यवस्था बहाल की जाएगी और मानव-वन्यजीव संघर्ष के प्रबंधन के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा वनाच्छादित जिला है, जहाँ समय-समय पर हाथी और अन्य जंगली जानवरों के कारण जनहानि और फसल नुकसान होता रहता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा इसके लिए मुआवजा का प्रावधान किया गया है, जिससे आम जनता लिखित आवेदन के माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रभावित परिवारों की हरसंभव मदद की जाएगी। मौके पर शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सच्चिदानंद चौधरी, प्रभारी वनपाल विपिन टोप्पो, वनरक्षक पंकज सिंह, गौतम राम, शामुल अंसारी, सदरुल अंसारी, अनिस अहमद, ऐनुल अंसारी, असलम अंसारी, इकबाल अहमद, सज्जाद अंसारी, साजिद अंसारी, सुशील उराँव, हाफिजुल अंसारी, नाजिम अंसारी, संजू तुरी, मोजाहिर अंसारी, निश्चय वर्मा, अब्दुल क़ादिर, सेमती उराँव, ईश्वर महली, फूलमणि उराँव, सकलू उराँव, विनय प्रकाश साहू, कुंती उराँव, अंगनी उराँव, जयसिंह उराँव, सुखेंदर महली, फूलमनी उराँव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## वन विभाग ने अवैध बॉक्साइट ट्रक को किया जब्त

**बिशुनपुर (गुमला)।** पश्चिमी पठार से लोहरदगा की ओर जा रहे एक ट्रक को वन विभाग की नजर लग गई। बनारी चेकपोस्ट पर सूचना मिलते ही टीम ने कार्रवाई की, लेकिन ट्रक चालक ने विभागीय टीम को चकमा देकर भागने की कोशिश की। पीछा करने के बाद वाहन को रोका गया, और जांच में खुलासा हुआ कि ट्रक बिना चालान के अवैध बॉक्साइट से लदा था। वन विभाग ने वाहन को जब्त कर लिया, जबकि चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। सूत्रों के अनुसार बिशुनपुर प्रखंड के पूर्वी और पश्चिमी पठार इलाकों में लोहरदगा और चंदवा के बॉक्साइट माफिया पूरी तरह सक्रिय हैं। ये माफिया जंगलों की गोद में लीज एरिया के बाहर अवैध खनन कर रहे हैं और बाद में वैध लीज के चालान का इस्तेमाल करके अवैध बॉक्साइट को वैध ठहराने का धंधा चला रहे हैं। इस अवैध खनन से जंगल उजड़ रहे हैं, पहाड़ खोखले हो रहे हैं और पर्यावरण संकट गहराता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन और वन विभाग की मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी पैमाने पर अवैध खनन संभव नहीं है।

### गुमला पुलिस की मासिक अपराध समीक्षा बैठक संपन्न

# सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है : हरीश

● **पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित**

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा की अध्यक्षता में गुरुवार को गुमला पुलिस कार्यालय, चन्दाली में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी और शाखा प्रभारी सहित जिले के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत दीपावली और छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा और विधि-व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा से हुई। विशेष रूप से पूजा पंडाल, विसर्जन स्थल, मेले और छठ घाटों पर सीसीटीवी, पर्याप्त रोशनी और गोताखोर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गए।

इसके बाद बैठक में हत्या, बलात्कार, पीओसीएसओ, एससी/एसटी, लूट, डकैती, गृहभेदन और अपहरण जैसे गंभीर अपराधों की समीक्षा की गई। मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और तस्करी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अवैध उत्खनन, बालू और चिप्स तस्करी के मामलों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात की गई।

सूचना अधिकार अधिनियम और जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत लंबित आवेदन पत्रों का त्वरित निष्पादन, पारपत्र और चरित्र प्रमाण पत्रों का समय पर निष्पादन, लंबित वारंट और कुर्की के मामलों की समीक्षा भी की गई। साथ ही आई-रैड, ईआरएस और डायल 112 से संबंधित कार्रवाई तथा ई-साक्ष्य ऐप से जुड़े मामलों की जानकारी ली गई। सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाने और डायन प्रथा, मानव तस्करी एवं महिलाओं से जुड़े अपराधों की रोकथाम हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। सभी थाना प्रभारी को लंबित वारंट, कुर्की और न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंट का पूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।

बैठक के अंत में अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों में त्वरित प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान करने और लूट, डकैती तथा एससी/एसटी अपराधों में प्रभावी रोकथाम के निर्देश दिए गए। थाना में आने वाले आमजन के साथ मधुर व्यवहार करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने पर विशेष जोर दिया गया।

अपराध समीक्षा बैठक के उपरांत पिछले नक्सली मुठभेड़ों की भी समीक्षा की गई। विशेष रूप से घाघरा थाना क्षेत्र में हुई जे.जे.एम.पी. नक्सली मुठभेड़ और कामडारा थाना क्षेत्र में पी.एल.एफ.आई. नक्सलियों की मुठभेड़ में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पुलिस कर्मियों को झारखंड के पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक, रांची द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा ने बैठक में कहा कि सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है, और पर्व एवं त्योहार के दौरान पुलिस की सक्रिय उपस्थिति से आमजन निश्चिंत रहेगा।

## न्यूज बॉक्स

### मलेरिया, फाइलेरिया व डेंगू जैसी बीमारियों की रोकथाम को लेकर चलाया विशेष अभियान



**गुमला।** सिविल सर्जन गुमला के निर्देशानुसार मलेरिया, फाइलेरिया एवं डेंगू जैसी वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए 15 और 16 अक्टूबर को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान राज्य स्तर से आई विशेषज्ञ टीम ने विशेष उपकरणों की मदद से मच्छरों को कैद कर उनका वैज्ञानिक अध्ययन किया। यह अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा के नदिया गांव और रायडीह प्रखंड के खीराटांड गांव में सुबह 5:25 बजे से घर-घर जाकर चलाया गया। इस कार्य में जिला वीबीडी (वेक्टर बॉर्न डिज़ीज़) सलाहकार शर्मिला शर्मा, एमटीएस एवं एमपीडब्ल्यू की दो टीमों ने सक्रिय भूमिका निभाई। जिला मलेरिया सलाहकार शर्मिला शर्मा ने बताया कि पकड़े गए मच्छरों के परीक्षण और विश्लेषण के बाद यह पाया गया कि फिलहाल गुमला जिला में वेक्टर जनित रोग नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे सर्वेक्षण और फील्ड निरीक्षण से रोगों की स्थिति पर नजर बनाए रखना आसान होता है, जिससे समय पर रोकथाम की जा सके।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 25 यूनिट ब्लड हुआ संग्रह




**सिसई (गुमला)।** गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित और सिविल सर्जन सदर अस्पताल गुमला के निर्देशानुसार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ललिता कुमारी मिंज के आदेश पर ब्लड बैंक सदर अस्पताल गुमला एवं रेफरल अस्पताल सिसई के स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय सिसई में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में प्रखण्ड वासियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और 42 लोगों ने पंजीयन कराते हुए अपना रक्त जांच कराया। जिसमें 25 लोगों ने अपना रक्तदान किया वहीं 17 लोगों का हीमोग्लोबिन कम होने के कारण रक्तदान नहीं कर सके। सर्वप्रथम नगर पंचायत के मुखिया रवि उरांव ने अपना रक्तदान किया।

### सिसई में विद्या ब्रह्मा जी राव का हुआ आगमन



**सिसई (गुमला)।** रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा, सिसई में विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव का आगमन हुआ। उनके साथ झारखंड प्रांत के घोष प्रमुख राजेश प्रसाद भी उपस्थित थे। वंदना सभा भवन में दोनों अतिथियों का स्वागत विद्यालय प्रबंधन समिति के अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय प्रबंधन समिति तथा आचार्यों के साथ एक अनौपचारिक बैठक हुई। जिसमें श्री राव द्वारा विद्यालय के विकास हेतु बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही देश की पुरानी एवं नई कंपनियों का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि आज के समय में अगर हम सब अपने आपको अपडेट नहीं करेंगे तो फिर दूसरों से पिछड़ जाएंगे। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास की चर्चा करते हुए सभी आचार्यों को इसके लिए अपने दायित्व को समझने व निर्वहन करने का आग्रह किया। बैठक में गुमला विभाग संघचालक साहू प्रकाश लाल, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष अर्खितानंद देवघरिया, सचिव रवींद्रनाथ अधिकारी, सदस्या किरण देवी, आचार्य कमल सिंह, मृत्युंजय कुमार मिश्रा,नाथू भगत, बद्री नारायण सिंह, सरिता मुखर्जी, सुप्रिया कुमारी, सौरभ किशोर वर्मा,मोनी कुमारी, सुखनाथ सिंह, विक्रम कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### बी एन जालान महाविद्यालय सिसई में आयोजित दस दिवसीय एनसीसी कैंप संपन्न



**सिसई (गुमला)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में आयोजित दस दिवसीय एनसीसी कैंप का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन किया गया। समापन समारोह में कैडेटों के बीच सांस्कृतिक नृत्य संगीत प्रतियोगिता कराया गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई के कैडेट नृत्य संगीत में प्रथम स्थान ,सिमडेगा कॉलेज के कैडेट द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान पर उर्सुलाईन उच्च विद्यालय टोंगो के कैडेट रहे। कार्यक्रम में केओ कॉलेज गुमला की कैडेट तासा झा द्वारा रचित पुस्तक "कोदंड कविता संग्रह" का विमोचन प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती, ले कर्नल पीबी शर्मा , महाविद्यालय के मनोविज्ञान पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ कृष्णा प्रसाद साहू ने किया। डॉ कृष्णा प्रसाद साहू ने पुस्तक के विशेषता पर चर्चा की । ले कर्नल पीबी शर्मा ने कहा कि बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में हमने कैंप किया । प्राचार्य, प्रधान लिपिक सहित कॉलेज के सभी लोगों ने उम्मीद से अधिक सहयोग किया। हमें उम्मीद नहीं थी की कैंप के लिए हमें इतना अच्छा सुविधा मिलेगा। यहां के लोग अच्छे हैं। सारे कैडेट व हमारे जवानों ने काफी मेहनत किया है। आज समापन समारोह में भी कॉलेज के लोग बढ़ चढ़कर सहभागी बने जिससे हमें गर्व है। अगला कैंप भी हम बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में ही करेंगे। कॉलेज के प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती ने कहा इस दस दिवसीय एनसीसी कैंप में हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। कैडेटों में अनुशासन,लग्न देख हमें अहसास हो गया कि आप का भविष्य अच्छा है। महाविद्यालय में कैंप की सफलता हमारे लिए गर्व की बात है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जज की भुमिका डॉ पारंगत खलखो, प्रो विनीता गुड़िया, डॉ विष्णु देव तिवारी ने निभाया। इन्हें भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कॉलेज के प्रधान सहायक सुरेश साहु, रिसलदार जवाहर शाह, मेजर बीएल अमोका, सुबेदार श्यामा सुन्दर, भोला प्रसाद शर्मा, लवेश कुमार, रिंगचिंग डोरजी, संजीव कुमार,मनोज बोरों,अमीत कुमार, सौरभ कुमार, लखविंदर सिंह, जून बोरदोलोई,साईको वाईफाई , प्रकाश सिन्हा, बैजनाथ यादव सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के सामाजिक अंकेक्षण हेतु जिला स्तरीय बैठक आयोजित



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार गुरुवार को गुमला नगर भवन में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एन.एस.ए.पी.) के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण के लिए जिला स्तरीय प्रारंभिक बैठक-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा किया गया और संचालन सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा ललन कुमार रजक ने किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला खेल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गुमला अशोक कुमार चोपड़ा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। सहायक निदेशक ललन कुमार रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि गुमला जिले में दिनांक 3 से 27 नवंबर 2025 के बीच सभी प्रखंडों में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया, उद्देश्य और जनकल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, विकलांग पेंशन योजना और राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का सामाजिक अंकेक्षण किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि नागरिकों को समय पर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### अवैध रूप से भंडारित बालू जब्त

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज गुरुवार को सिसई अनुमण्डल क्षेत्र के अंतर्गत मौजा कुलंकेरी, पंचायत उत्तरी बरगांव में जिला खनन टास्क फोर्स की टीम द्वारा औचक जांच एवं छापामारी अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व अनुमण्डल पदाधिकारी, गुमला ने किया। उनके साथ अंचल अधिकारी सिसई, जिला खनन पदाधिकारी गुमला, संबंधित पुलिस पदाधिकारी एवं खान निरीक्षक गुमला उपस्थित थे। जांच के क्रम में खाता संख्या-19, प्लॉट संख्या-786 एवं 787 (रकबा क्रमशः 0.62 एकड़ एवं 0.55 एकड़) भूमि पर लगभग 6000 घनफीट बालू अवैध रूप से भंडारित पाया गया। स्थानीय जांच के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई कि मुन्ना सोनी पिता शाहदेव सोनी, ग्राम कुलंकेरी, थाना सिसई, जिला गुमला तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा बिना अनुज्ञप्ति के अवैध रूप से बालू उत्खनन कर उसका भंडारण एवं व्यापार किया जा रहा था। उक्त स्थल पर किसी भी व्यक्ति के पास वैध भंडारण अनुज्ञप्ति नहीं पाई गई। तत्पश्चात टीम द्वारा मौके पर मौजूद अवैध भंडारित बालू को जप्त कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ की गई। अवैध खनन से न केवल सरकारी राजस्व की क्षति होती है, बल्कि राष्ट्रीय संपदा का भी ह्रास होता है।इस प्रकरण में संलिप्त व्यक्तियों - मुन्ना सोनी, बिरिया उरांव एवं शंकर टाना भगत सहित अन्य के विरुद्ध संबंधित अधिनियमों के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण में लिप्त किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की यह कार्रवाई आगामी दिनों में भी सतत रूप से जारी रहेगी।

### अवैध खनन से पूरा बॉक्साइट उद्योग हो रहा है बदनाम : कमलजीत सिंह

**बिशुनपुर (गुमला)।** गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड के पश्चिमी पठार में लगातार हो रहे अवैध बॉक्साइट खनन को लेकर ट्रक मालिकों का गुस्सा अब खुलकर सामने आया है। बनारी चेकपोस्ट पर वन विभाग द्वारा अवैध बॉक्साइट लदे ट्रक के पकड़े जाने के बाद बॉक्साइट ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलजीत सिंह ने अवैध खनन करने वाले माफियाओं पर तीखा हमला बोला। कमलजीत सिंह ने कहा कि "हिंडाल्को माइन्स में कोई अवैध खनन नहीं हो रहा है। लेकिन छोटे-मोटे माइंस मालिक चोरी-छिपे खनन कर रहे हैं और ओवरलोड ट्रक चलाकर कम भाड़े में माल ढुलवा रहे हैं। नतीजा यह है कि पूरे बॉक्साइट उद्योग की साख खराब हो रही है और वैध ट्रक मालिकों को घाटा उठाना पड़ रहा है।" उन्होंने आगे कहा कि कई माइंस मालिक दो नंबर का बॉक्साइट निकालकर करोड़ों रुपए कमा रहे हैं, लेकिन अपने इलाके में न सड़क बनाते हैं, न स्ट्रीट लाइट लगाते हैं, और न ही स्थानीय विकास के लिए कोई कदम उठाते हैं।

## ट्रैक्टर व टेंपू की सीधी भिंडत में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के इटकीरी के समीप गुरुवार को शाम में ट्रैक्टर और टेंपो की सीधी टक्कर में आधा दर्जन से अधिक लोग हुए घायल, प्राथमिक उपचार के बाद चार गुमला रेफर घाघरा थाना क्षेत्र के इटकीरी चौक में टेंपो और ट्रैक्टर की सीधी टक्कर में टेंपो सवार आधा दर्जन से लोग घायल हो गए घायलों में लोहरदगा पेशरार निवासी अजान महतो,सरांगो ग्राम निवासी शीला देवी,गौरी देवी,गेंदा देवी,गौरी देवी,रोहित बैठा, जिलिंगसिरा निवासी धर्मदेव उरांव के नाम शामिल है। सभी घायलों को 108 और प्राइवेट एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद अजान महतो को रिम्स रेफर कर दिया गया।वही गौरी देवी,शीला देवी,गेंदा देवी,धर्मदेव उरांव को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घटना की जानकारी मिलने पर घायलों का हाल जानें झामूमो के केंद्रीय सदस्य अशोक उरांव पहुंचे वहीं घटना की सूचना मिलने पर झामूमो के केंद्रीय सदस्य अशोक उरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंच हाल-चाल जाना और गुमला संपर्क कर घायलों का इलाज के लिए मदद की बात कही। वही पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंच घायलों का हाल-चाल जाना और जानकारी लिया। घटना की मिली जानकारी के अनुसार टेम्पु में सभी सवार हो कर घाघरा से सरांगो गांव जा रहे थे। वही विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर से सीधी टक्कर हो गई जिससे टेम्पु सवार सभी घायल हो गए। वही घटनास्थल पर स्कूटी सवार भी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। टेंपु से जा टकराया और घायल हो गया। इटकीरी गांव के ग्रामीणों ने कहां की ब्रेकर नहीं होने के कारण आज दिन सड़क दुर्घटना होते रहती है। अगर 7 दिनों के अंदर ब्रेकर लगाने का काम प्रशासन द्वारा नहीं की जाएगी तो आंदोलन के लिए ग्रामीण बाध्य होंगे।

## तबकरा में पारंपरिक इंद्र मेला का हुआ भव्य आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड के तबकरा गाँव में पारंपरिक आस्था और लोक संस्कृति के संग भव्य इंद्र मेला का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी यह मेला अच्छी फसल, समय पर वर्षा और ग्राम समृद्धि की कामना को लेकर आयोजित किया गया। पूजा-अर्चना गाँव के अखड़ा स्थल पर पाहन पुजार की अगुवाई में संपन्न हुई, जहाँ ग्रामीणों ने श्रद्धा के साथ भगवान इंद्र की पूजा कर समृद्धि की प्रार्थना की। पूजा-अर्चना के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष पालकोट प्रकाश नारायण सिंह (गुड्डू सिंह) और पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गोपाल केशरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि रोहित एक्का, अशोक सिंह, भुवनेश्वर राम समेत कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

रात्रि में आयोजित भक्ति गीत, नागपुरी नृत्य और पारंपरिक लोक संगीत के कार्यक्रमों ने पूरे माहौल को उल्लासमय बना दिया। ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने ठंडे मौसम में भी देर रात तक नृत्य, संगीत और हंसी-खुशी के साथ मेले का आनंद उठाया।

मुख्य अतिथि गुड्डू सिंह ने कहा — "यह मेला हमारी पुरातन संस्कृति का प्रतीक है। हमें इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखना होगा। जैसे कहा जाता है 'जे नाचे से बाचे', इसलिए नाचना और अपनी संस्कृति से जुड़ना बेहद जरूरी है।"

विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह ने अपने संबोधन में कहा — "इंद्र मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इस परंपरा को सहेजना और आगे बढ़ाना हमारा दायित्व है ताकि नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे।"

वहीं रोहित एक्का ने कहा — "ऐसे मेलों से न केवल हमारी परंपरा जीवित रहती है, बल्कि लोगों को अपने रिश्तेदारों और मित्रों से मिलने-जुलने का अवसर भी मिलता है।

## बीडीओ ने करंज पंचायत में योजनाओं का किया निरक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार गुरुवार को भरनो प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अरुण कुमार सिंह ने करंज पंचायत में विभिन्न योजनाओं का क्षेत्र भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य ग्राम स्तर पर चल रही सरकारी योजनाओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा करना और ग्रामीणों की समस्याओं को समझकर समय पर समाधान सुनिश्चित करना था। बीडीओ ने आयुष्मान कार्ड शिविर, करंज पंचायत मनरेगा कोषांग, पंचायत पुस्तकालय और आंगनबाड़ी केंद्र अंबेरा का निरीक्षण किया। साथ ही मनरेगा सामग्री आपूर्तिकर्ता सुशील केरकेट्टा के दुकान/संस्थान, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मालादोन, मनरेगा तथा अबूवा आवास योजनाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित टंगरा टोली (मालादोन) का भ्रमण कर स्थानीय लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को समझा। बीडीओ ने पंचायत कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए और योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुंचे। इस अवसर पर जेई ब्रजेश उरांव, जितेंद्र मिश्रा, सानिया उरांव, रोजगार सेवक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# पारस डैम की टूटी नहरों से बर्बाद हो रहा पानी, फसल सिंचाई संकट में

● **भरनो के किसानों ने स्वयं उठाया नहर मरम्मत का जिम्मा, विधायक व सांसद से की स्थायी समाधान की मांग**

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के किसानों की बड़ी परेशानी बन चुकी पारस डेम से निकली मुख्य नहर अब किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने में नाकाम साबित हो रही है। नहर के कई हिस्सों में दरारें और टूट-फूट होने से पानी व्यर्थ बहकर नालों में चला जा रहा है, जिससे नवाटोली, भरनो, लेकोटोली, पोखरटोली, हेठटोली, कुम्हरो और दुम्बो सहित आसपास के गांवों के हजारों किसानों की फसलें सूखने के कगार पर हैं।

किसानों ने बताया कि उन्होंने इस रबी मौसम में मटर, फ्रेंच बीन, टमाटर, अदरक सहित कई सब्जियों की फसलें तैयार की हैं, लेकिन सिंचाई के अभाव में फसलें मुरझाने लगी हैं। बरसात के समय जो गड्ढों में पानी जमा था, उसी से किसी तरह सिंचाई की जा रही थी, मगर अब वह भी सूख चुका है।

नहर में पानी नहीं आने का मुख्य कारण बताया जा रहा है कि पारस जलाशय का गेट पिछले डेढ़ वर्ष से टूटा हुआ है, और गौरटोली के पास नहर कई जगह से फट चुकी है। परिणामस्वरूप डैम से छोड़ा गया पानी खेतों तक पहुंचने के बजाय बीच रास्ते ही बहकर बर्बाद हो जाता है।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए गुरुवार को भरनो और कुम्हरो गांव के दर्जनों किसानों ने श्रमदान कर नहर की अस्थायी मरम्मत की। किसानों ने बोरे में मिट्टी और बालू भरकर जगह-जगह टूटे हिस्सों को बंद किया ताकि कुछ पानी खेतों तक पहुंच सके।

चार दिन पूर्व भी हेठटोली के छोटे गेट के पास किसानों ने अपने खर्चे पर श्रमदान कर नहर की मरम्मत की थी। किसानों ने बताया कि प्रशासन या सिंचाई विभाग की कोई पहल नहीं हो रही है, जिससे उन्हें मजबूर होकर खुद मरम्मत करनी पड़ रही है।

पूर्व मुखिया मुकेश उरांव, पंसस बिरसा उरांव, रामा उरांव, सोमरा उरांव, संदीप महली, देवसिंह लोहरा, अरुण गोप, भरत महली, चम्पा उरांव, मंगरा उरांव, देवनाथ महली, अमर गोप, वीरेंद्र उरांव, फ़गुवा उरांव, कार्तिक उरांव, गणेश उरांव, रंजीत महतो, रेयाज अख्तर और बबलू उरांव सहित कई किसान इस श्रमदान में शामिल रहे।

किसानों ने सामूहिक रूप से स्थानीय विधायक और सांसद से नहर की पूर्ण मरम्मती और पारस जलाशय के गेट की शीघ्र मरम्मत की मांग की है, ताकि आने वाले दिनों में फसलों को बचाया जा सके और किसान सिंचाई संकट से राहत पा सकें।

### आंध्र प्रदेश कुरनूल में पीएम मोदी बोले-

# 21वीं सदी 140 करोड़ हिंदुस्तानियों की होगी

**एजेंसी। कुरनूल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश के कुरनूल में विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मेरा जन्म दादा सोमनाथ की धरती गुजरात में हुआ। मुझे बाबा विश्वनाथ की धरती काशी में सेवा करने का अवसर मिला और आज श्री शैलम का आशीर्वाद मिल रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश गौरव और समृद्ध संस्कृति की भूमि है। यह विज्ञान और नवाचार का केंद्र भी है। इस राज्य में असीम संभावनाएं और अपार क्षमताएं हैं। आंध्र को सही दृष्टिकोण की आवश्यकता थी। चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के नेतृत्व में राज्य को अब वह दृष्टिकोण और केंद्र सरकार का समर्थन दोनों प्राप्त हैं।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को तेजी से प्राप्त करने के लिए देश भर में मल्टीमॉडल बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है। हमारा ध्यान गांवों से शहरों और शहरों से बंदरगाहों तक कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर है। पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि तकनीक के मामले में हमारा आंध्र प्रदेश और उसके युवा हमेशा आगे रहते हैं। डबल इंजन वाली सरकार के तहत हम इस क्षमता को और मजबूत कर रहे हैं। आज पूरी दुनिया भारत और आंध्र प्रदेश, दोनों की गति देख रही है। गूगल भारत का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हब यहीं हमारे आंध्र प्रदेश में स्थापित कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि हमारी सरकार का विजन है, नागरिक-केंद्रित विकास। हम लगातार नए रिफॉर्म के जरिए नागरिकों के जीवन को आसान बना रहे हैं। देश में 12 लाख रुपए तक की आय पूरी तरह टैक्स फ्री हो चुकी हैं। सस्ती दवाइयां, सस्ता इलाज, बुजुर्गों के लिए आयुष्मान जैसी अनगिनत सुविधाओं से इजी ऑफ लिविंग का नया अध्याय शुरू हुआ है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश की क्षमता को नजरअंदाज किया, जिससे न केवल राज्य को, बल्कि पूरे देश को नुकसान हुआ। वह राज्य जो भारत के विकास को गति दे सकता था, उसे अपने विकास के लिए संघर्ष करना पड़ा। अब, एनडीए सरकार के तहत, आंध्र प्रदेश की स्थिति बेहतर हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि निम्मलुरु में उन्नत नाइट विजन उत्पादों का कारखाना रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण को और मजबूत करेगा। इससे नाइट विजन उपकरणों में भारत की क्षमता बढ़ेगी और यहां निर्मित उत्पाद भारत के रक्षा निर्यात को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हम भारत में निर्मित उपकरणों की ताकत देख चुके हैं।

## 2047 तक 'विकसित भारत' बनकर रहेगा देश : पीएम मोदी

2047 में आजादी के जब 100 साल होंगे, तब 'विकसित भारत' होकर रहेगा। मैं विश्वास से कहता हूं कि 21वीं सदी हिंदुस्तान की होने वाली है।



21वीं सदी 140 करोड़ हिंदुस्तानियों की सदी होने वाली है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आंध्र प्रदेश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। डबल इंजन वाली सरकार की ताकत से राज्य अभूतपूर्व विकास का गवाह बन रहा है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आज सड़क, बिजली, रेलवे, राजमार्ग और व्यापार से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। इन पहलों से उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और लोगों का जीवन आसान होगा। इन परियोजनाओं से कुरनूल और आसपास के क्षेत्रों को बहुत लाभ होगा। मैं इन विकासों के लिए कुरनूल और पूरे राज्य के लोगों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि तेज विकास के बीच हमें अतीत की स्थिति को नहीं भूलना चाहिए। लगभग 11 साल पहले, जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब प्रति व्यक्ति बिजली की खपत औसतन 1000 यूनिट से भी कम थी। देश को अक्सर ब्लैकआउट जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता था, और हमारे कई गांवों में बिजली के खंभे तक नहीं थे। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया आज भारत को 21वीं सदी के नए मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के रूप में देख रही है। इस सफलता का सबसे बड़ा आधार है आत्मनिर्भर भारत का विजन। हमारा आंध्र प्रदेश आत्मनिर्भर भारत का प्रमुख केंद्र बन रहा है।

### नक्सलवाद पर सबसे बड़ी चोट

# छत्तीसगढ़ में 170 नक्सलियों ने डाले हथियार : अमित शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ पहाड़ी वन क्षेत्र और उत्तरी बस्तर को नक्सल मुक्त घोषित कर दिया। 170 माओवादियों ने आज आत्मसमर्पण कर दिया। वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में इसे एक ऐतिहासिक दिन बताते हुए शाह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में 170 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। कल राज्य में 27 ने हथियार डाल दिए थे। महाराष्ट्र में कल 61 नक्सली मुख्यधारा में लौट आए। कुल मिलाकर, पिछले दो दिनों में 258 युद्ध-प्रशिक्षित वामपंथी उग्रवादियों ने हिंसा का त्याग किया है।

यह हालिया आत्मसमर्पण छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 10 महिलाओं सहित 27 माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण करने के एक दिन बाद हुआ है। इस समूह में उग्रवादी नेटवर्क की सबसे खतरनाक इकाइयों में से एक, खूंखार पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन-01 के दो कट्टर कार्यकर्ता भी शामिल थे। आत्मसमर्पण करने वाले और मुख्यधारा में शामिल हुए माओवादियों का स्वागत करते हुए, शाह ने हिंसा का त्याग करने और भारत के संविधान में आस्था रखने के उनके निर्णय की सराहना की।



शाह ने कहा कि मैं हिंसा का त्याग करने और भारत के संविधान में आस्था रखने के उनके निर्णय की सराहना करता हूँ। यह इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा इस समस्या को समाप्त करने के अथक प्रयासों के कारण नक्सलवाद अब अपनी अंतिम साँसें ले रहा है। शाह ने आगे घोषणा की कि छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और उत्तरी बस्तर को आज नक्सली आतंक से मुक्त घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, "यह बेहद खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और उत्तरी बस्तर, जो कभी आतंकवादियों के गढ़ थे, आज नक्सली आतंक से मुक्त घोषित कर दिए गए हैं।"

उन्होंने कहा कि दक्षिण बस्तर में अब नक्सलवाद के केवल निशान ही बचे हैं और उन्होंने संकल्प लिया कि सुरक्षा बल जल्द ही इस समस्या का सफाया कर देंगे। उन्होंने कहा, "अब दक्षिण बस्तर में नक्सलवाद का एक अंश बचा है, जिसे हमारे सुरक्षा बल जल्द ही मिटा देंगे।" गृह मंत्री ने आँकड़े साझा करते हुए बताया कि जनवरी 2024 में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से अब तक कुल 2,100 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, 1,785 गिरफ्तार किए गए हैं और 477 का सफाया किया गया है। उन्होंने कहा कि ये परिणाम 31 मार्च, 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के सरकार के दृढ़ संकल्प को दर्शाते हैं।

### जैसलमेर बस हादसे में बड़ा एक्शन

## बस चालक और मालिक गिरफ्तार जांच के लिए एसआईटी गठित

**एजेंसी। जयपुर**

- टीम बस की तकनीकी खराबी, चालक की भूमिका, लापरवाही और सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जांच कर रही है
- अंतिम रिपोर्ट में फोरेंसिक और तकनीकी साक्ष्यों के साथ पीड़ितों के बयान भी जोड़े जाएंगे

राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर में हाल ही में हुई बस दुर्घटना के सिलसिले में गुरुवार को बस चालक शौकत और मालिक तुराब अली को गिरफ्तार कर लिया है। इस हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। दोनों को बुधवार रात पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया और पूछताछ के बाद पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की। जैसलमेर पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक शिवहरे ने बताया कि दो शिकायतें दर्ज की गई हैं। एक मृतक राजेंद्र सिंह चौहान के भाई चंदन सिंह द्वारा और दूसरी मृतक गोपीलाल दर्जी के भाई जगदीश द्वारा। शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मामले दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के सभी पहलुओं की गहन जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित की गई है। जैसलमेर के सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कैलाशदान जुगतावत के नेतृत्व वाली टीम में डिप्टी रूप सिंह इंदा, नाचना स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) बूटाराम, सदर एसएचओ सुरजाराम और सहायक उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार शामिल हैं। एसआईटी दुर्घटना के कारण, संभावित तकनीकी खराबी, चालक की भूमिका और किसी भी आपराधिक लापरवाही की जांच करेगी। जांचकर्ता आग लगने के समय बस की गति, स्थिति और सुरक्षा मानकों के अनुपालन का भी आकलन कर रहे हैं। एसपी शिवहरे ने कहा कि अंतिम रिपोर्ट तैयार होने में समय लगेगा, क्योंकि कई पहलुओं की जांच की जा रही है। चूंकि बस चित्तौड़गढ़ में बनी थी, इसलिए वहां से विवरण एकत्र किए जा रहे हैं। जांच में पीड़ितों के बयान, फोरेंसिक रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्य भी शामिल किए जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को त्रुटियां सुधारने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के बहुचर्चित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से उत्पन्न कानूनी मुद्दों पर सुनवाई के लिए 4 नवंबर की तारीख तय की। कार्यवाही के दौरान, चुनाव आयोग ने अदालत को सूचित किया कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत तैयार अंतिम मतदाता सूची में किसी भी मतदाता का नाम हटाए जाने के खिलाफ कोई अपील दायर नहीं की गई है। पीठ ने आगे कहा कि एक ज़िम्मेदार संवैधानिक प्राधिकारी होने के नाते, चुनाव आयोग से अपेक्षा की जाती है कि वह बिहार मतदाता सूची में मुद्रण संबंधी त्रुटियों और अन्य गलतियों की जाँच करे और उन्हें दूर करे। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि उसे उम्मीद है कि आगामी चुनावों से पहले, चुनाव आयोग मतदाता सूची की सटीकता और अखंडता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय करेगा। इससे पहले की सुनवाई में, अदालत ने चुनाव आयोग को एसआईआर प्रक्रिया के बाद अंतिम मतदाता सूची से बाहर किए गए 3.66 लाख मतदाताओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। चुनाव आयोग ने पीठ को बताया कि नए जोड़े गए ज़्यादातर नाम पहली बार मतदाता बने लोगों के हैं और जिनके नाम हटाए गए थे, उनमें से किसी ने भी अब तक कोई शिकायत या अपील दायर नहीं की है। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 30 सितंबर को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची से पता चला है कि एसआईआर प्रक्रिया के बाद बिहार में मतदाताओं की कुल संख्या लगभग 47 लाख घटकर 7.89 करोड़ से 7.42 करोड़ हो गई। हालाँकि, अंतिम आंकड़े 1 अगस्त को जारी मसौदा सूची से 17.87 लाख मतदाताओं की वृद्धि भी दर्शाते हैं।

## क्रिया योग आध्यात्मिक और मानसिक जागृति का विज्ञान है:- वेद प्रकाश शर्मा

**एजेंसी। आंध्रप्रदेश**

आंध्रप्रदेश की राजधानी अमरावती में चल रहे सेकंड ऑल इंडिया योगासन पुलिस गेम में योगासन भारत के जॉइंट सेक्रेटरी एवं योगासना पुलिस गेम के कंपटीशन डायरेक्टर श्री वेद प्रकाश शर्मा द्वारा योगासन जजेस को योग सत्र में योग का अभ्यास कराया ओर उन्होंने क्रिया योग के बारे में जानकारी दी, नेशनल योगासना जज योगाचार्य महेश पाल ने बताया कि श्री वेदप्रकाश शर्मा सर मध्य प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं और साथ में ही वे पिछले कई समय से मध्य प्रदेश व देश में योगासन खेल को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, योग सत्र में वेद प्रकाश शर्मा द्वारा क्रिया योग की जानकारी देते हुए बताया कि आज की भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवनशैली में क्रिया योग मानव जीवन में संतुलन और शांति लाने का एक प्रभावी माध्यम बन गया है। यह केवल एक योग विधि नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और मानसिक जागृति का विज्ञान है। क्रिया योग का अर्थ है क्रिया (कर्म) के माध्यम से आत्म-साक्षात्कार। श्री वेद प्रकाश शर्मा ने आगे बताया कि इसमें श्वास-प्रश्वास, ध्यान और प्राणायाम का संयोजन होता है, जो शरीर, मन और आत्मा – तीनों को संतुलित करता है। क्रिया योग महर्षि पतंजलि द्वारा रचित



योग सूत्र में वर्णन है जिसके अंतर्गत तप, स्वाध्याय, ईश्वर प्राणिधान को रखा गया है इसके नियमित अभ्यास से शरीर में ऊर्जा का प्रवाह सुधरता है, जिससे पाचन, रक्त संचार और श्वसन तंत्र मजबूत होते हैं। मानसिक स्तर पर यह योग मन को शांत, स्थिर और एकाग्र बनाता है। तनाव, चिंता और असंतुलन धीरे-धीरे दूर होने लगते हैं। भावनात्मक रूप से व्यक्ति अधिक करुणामय और संतुलित हो जाता है। आध्यात्मिक दृष्टि से क्रिया योग आत्मा की अनुभूति का मार्ग है। यह व्यक्ति को बाहरी आसक्तियों से मुक्त कर उसकी अंतर्निहित चेतना से जोड़ता है। वर्तमान समय में जब मनुष्य भौतिक उपलब्धियों के बावजूद आंतरिक शांति से दूर है, तब क्रिया योग ही वह साधना है जो जीवन को शांति, स्थिरता और आत्मिक आनंद प्रदान कर सकती है।

## आधार केंद्रों की अव्यवस्था पर अबू आजमी ने जताई नाराजगी

**एजेंसी। मुंबई**

समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष और विधायक अबू आजमी ने राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक पत्र लिखकर मुंबई के मानखुर्द-शिवाजीनगर क्षेत्र में आधार कार्ड से जुड़ी गंभीर समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही की मांग की है। अबू आजमी ने आरोप लगाए कि पिछले कई महीनों से क्षेत्र में नए आधार कार्ड बनना लगभग बंद हैं। आधार सेवा केंद्रों पर कर्मचारियों की भारी कमी है, वहीं कुछ निजी केंद्रों पर अवैध शुल्क वसूली और नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। इस वजह से क्षेत्र के आम नागरिकों, खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और गरीब वर्ग को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द इस मुद्दे पर ठोस कदम उठाए जाएं ताकि लोगों को आधार सेवाएं बिना किसी कठिनाई के और समय पर मिल सकें। अबू आजमी ने लिखा, "मैं, मानखुर्द-शिवाजीनगर संभाग का एक नागरिक, इस पत्र के माध्यम से हमारे संभाग में आधार कार्ड पंजीकरण और सुधार से संबंधित गंभीर समस्याओं की ओर आपका ध्यान आकर्षित कर रहा हूं। हम सरकार की ओर से 10 साल से अधिक उम्र वालों के लिए आधार कार्ड अनिवार्य करने के निर्णय का स्वागत करते हैं, लेकिन इस संबंध में लागू किए गए नए नियमों के कारण, मौजूदा व्यवस्था के कारण नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।"



उन्होंने आगे लिखा कि विभाग में कई प्रमुख समस्याएं हैं, जिन पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। अबू आजमी ने लिखा, "वर्तमान में 7 साल से अधिक आयु वालों के नए आधार कार्ड बनाने का काम बंद है, जिसके कारण कई नागरिक इस सुविधा से वंचित हैं। आधार केंद्रों पर कर्मचारी लापरवाही से काम कर रहे हैं, नागरिकों से दुर्व्यवहार और अवहेलना की जा रही है। निजी आधार केंद्रों में मनमाने और अवैध शुल्क वसूले जा रहे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कोई मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकता है जिसे सामने देखकर आपको यकीन नहीं होगा, मित्र से कुछ निजी समस्याओं पर बात करके आपको हल्का महसूस होगा। इस राशि के इंजीनियर के लिए दिन बढ़िया होने वाला है आपको अच्छा फायदा होने के योग हैं।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों का आज फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में आपकी तारीफ होगी और आपके काम करने की स्किल को सराहना मिलेगी। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्र तैयारी जारी रखेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा।

**कन्या :** आज आप अपने दिन की शुरुआत किसी गरीब की मदद करके करेंगे। आज आपके घर में कोई धार्मिक अनुष्ठान होने से घर में भक्ति भावना का माहौल बना रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज दूर होंगी। स्किन प्रॉब्लम से परेशान लोग आज अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों और निचले वर्ग के लोगों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको ख़ुशी होगी। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे। आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे।

**धनु :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे, पारिवारिक प्रेम बढ़ेगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगे तो जल्द ही पूरा हो जाएगा । कोई पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें । माता - पिता का आशीर्वाद लेकर घर से निकलेंगे।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी काम में आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है आप ज्यादातर समय व्यस्त रहेंगे। आज कार्य स्थल पर आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे मिलकर आपको अच्छा लगेगा। आज आपको माता जी कोई इच्छा पूरी करेंगे।

**कुंभ :** आज आपका दिन लकी रहेगा। कुछ मामलों में मेहनत ज्यादा रहेगी और नतीजा कम लाभ वाला मिलेगा। ऑफिस में कोई नया काम भी सामने आ सकता है। उस नए काम को बहुत अच्छी तरह करने का प्रयास करेंगे| आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। किसी खास मित्र से आज आपकी मुलाकात होगी।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं । आज आपको किसी काम करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज माता-पिता के आशीर्वाद से किये गये कार्यों में आपको सफलता मिलेगी परिवार को जोड़कर चलने से आपकी भूमिका बड़ी हो जाएगी।

## सीएम भूपेंद्र पटेल को छोड़कर सभी मंत्रियों का हुआ इस्तीफा

**एजेंसी। गुजरात**



गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को छोड़कर सभी मंत्रियों ने गुरुवार को संभावित मंत्रिमंडल विस्तार से एक दिन पहले इस्तीफा दे दिया। गुजरात मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री पटेल सहित 17 मंत्री शामिल थे। आठ कैबिनेट स्तर के मंत्री थे, जबकि इतने ही राज्य मंत्री (MoS) थे। 182 सदस्यीय गुजरात विधानसभा में 27 मंत्री या सदन की कुल संख्या का 15 प्रतिशत हो सकता है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गुजरात कैबिनेट का शुक्रवार को विस्तार होने वाला है। एक वरिष्ठ भाजपा नेता के हवाले से बताया कि आगामी कैबिनेट विस्तार में राज्य को लगभग 10 नए मंत्री मिलने की उम्मीद है। उन्होंने आगे बताया कि लगभग आधे मौजूदा मंत्रियों को बदला जा सकता है। रिपोर्टों से पता चलता है कि धर्मेंद्रसिंह, ऋषिकेश पटेल, मुकेश पटेल और भूपेंद्रसिंह चुडासमा जैसे मंत्रियों के अपने पद बरकरार रहने की संभावना है, जबकि कनुभाई देसाई (वित्त), राघवजी पटेल (कृषि), कुंवरजी बावलिया (जल आपूर्ति) और मुरुभाई बेरा (पर्यटन) जैसे अन्य मंत्रियों को हटाया जा सकता है। वर्तमान गुजरात मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री पटेल सहित 17 मंत्री हैं। आठ कैबिनेट स्तर के मंत्री हैं, जबकि इतने ही अन्य राज्य मंत्री (MoS) हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के समारोह में मौजूद रहने की उम्मीद है। सभी भाजपा विधायकों को भी गुरुवार तक गांधीनगर में उपस्थित रहने को कहा गया है।

## सीबीआई ने पंजाब पुलिस के डीआईजी को गिरफ्तार किया

**पंजाब।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बृहस्पतिवार को पंजाब के पुलिस उप महानिरीक्षक हरचरण सिंह भुल्लर को भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि भुल्लर को उनके मोहाली स्थित कार्यालय से गिरफ्तार किया गया। इस बारे में विस्तृत ब्यौरे की प्रतीक्षा है। सूत्रों ने बताया कि 2007 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी भुल्लर डीआईजी (रोपड़ रेंज) के पद पर कार्यरत हैं।रोपड़ रेंज में मोहाली, रूपनगर और फतेहगढ़ साहिब जिले शामिल हैं। भुल्लर इससे पहले डीआईजी (पटियाला रेंज) के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने सतर्कता ब्यूरो के संयुक्त निदेशक और जगराओं, मोहाली और संगरूर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में भी काम किया है।

## त्योहारों में शांति भंग करने वालों का होगा ठिकाना जेलः मुख्यमंत्री

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को चेतावनी दी कि जेल उस किसी भी व्यक्ति का इंतज़ार कर रही है जो त्योहारों के दौरान शांति भंग करने या परेशानी पैदा करने की हिम्मत करेगा। योगी आदित्यनाथ ने त्योहारी सीजन और दीपावली से पहले असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए समाजवादी पार्टी पर भी निशाना साधा। उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) की पिछली सरकार पर आरोप लगाया कि उसके नेता, मंत्री और मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी 'दंगाइयों और अपराधियों के आगे नतमस्तक' होते थे तथा उनके शासन में त्योहार ''दंगों और अराजकता की बलि'' चढ़ जाते थे।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस सब्सिडी वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले साढ़े आठ वर्षों से शांति बहाल की है और दीपावली से लेकर ईद एवं क्रिसमस, रामनवमी तक सभी त्योहार अब शांतिपूर्वक मनाये जा रहे हैं। क़ानून-व्यवस्था का ज़िक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''अगर कोई त्योहारों के दौरान शांति भंग करने या परेशानी पैदा करने की हिम्मत करता है, तो जेल बार उनका इंतज़ार करते हैं। हम कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे - कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे कौन हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन के तहत, ''जो लोग महिलाओं को धमकी देते हैं या शांति भंग करते हैं, उन्हें तुरंत परिणामों का सामना करना पड़ेगा।''मुख्यमंत्री ने मुलायम सिंह यादव परिवार की तरफ इशारा करते हुए कहा, ''2017 से पहले सरकार एक परिवार से आगे कुछ

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रिलायंस के सीएफओ को हिरासत में भेजा गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह के वरिष्ठ अधिकारी और रिलायंस पावर लिमिटेड के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) अशोक कुमार पाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की जा रही मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उद्योगपति अंबानी के करीबी सहयोगी पाल को एडीए समूह से जुड़ी फर्जी बैंक गारंटी मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। हिरासत में लिए जाने के तुरंत बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एडीए मामले में यस बैंक और एडीए समूह की कंपनियों पर वित्तीय घोटाले के आरोप हैं, जिसकी कमान पहले अनिल अंबानी के हाथ में थी। ईडी ने आरोप लगाया था कि अनिल अंबानी और उनके रिलायंस समूह की संस्थाएं 17,000 करोड़ रुपए के अधिक की लोन धोखाधड़ी मामले में शामिल थीं। ईडी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), एक प्राथमिकी के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत संभावित उल्लंघनों की जांच कर रहा है।

### आयोजित — चंदन की खेती विदेशी मुद्रा सृजन का कार्य कर सकती है

# चंदन विकास समिति की रिपोर्ट जारी

- चंदन की खेती के माध्यम से ग्रामीण रोजगार और विदेशी मुद्रा सृजन को बढ़ावा देना

**एजेंसी। नई दिल्ली**



नई दिल्ली में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में चंदन विकास समिति की रिपोर्ट जारी की गई। भारतीय प्लाइवुड एवं पैनल उद्योग महासंघ (एफआईपीपीआई) द्वारा रिपोर्ट जारी करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। भारत सरकार के पूर्व वित्त सचिव रतन पी. वाटल ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधियों के अलावा, ग्रीन प्लाई इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा एफआईपीपीआई के अध्यक्ष राजेश मित्तल भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।चंदन विकास समिति की अध्यक्षता भारत सरकार के पूर्व वित्त सचिव रतन प्रकाश वाटल ने की। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड जैसे सभी संबंधित मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधि इस समिति के सदस्य हैं। इस समिति में बेंगलुरु स्थित काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान और तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय के वन महाविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।चंदन की खेती ग्रामीण रोजगार सृजन और चंदन तथा इसके विभिन्न उप-उत्पादों के निर्यात के माध्यम से महत्वपूर्ण विदेशी मुद्रा सृजन के लिए एक मंच के रूप में कार्य कर सकती है।भारत वर्तमान और भविष्य में अपने समाज के लिए चंदन की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए आत्मनिर्भर बन सकता है। भारतीय चंदन के प्राचीन गौरव को पुनः प्राप्त करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा कई उपाय और सुधार किए जाने आवश्यक हैं। देश में चंदन के विकास से संबंधित समस्याओं की पहचान करने और सिफारिशें करने के लिए श्री वाटल ने इस अंतर-मंत्रालयी चंदन विकास समिति के गठन की पहल की।

समिति ने प्रमुख राज्य सरकारों के वन विभागों सहित विविध हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद अपनी रिपोर्ट में भारत में चंदन के विकास और इसके प्राचीन गौरव को पुनः प्राप्त करने के लिए कई उपायों की सिफारिश की।

# ट्रंप का बड़ा दावा: पीएम मोदी ने कहा भारत रोकेगा रूसी तेल की खरीद

## भारत सरकार की ओर से ट्रंप के बयान पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं

एजेंसी । नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे कहा है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। ट्रम्प ने इस कदम को मास्को को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने के प्रयासों में एक "बड़ा कदम" बताया। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से आश्वासन दिया है कि उनका देश रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा। बहरहाल, इस दावे की पुष्टि भारत सरकार ने नहीं की है। ट्रंप ने कहा, ''कोई तेल नहीं होगा। वे तेल नहीं खरीद रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि यह बदलाव तुरंत नहीं होगा, बल्कि ''थोड़े समय में'' होगा। वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास के कार्यालय ने इस संबंध में टिप्पणी करने के अनुरोध का अभी कोई जवाब नहीं दिया है। ट्रंप यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने में अपनी असमर्थता के कारण निराश हैं। इस युद्ध की शुरुआत लगभग चार साल पहले रूस के आक्रमण से हुई थी। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति असंतोष व्यक्त किया है, जिन्हें वह सुलह की राह में सबसे बड़ी बाधा बताते रहे हैं। ट्रंप का शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने का कार्यक्रम है। चीन के बाद भारत रूसी तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार है और ट्रंप ने इसके दंड के तौर पर अगस्त में भारत पर शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था।

## भारत महान देश, मेरे अच्छे मित्र उसका नेतृत्व कर रहे हैं



ट्रंप के इस बयान से पहले उन्होंने भारत की तारीफ की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लिए बिना उनकी प्रशंसा करते हुए कहा, ''भारत महान देश है, जिसका नेतृत्व मेरे बहुत अच्छे मित्र कर रहे हैं।'' ट्रंप ने गाजा में इजराइल-हमास के बीच करीब दो साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए युद्ध विराम पर बनी सहमति के बाद मिस्र के शर्म अल शेख शहर में विश्व नेताओं के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि ''भारत और पाकिस्तान एक साथ बहुत अच्छी तरह से रहेंगे''। ट्रंप ने अपने पीछे खड़े पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की ओर देखते हुए कहा, ''भारत महान देश है और मेरे बहुत अच्छे मित्र उसका नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने शानदार काम किया है। मुझे लगता है कि पाकिस्तान और भारत साथ मिलकर बहुत अच्छे से रहेंगे।'' इससे पहले शरीफ और पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की प्रशंसा करते हुए ट्रंप ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को सभा को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया। शरीफ ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के अथक प्रयासों के बाद पश्चिम एशिया में शांति स्थापित हुई है।

ट्रंप अब तक भारत और पाकिस्तान के बीच के विवाद समेत सात विवादों को सुलझाने का दावा करते रहे हैं। हालांकि, अब उन्होंने इजराइल-गाजा विवाद को जोड़कर यह संख्या आठ कर दी है।

## कपिल शर्मा के कनाडा कैफे पर तीसरा हमला

**नई दिल्ली ।** कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा के कनाडा के सरे स्थित रेस्टोरेंट, कप्स कैफ़े को गुरुवार को एक बार फिर गोलीबारी का निशाना बनाया गया। कैफ़े में गोलीबारी की यह तीसरी घटना है। गोलीबारी का एक वीडियो भी ऑनलाइन सामने आया है, जिसमें देर रात रेस्टोरेंट पर गोलियां चलती दिखाई दे रही हैं। घटना के कुछ देर बाद ही लॉरेंस बिश्नोई गैंग के बदमाशों ने गोलीबारी की ज़िम्मेदारी ले ली। गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों और कुलवीर सिद्धू उर्फ नेपाली ने सोशल मीडिया पर एक संदेश पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, " वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फ़तेह। हम, गोल्डी ढिल्लों और कुलवीर सिद्धू, आज सरे के कैप्स कैफ़े में हुई तीन राउंड गोलीबारी की ज़िम्मेदारी लेते हैं। हमारी जनता से कोई दुश्मनी नहीं है। जिन लोगों को हमसे दिक्कत है, वे दूर रहें। बॉलीवुड में गैरकानूनी काम करने वाले, दूसरों को पैसे के लिए ठगने वाले या धर्म के ख़िलाफ़ बोलने वाले लोग भी तैयार रहें - गोलियाँ कहीं से भी आ सकती हैं। जुलाई के बाद से यह तीसरी बार है जब कपिल शर्मा के रेस्टोरेंट को निशाना बनाकर गोलीबारी की गई है।



- लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

## आगामी 5-10 सालों में एआई दुनिया बदल देगी, खतरे भी बढ़ेंगे : एरिक शिमट

ब्यूरो



- 2023-2028 में 44% नौकरियां जाएंगी , महिलाएं ज्यादा प्रभावित होंगी, अगले 10 सालों में एआई पढ़ाई, हेल्थ केयर, बिजनेस व एनर्जी में क्रांति लाएगा
- 2030 तक एआई 15.7 ट्रिलियन डॉलर रेवेन्यू जनरेट करेगा यानी बंपर छंटनी के बाद बड़ी कंपनियां एआई के सहयोग से और मालामाल होंगीं

